समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 60,431.00 | 17,828.00 |

तापमान



अधिकतम 41 °c

न्यूनतम 24 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार




बीजेपी ने लखनऊ के 110 वार्ड के प्रत्याशी किए घोषित — पेज-02

योगी ने संभाली नगर निकाय चुनाव की कमान — पेज-03


वर्ष 10 | अंक 236 | लखनऊ, 17 अप्रैल सोमवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





## संक्षिप्त समाचार

### असम में पैसेंजर बस से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**दिसपुर।** असम पुलिस ने गोलपारा जिले में एक पैसेंजर बस से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस ने दो लोगों से 998 डेटोनेटर्स और 1,162 जिलेटन की छड़ें बरामद की हैं। जिले के एसपी वीवी राकेश रेड्डी ने बताया कि बस मेघालय से आ रही थी और मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### 5 मंजिला इमारत में आग, 4 भारतीयों समेत 16 की मौत

**दुबई।** दुबई के अल रस इलाके में एक 5 मंजिला इमारत में आग लग गई। इस दौरान 4 भारतीयों समेत 16 लोगों की मौत हो गई। 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। हादसा शनिवार शाम हुआ। मृतकों की पहचान आज हुई। पुलिस ने कहा मरने वालों में भारतीय सोशल वर्कर नसीर वतनपल्ली शामिल है। इसके अलावा केरल में रहने वाले एक दंपत्ति की भी मौत हुई है।

### देश में कोरोना केस घटे

**नई दिल्ली।** बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 10,093 नए केस दर्ज किए गए हैं, जबकि 23 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस बढ़कर 57,542 हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार को 10 हजार 753 और गुरुवार को 11 हजार 109 मामले सामने आए थे।

### सेंट्रल मैक्सिको के वॉटर पार्क में फायरिंग, 7 लोगों की मौत

**मैक्सिको सिटी।** सेंट्रल मैक्सिको के वॉटर पार्क में शनिवार देर रात फायरिंग हुई। एक 7 साल के बच्चे समेत 7 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि हमें घटनास्थल पर 3 महिलाओं, 3 पुरुषों और एक बच्चे का शव मिला।

### कर्नाटक में एक बार फिर सरकार बनाएगी भाजपा : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) फिर से सरकार बनाएगी जहां अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। दक्षिण गोवा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, शाह ने पहले गोवा और उत्तराखंड जैसे छोटे राज्यों में भाजपा की जीत पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को लेकर उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के लिए पूर्वोत्तर राज्यों में हुए चुनाव में प्रचार किया, जहां पार्टी का सफाया हो गया। शाह ने कहा, जब हमने गोवा और उत्तराखंड में चुनाव जीते तो कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वे छोटे राज्य हैं। लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि छोटे राज्य देश के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। उन्होंने कहा कि छोटे राज्यों के प्रति केंद्र की बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वे भारत के महत्वपूर्ण अंग हैं।

**अतीक-अशरफ हत्याकांड:** शूटरों ने हमले में जिगाना निर्मित पिस्टल का इस्तेमाल किया

# सीएम ने डीजीपी से रिपोर्ट मांगी

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़



अतीक अहमद और अशरफ की गोली मारकर हत्या। गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ की शनिवार रात उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। प्रयागराज के कसारी मसारी कब्रिस्तान में अतीक अहमद के बेटे असद अहमद का अंतिम संस्कार किए जाने के कुछ ही घंटे बाद यह वारदात हुआ है। हत्याकांड के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रयागराज में 17 पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है और धारा 144 लागू कर दी गई है।

सीएम ने डीजीपी उत्तर प्रदेश आरके विश्वकर्मा को सुबह की रिपोर्ट के साथ बुलाया था। शीर्ष पुलिस अधिकारी सीएम को राज्य के सभी जिलों की स्थिति से भी अवगत कराएंगे। पूरे मामले की सूचना मिलने के बाद डीजीपी डीजीपी सीएम आवास पहुंचे।

जिगाना निर्मित पिस्तौल का इस्तेमाल अतीक और अशरफ की हत्या में किया गया था, जिन्हें भारत में अवैध और प्रतिबंधित माना जाता है। इन पिस्टल की कीमत करीब 6 से 7 लाख रुपए है। लवलेश तिवारी करीब 6 महीने पहले जेल से छूटा था। हमीरपुर के रहने वाले सन्नी के बड़े गिरोह और गैंगस्टरों से संबंध हैं।

प्राथमिकी के अनुसार, जैसे ही अतीक अहमद और अशरफ ने मीडिया से बात करनी शुरू की एक शूटर ने उनका माइक और कैमरा गिरा दिया और अपनी पिस्तौल उठा ली और दोनों पर गोली चला दी। क्रॉस फायरिंग में एक सिपाही के हाथ में गोली लगी और एक साथी के क्रॉस फायरिंग में एक हमलावर को भी गोली लगी। इसके बाद शूटरों ने अपने लोडेड हथियार गिरा दिए। इस घटना को कवर कर रहे कुछ पत्रकारों को भी मामूली चोटें आई हैं।

पूछताछ के दौरान, तीनों ने खुलासा किया कि वे अतीक और अशरफ के गिरोह को खत्म करना चाहते थे और राज्य में अपना नाम बनाना चाहते थे ताकि भविष्य में उन्हें फायदा हो सके। वे पुलिस की कड़ी निगरानी का अंदाजा नहीं लगा पाए और वारदात को अंजाम देकर फरार नहीं हो सके।

वे उन्हें मारने के लिए सही मौके का इंतजार कर रहे थे और मीडियाकर्मियों के वेश में थे, लेकिन उन्हें आज तक सही समय नहीं मिला जब उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। लवलेश तिवारी की मां ने कहा- पता नहीं उसके नसीब में क्या लिखा था, अतीक अहमद हत्याकांड के आरोपियों में से एक की मां लवलेश तिवारी घटना की खबर पाकर भावुक हो गई और कहा कि उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अतीक और अशरफ हत्याकांड की जांच के लिए न्यायिक जांच आयोग गठित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गैंगस्टर से नेता बने पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई तथा पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ की प्रयागराज में सनसनीखेज हत्याओं की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरविन्द कुमार त्रिपाठी द्वितीय की अध्यक्षता में पूर्व पुलिस महानिदेशक सुबेश कुमार सिंह और सेवानिवृत्त जनपद न्यायाधीश बृजेश कुमार सोनी को बतौर सदस्य आयोग में शामिल करते हुए तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया गया है। आयोग को मामले की जांच के बाद दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी। राज्य के गृह विभाग ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 के तहत आयोग का गठन किया है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतीक अहमद और अशरफ की सनसनीखेज हत्या में उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये। इसके साथ ही यह भी कहा कि इसमें तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन कर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा था कि मुख्यमंत्री ने अहमद और अशरफ की हत्या की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग के गठन का निर्देश दिया है। शनिवार की रात अहमद और अशरफ की मोटर साइकिल से आये तीन हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाकर प्रयागराज के काल्विन अस्पताल के पास हत्या कर दी थी।

**यूपी में धारा-144 लागू:** देर रात सीएम ने की हाई लेवल मीटिंग, बोले-

# अफवाह फैलाई तो होगी सख्त कार्रवाई, सभी जिलों में अलर्ट

लखनऊ/प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज में शनिवार रात अतीक अहमद और उसके भाई अरशद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मेडिकल टेस्ट के लिए दोनों को अस्पताल लेकर जा रही थी। इसी दौरान मीडियाकर्मी बनकर आए तीन हमलावरों ने पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए दोनों को गोली मार दी। इस घटना के बाद प्रदेश में अलर्ट है। शासन ने एहतियातन पूरे प्रदेश में धारा-144 लगा दी है। प्रयागराज की सीमाएं सील कर दी गई हैं। आस-पास के जिलों से सुरक्षाबलों को प्रयागराज भेजा जा रहा है।

### प्रयागराज में हाई अलर्ट

प्रयागराज में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। घटनास्थल पर एसडब्ल्यूएटी (स्पेशल वीपंस एण्ड टैक्टिक्स) टीम पहुंच गई है। संवेदनशील इलाकों में आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) की तैनाती की जा रही है।

### वाराणसी में कंट्रोल रूम से रिपोर्ट मांगी जा रही

घटना के बाद वाराणसी पुलिस भी अलर्ट हो गई है। शहर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। घटना के बाद वाराणसी पुलिस भी अलर्ट हो गई है। शहर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। वाराणसी में पुलिस कमिश्नर ने संवेदनशील इलाकों में पुलिस फोर्स तैनात कर दी। चेतगंज, सिगरा, भेलूपुर, कैंट, आदमपुर, समेत प्रमुख थाना के विभिन्न 40 इलाकों में पुलिस बल के साथ अधिकारी गश्त कर रहे हैं। एसीपी के अलावा अन्य अधिकारी और कर्मचारी सड़कों पर उतरे हैं। कंट्रोल रूम ने थानों से हर घंटे अपडेट देने को कहा है।

### कर्नाटक में टिकट बंटवारे को लेकर बीजेपी में मच गया है घमासान

**बंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के कई विधानसभा क्षेत्रों में टिकट न मिलने से नाराज उम्मीदवारों की बगावत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व को सकते में डाल दिया है। मतदान में एक माह से भी कम समय बचा है और पार्टी को इस समस्या से निजात पाने में मशक्कत करनी पड़ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर और पूर्व उपमुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी का टिकट काट दिये जाने के बाद दोनों ने ही भाजपा को अलविदा कहने का निर्णय लिया है।

## अगले कुछ दिन झेलने पड़ सकते हैं लू के थपेड़े

● इन राज्यों में और सताएगी गर्मी, आईएमडी ने किया अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम की स्थिति को देखकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि आने वाले दिनों में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर पश्चिम भारत में तापमान में और वृद्धि होगी। पश्चिमी विक्षोभ के कारण आने वाले दिनों में तापमान में तेजी आएगी। पश्चिमी बंगाल समेत कई राज्यों में लू को लेकर आईएमडी ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके बाद कभी भी मौसम की खतरनाक स्थिति आपके सामने आ सकती है।

ऐसे में आप खुद को उस स्थिति से निपटने के लिए तैयार कर लें।

ओवैसी बोले- बंदूक के दम पर चल रही भाजपा सरकार

# अपराधियों के हौसले बुलंद : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

अपराधियों को कड़ी सजा मिले, मगर कानून से : प्रियंका







माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में 15 अप्रैल यानी शनिवार रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मेडिकल टेस्ट के लिए उन्हें अस्पताल लेकर जा रही थी। इसी दौरान मीडियाकर्मी बनकर तीन युवक आए और पुलिस का घेरा तोड़ते हुए दोनों भाइयों को गोली मार दी। अतीक और अशरफ की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना पर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पहला रिएक्शन दिया। अखिलेश ने ट्वीट कर लिखा, उप्र में अपराध की पराकाष्ठा हो गई है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जब पुलिस के सुरक्षा घेरे के बीच सरेआम गोलीबारी करके किसी की हत्या की जा सकती है, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या। इससे जनता के बीच भय का वातावरण बन रहा है, ऐसा लगता है, कुछ लोग जानबूझकर ऐसा वातावरण बना रहे हैं।

### सियासी मकसद से कानून से खिलवाड़ करना गलत : प्रियंका

प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर कहा, हमारे देश का कानून संविधान में लिखा गया है, यह कानून सर्वोपरि है। अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, मगर देश के कानून के तहत होनी चाहिए। किसी भी सियासी मकसद से कानून के राज और न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करना या उसका उल्लंघन करना हमारे लोकतंत्र के लिए सही नहीं है।卐 उन्होंने कहा, 卐जो भी ऐसा करता है या करने वालों को संरक्षण देता है, उसे भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उस पर भी सख्ती से कानून लागू होना चाहिए। देश में न्याय व्यवस्था और कानून के राज का इकबाल बुलंद हो, यही हम सबकी कोशिश होनी चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान ले तो बेहतर होगा : मायावती

मायावती ने ट्वीट कर लिखा, उमेश पाल हत्याकांड की तरह ही अतीक अहमद और अशरफ की प्रयागराज में पुलिस हिरासत में ही खुलेआम गोली मारकर हत्या हुई। यूपी सरकार की कानून-व्यवस्था और उसकी कार्यप्रणाली पर अनेकों गंभीर प्रश्न चिह्न खड़े करती है। देशभर में चर्चित इस अति-गंभीर और अति-चिंतनीय घटना का सुप्रीम कोर्ट अगर स्वयं ही संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे तो बेहतर होगा। वैसे भी उत्तर प्रदेश में कानून द्वारा कानून के राज के बजाय, अब इसका एनकाउंटर प्रदेश बन जाना कितना उचित? सोचने की बात।

### भाजपा सरकार बंदूक के दम पर चल रही है : ओवैसी

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, कल जो हत्या हुई हैं, उसकी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की है। अगर उनमें संवैधानिक नैतिकता जिंदा है, तो उनको अपने पद को छोड़ना पड़ेगा। हम मांग करते है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री इस्तीफा दें। मैं शुरू से कह रहा था कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार कानून के मुताबिक नहीं बल्कि बंदूक के दम पर चल रही है। उन्होंने कहा कि हम लोग इसी बात को दोहरा रहे थे, लेकिन सबको लगता था कि हम हवाई बातें कर रहे हैं। इससे लोगों में संविधान में विश्वास कम होगा। इस घटना की निंदा करने के लिए शब्द नहीं हैं। आप गोली मारकर धार्मिक नारा क्यों लगा रहे हैं? इनको आतंकवादी नहीं कहेंगे तो देश भक्त कहेंगे?

जहां मोदी पर बयान देकर सांसदी गंवाई, वहां पहुंचे राहुल : कहा- कर्नाटक में सरकार बनी तो...

# बेराजगारों को तीन हजार, महिलाओं को दो हजार भत्ता

● सरकार बनी तो पहली कैबिनेट मीटिंग में वादे पूरे करेंगे ● भाजपा सरकार ने 40 प्रतिशत कमीशन खाया ● विदेशों में अडाणी को कॉन्ट्रैक्ट दिलवाया



**कोलार (एजेंसी)।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव से 24 दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोलार में जनसभा को संबोधित किया। ये वही कोलार है, जहां राहुल ने मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था। 23 मार्च को इसी साल सूरत की कोर्ट ने उन्हें दो साल जेल की सजा सुनाई और एक दिन बाद उनकी सांसदी चली गई। राहुल ने अपने संबोधन में एक बार फिर अडाणी मामले का जिक्र किया। कर्नाटक में भाजपा सरकार के 40त्न कमिशन का मुद्दा उठाया। इसके अलावा उन्होंने राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर बेरोजगारा युवाओं को दो साल तक 1500 से 3000 रुपए, महिलाओं को 2000 रुपए भत्ता और राज्य के हर परिवार को 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया। राहुल गांधी ने कोलार की जनसभा में कहा- मैं कर्नाटक की जनता से सीधी बात करना चाहता हूं। कर्नाटक में हमारी सरकार बनी तो हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। 2000 रुपए हर महीने महिलाओं को और सबसे जरूरी युवा निधि 3000 हजार रुपए कर्नाटक के हर ग्रेजुएट को 2 साल तक दिए जाएंगे। इसके अलावा 1500 रुपए हर डिप्लोमा होल्डर को हमारी सरकार देगी। मेरा वादा है कि सरकार बनते ही पहली मीटिंग में इन वादों को पूरा किया जाएगा। राहुल गांधी ने कर्नाटक की भाजपा सरकार पर हर काम के लिए 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- भाजपा की सरकार ने कर्नाटक की जनता के पैसे चोरी किए। कांट्रैक्टर एशोसिएसन ने पीएम को चिट्ठी लिखी कि काम करवाने के लिए 40 प्रतिशत कमीशन लिया जा रहा है, लेकिन पीएम ने जवाब नहीं दिया। इसका मतलब उन्होंने मान लिया कि स्कैम हो रहा है। अस्टिसटेंट प्रोफेसर स्कैम का मुद्दा संसद में उठाया तो मेरा माइक बंद कर दिया गया।

### बीजेपी ने लखनऊ के 110 वार्ड के प्रत्याशी किए घोषित

आठ जिलों के 33 नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों की लिस्ट भी जारी

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** बीजेपी ने लखनऊ नगर निगम के सभी 110 वार्ड के प्रार्षद प्रत्याशियों की सूची जारी की है। नागेंद्र सिंह चौहान को हजरतगंज तो मुन्ना मिश्रा को त्रिवेदी नगर से टिकट दिया है। बीजेपी ने कई लोगों का टिकट कटा है, लेकिन कई पुराने पार्षदों पर फिर से भरोसा जताया है। पार्टी ने सुरेश तिवारी पम्मी, संतोष राय, रंजीत सिंह समेत कई लोगों पर फिर से टिकट दिया है। काफी समय से राजनीति में सक्रिय अनुराग मिश्रा पर भी भरोसा जताया है। इससे पहले वह नामित पार्षद थे। वहीं, बीजेपी ने 8 जिलों की 33 नगर पालिकाओं के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी है। 1995 से लगातार कांग्रेस से पार्षद रहे गिरीश मिश्रा और सपा के राजू गांधी ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया है। राजू गांधी ने साल 2022 विधान सभा चुनाव में कैंट विधान सभा से विधायकी भी लड़ा था।

एफआईआर में दावा- अतीक व अशरफ का मर्डर नाम कमाने के लिए : आरोपी बोले-

## कई दिनों से मीडियाकर्मी बनकर घूम रहे थे, मौका मिलते ही मार दिया



**प्रयागराज (समृद्धि न्यूज़)।** माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात प्रयागराज में हत्या कर दी गई। पुलिस दोनों को मेडिकल टेस्ट के लिए अस्पताल ले जा रही थी। पत्रकार साथ-साथ चलते हुए अतीक और अशरफ से सवाल कर रहे थे। इसी बीच तीन हमलावर पुलिस का सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए आए और अतीक के सिर में गोली मार दी, फिर अशरफ पर फायरिंग की।

दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर मीडियाकर्मी बनकर आए थे। इनके नाम लवलेश तिवारी, सनी और अरुण मौर्य हैं। हमले के तुरंत बाद ही तीनों ने सरेंडर कर दिया। लवलेश बांदा, अरुण कासगंज और सनी हमीरपुर का रहने वाला है। उनसे हथियार बरामद किए गए हैं। कॉन्स्टेबल मानसिंह को भी गोली लगी है। एफआईआर के मुताबिक, तीनों शूटर्स ने बताया कि वो अतीक-अशरफ को मारकर क्षेत्र में पॉपुलर होना चाहते थे। जब से कोर्ट ने अतीक-अशरफ को पुलिस कस्टडी दी थी, तब से ही वे प्रयागराज आ गए थे और मीडियाकर्मी बनकर दोनों को मारने की फिराक में थे। शनिवार को मौका मिलते ही उन्हें मार दिया।

शराब नीति केस | अरविंद केजरीवाल सीबीआई के सामने पेश

# जांच एजेंसी के ऑफिस से पहले राजघाट गए, कहा- जब गलत नहीं किया तो छिपाना क्या?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब नीति केस में पूछताछ के लिए रविवार सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर सीबीआई ऑफिस पहुंचे। इससे पहले उन्होंने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दिल्ली सरकार के कई मंत्री, पार्टी सांसद और पंजाब के सीएम भगवंत मान उन्हें सीबीआई ऑफिस तक छोड़ने गए। केजरीवाल ने रविवार सुबह वीडियो जारी कर कहा कि जब कुछ गलत नहीं किया, तो छिपाना क्या। उन्होंने कहा कि ये (भाजपा) बहुत ताकतवर लोग हैं, किसी को भी जेल भेज सकते हैं, चाहे किसी ने कोई जुर्म किया हो या ना किया हो। कल से भाजपा के सारे नेता कह रहे हैं कि केजरीवाल को गिरफ्तार करेंगे। शायद बीजेपी ने सीबीआई को गिरफ्तारी का आदेश भी दे दिया है। केजरीवाल की पेशी को देखते हुए सीबीआई ऑफिस के आसपास करीब 1000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। वहीं केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती भी की गई है। आप नेता राघव चड्ढा ने अरविंद केजरीवाल को भगवान कृष्ण और भाजपा को कंस कहा है। उन्होंने कहा कि कंस जानता था कि भगवान श्री कृष्ण उसे खत्म कर देंगे और इसलिए उसने श्री कृष्ण को नुकसान पहुंचाने के लिए कई साजिशें रचीं। इसी तरह भाजपा जानती है कि आम आदमी पार्टी उनके पतन का कारण बनेगी। वहीं, दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी मार्लेना ने कहा है कि पीएम मोदी अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से डर गए हैं। उधर, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप लगाए हैं।



### शनिवार को अरविंद केजरीवाल ने कहा था- फंसाने की साजिश

अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था- इन लोगों ने हमारी सरकार के दो मंत्रियों को गिरफ्तार कर लिया। उनका सोचना था कि नंबर दो (मनीष सिसोदिया) और तीन (सत्येंद्र जैन) को गिरफ्तार कर लो, ताकि वे मेरा गला पकड़ सकें। ये जबरन फंसाने की साजिश है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर मैं बेईमान हूं तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है।

### दिल्ली शराब नीति केस में आठ महीने से एक्टिव है सीबीआई

दिल्ली शराब नीति केस में अनियमितता को लेकर सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को केस दर्ज किया था। इस मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को पहले सीबीआई ने और फिर ईडी ने अरेस्ट किया था। वे अभी ईडी की कस्टडी में हैं। उनकी जमानत पर 18 अप्रैल को सुनवाई होगी।

### कानून मंत्री बोले- केजरीवाल कोर्ट के खिलाफ भी केस करेंगे

केजरीवाल के इस बयान पर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- आप यह बताना भूल गए कि अगर अदालत ने आपको दोषी ठहराया तो आप कोर्ट के खिलाफ भी केस फाइल करेंगे। देश की न्यायप्रणाली पर भरोसा रखिए और कानून को अपना काम करने दीजिए।

# पलक झपकते ही मौत की नींद सोए अतीक-अशरफ

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**बीजेपी नेताओं ने किए ट्वीट...कर्म और गीता का किया जिक्र**

माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की ताबड़तोड़ गोलिया बरसाकर हत्या कर दी गई है। इस वारदात के बाद पूरे यूपी में धारा 144 लागू कर दी गई है। वहीं इस हत्याकांड के बाद यूपी की सियासत भी तेज हो गई है, जहां एक तरफविपक्ष मौजूद सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर निशाना साध रहा है, वहीं बीजेपी के तमाम नेताओं ने ट्वीट किए हैं। जिसमें कर्मो और गीता का जिक्र किया गया है। कन्नौज से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि अतीक और अशरफ की हत्या जांच का विषय है। इन दोनों ने लंबे आपराधिक जीवन में न जाने कितने लोगों के साथ अत्याचार किए होंगे। कितनों की हत्या और अपहरण किए होंगे। कितनों को अपमानित किया होगा। अब ये जांच का विषय है कि ये हमला किसने किया है। जहां तक बात पुलिस अभिरक्षा के दौरान हमले की बात है तो उमेश पाल पर भी पुलिस अभिरक्षा के दौरान हमला किया गया था। आरोपी पकड़े गए हैं। अब सब जांच का विषय है। भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने भी अतीक और अशरफकी हत्या के बाद एक ट्वीट किया है. कैलाश विजयवर्गीय ने ट्वीट किया, ÷भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है, ÷जब राक्षसों का संहार होता है तब पृथ्वी का भार कम होता है.÷भाजपा नेता स्वतंत्र देव सिंह ने ट्वीट करके लिखा, ÷पाप-पुण्य का हिसाब इसी जन्म में होता है। भाजपा सांसद कौशल किशोर ने ट्वीट करते हुए लिखा, ÷जो जैसा करता है वैसा फल मिलता है. इसलिए हमेशा अच्छे कर्म करते रहें। इसी के साथ योगी सरकार में मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा है कि ये एक आसमानी फैसला है, जिसे सभी को स्वीकार कर लेना चाहिए. सुरेश खन्ना ने आगे कहा कि जब जुल्म की इंतहा होती है या अपराध की पराकाष्ठा होती है, तब कुछ फैसले आसमान से होते हैं। कानपुर में सांसद सत्यदेव पचौरी ने ट्वीट किया, कर्म प्रधान विश्व करी राखा, जो तस करहीं सो तस फल चाखा. जय श्री राम। अखिलेश ने लिखा कि उप्र में अपराध की पराकाष्ठा हो गयी है और अपराधियों के हौसले बुलंद है। जब पुलिस के सुरक्षा घेरे के बीच सरेआम गोलीबारी करके किसीकी हत्या की जा सकती है तो आम जनता की सुरक्षा का क्या। इससे जनता के बीच भय का वातावरण बन रहा है, ऐसा लगता है कुछ लोग जानबूझकर ऐसा वातावरण बना रहे हैं।

वहीं, मायावती ने लिखा कि गुजरात जेल से अतीक अहमद व बरेली जेल से लाए गए उनके भाई अशरफ की प्रयागराज में कल रात पुलिस हिरासत में ही खुलेआम गोली मारकर हुई हत्या, उमेश पाल जघन्य हत्याकाण्ड की तरह ही, यूपी सरकार की कानून-व्यवस्था व उसकी कार्यप्रणाली पर अनेकों गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है। साथ ही कहा कि देश भर में चर्चित इस अति-गंभीर व अति-चिन्तनीय घटना का माननीय सुप्रीम कोर्ट अगर स्वंय ही संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे तो बेहतर। वैसे भी उत्तर प्रदेश में ''कानून द्वारा कानून के राज'' के बजाय, अब इसका इण्काउण्टर प्रदेश बन जाना कितना उचित? सोचने की बात। प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि हमारे देश का कानून संविधान में लिखा गया है, यह कघनून सर्वोपरि है। अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, मगर देश के कानून के तहत होनी चाहिए। किसी भी सियासी मकघ्सद से कघनून के राज और न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करना या उसका उल्लंघन करना हमारे लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। साथ ही लिखा कि जो भी ऐसा करता है, या ऐसे करने वालों को सरंक्षण देता है, उसे भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उस पर भी सख्ती से कघनून लागू होना चाहिए। देश में न्याय व्यवस्था और कानून के राज का इकबाल बुलंद हो, यही हम सबकी कोशिश होनी चाहिए।

# बीजेपी ने लखनऊ के 110 वार्ड के प्रत्याशी किए घोषित

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**नागेंद्र सिंह को हजरतगंज तो मुन्ना मिश्रा को त्रिवेदी नगर से दिया टिकट**

बीजेपी ने लखनऊ नगर निगम के सभी 110 वार्ड के प्रार्षद प्रत्याशियों की सूची जारी की है। नागेंद्र सिंह चौहान को हजरतगंज तो मुन्ना मिश्रा को त्रिवेदी नगर से टिकट दिया है। बीजेपी ने कई लोगों का टिकट कटा है, लेकिन कई पुराने पार्षदों पर फिर से भरोसा जताया है। पार्टी ने सुरेश तिवारी पम्मी, संतोष राय, रंजीत सिंह समेत कई लोगों पर फिर से टिकट दिया है। काफी समय से राजनीति में सक्रिय अनुराग मिश्रा पर भी भरोसा जताया है। इससे पहले वह नामित पार्षद थे। वहीं, बीजेपी ने 8 जिलों की 33 नगर पालिकाओं के लिए नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी है। बीजेपी के नगर पालिका अध्यक्ष के प्रत्याशियों में देवबंद से विपिन कुमार बीजेपी प्रत्याशी बने नकुड़ से शिवकुमार गुप्ता बीजेपी प्रत्याशी बने,गंगोह कविता सैनी बीजेपी प्रत्याशी बनीं,सरसावा नगर पालिका वर्षा मोगा खटीक, मुजफ्फरनगर से मीनाक्षी स्वरूप प्रत्याशी खतौली से उमेश कुमार बीजेपी प्रत्याशी,शामली कांधला से नरेश सैनी प्रत्याशी,कैराना से सेठ पाल सिंह बीजेपी प्रत्याशी,शामली से अरविंद संगल बीजेपी प्रत्याशी स्योहारा से विनीत देवरा बीजेपी प्रत्याशी, चांदपुर से विकास गुप्ता बीजेपी प्रत्याशी,नूरपुर से एमपी सिंह बीजेपी प्रत्याशी,कीरतपुर से देवेंद्र सिंह बीजेपी प्रत्याशी नजीबाबाद से नकुल अग्रवाल प्रत्याशी,नहटौर से महावीर सैनी बीजेपी प्रत्याशी,शेरकोट से संसार सिंह बीजेपी प्रत्याशी,धामपुर से लीना सिंघल प्रत्याशी बनीं,नगीना से प्रह्लाद कुमार कुशवाहा,अफजलगढ़ से खतीजा बीजेपी प्रत्याशी,अमरोहा से शशि जैन बीजेपी प्रत्याशी,गजरौला से कमलेश आर्य बीजेपी प्रत्याशी, हसनपुर से राजपाल सैनी बीजेपी प्रत्याशी, बछरायूं से शुभम शर्मा बीजेपी प्रत्याशी,बिलारी से ज्योति सिंह बीजेपी प्रत्याशी, ठाकुरद्वारा पवन पुष्पद बीजेपी प्रत्याशी, टांडा से मेहनाज जहां बीजेपी प्रत्याशी,मिलक से दीक्षा गंगावार बीजेपी प्रत्याशी, बिलासपुर से चित्रक मित्तल बीजेपी प्रत्याशी, बहजोई से राजेश शंकर राजू बीजेपी प्रत्याशी, संभल से पारुल शर्मा बीजेपी प्रत्याशी,चंदौसी से प्रियंका शर्मा बीजेपी प्रत्याशी बनाये गये है।

## खबरें एक नजर में

### पत्रकारों की सुरक्षा के लिए गृह मंत्रालय तैयार करेगा एसओपी

लखनऊ। पत्रकारों की सुरक्षा के लिए गृह मंत्रालय एसओपी तैयार करेगा। यूपी के प्रयागराज में बीती रात गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उनके भाई अशरफकी पत्रकारों के भेष में आए तीन हमलावरों ने हत्या कर दी, जब वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। अतीक अहमद और अशरफहत्याकांड में यूपी सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी। अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड में यूपी सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। गृह मंत्रालय के प्रिंसिपल सेक्रेटरी संजय प्रसाद और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच हुई बैठक के बाद रिपोर्ट भेजी गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डीजीपी आरके विश्वकर्मा को सुबह की ताजा रिपोर्ट के साथ सीएम हाउस बुलाया। डीजीपी रिपोर्ट लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंचे।

### अतीक और अशरफ हत्याकांड, लॉ एंड ऑर्डर को चुनौती

**लखनऊ।** अतीक और अशरफकी हत्या पर राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल का बयान आया है। काउंसिल ने कहा कि जब दर्जनों कैमरे और पत्रकारों के सामने अपराधी बेखौफहोकर एक पूर्व सांसद और विधायक को आधा दर्जन गोलियां मारने के बाद नारेबाजी करते हैं तो क्या ये लॉ एंड ऑर्डर को चुनौती नहीं है? काउंसिल ने कहा है कि जब न्याय व्यवस्था के खिलाफएनकाउंटर कल्चर की वाहवाही होगी तो ऐसे अपराधियों को ही बढ़ावा मिलेगा। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि वह बड़े माफिया बनना चाहते थे।

### मसरूर एजुकेशनल सोसायटी द्वारा रोजा कुशाई का आयोजन

**लखनऊ।** मसरूर एजुकेशनल सोसायटी के तत्वावधान में सेंट रोज पब्लिक स्कूल गढ़ी पीर खां ठाकुरगंज में हर साल की तरह इस साल भी छोटे बच्चों की रोजा कुशाई का आयोजन किया गया। जिसमें हुनैन हसन खान, आलिमा, उम्में कुलसूम, मुहम्मद फरहान, अयान खान, मनतशा अंसारी, हाजरा परवीन, सानिया बानो और सुमैरा बानो ने पहली बार रोजा रखा, जो कक्षा तीन से छह तक के छात्र हैं। इफ्तार में रोजेदारों के साथ खासकर मिर्जा माजिद बेग गाजीपुरी, सोहेल मसरूर खान, शाहजबीन, बुशरा सोहेल, उस्मान दानिश एडवोकेट, शराफुद्दीन (जर्नलिस्ट न्यूज 24), सबीहा सुल्ताना, मुहम्मद साकिब के अलावा मुहम्मद आकिब मुहम्मद अदनान दानिश, और बच्चों के माता-पिता, शिक्षक और बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए। इफ्तार से पहले स्कूल की प्रिंसिपल नगमा परवीन की सरपरस्ती में आयोजित जलसा में डॉ. मंसूर हसन खान ने रोजेदार बच्चों का फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हें उपहार भेंट किए. अपने भाषण में उन्होंने कहा कि मैं हमेशा बच्चों के प्रोत्साहन को महत्व देता हूँ। हमारा प्रयास है कि उनमें धार्मिक रुजहान पैदा करना उन्हें अपनी संस्कृति से अवगत कराना हमारी कोशिश रहती हैं। और इस काम में हमारा स्टाफ और माता-पिता हमारा साथ देते हैं। अतिथियों का स्वागत नगमा सबा ने किया।

### एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम से मौलाना अबुल कलाम आजाद का नाम हटाने की आवाज कांग्रेस उठाये: शमीम खान

लखनऊ। नागरिक एकता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुहम्मद शमीम खान ने देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का नाम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के पाठ्यक्रम से हटाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इतिहास के पन्नों से इन्हें मिटाया जा सकता है, लेकिन हजारों-लाखों लोगों के दिलों में बसे मौलाना अबुल कलाम आजाद की यादों को कहां से मिटाएंगे। प्रतिष्ठित हस्तियों के इतिहास से छेड़छाड़ किया जा रहा है उन्होंने कहा कि भारत के निर्माण में मौलाना अबुल कलाम आजाद के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। मोहम्मद शमीम खान ने कांग्रेस पार्टी से एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम से मौलाना अबुल कलाम आजाद का नाम हटाने की आवाज देशयापी स्तर पर उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का अपना कोई इतिहास नहीं है उन्हें देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद से दिक्कत है.देश के बच्चों को शिक्षा के प्रति अलख जगाने वाले मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे महान व्यक्तित्व को इतिहास से हटा देना इन की गंदी मानसिकता है। जिन्होंने इस देश के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया, मुगल यहां आए, यहां रहे और यहीं दफन हो गए, फिर भी उनके इतिहास को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया। अंग्रेजों ने इस देश को गुलाम बनाया, नरसंहार किया, देश को लूटा, लेकिन इन अंग्रेजों का नाम इतिहास से नहीं हटेगा।

### नाटक 'ईमानदार पत्रकार' का मंचन देख दर्शकों ने बजाई तालियां

**लखनऊ।** लखनऊ के एसएनए स्थित वाल्मीकि रंगशाला में रविवार को नाटक 'ईमानदार पत्रकार' का मंचन हुआ। डॉ इन्द्र कुमार चौरसिया निर्देशित इस नाटक का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। इस दौरान चीफगेस्ट यूपी सरकार में विशेष सचिव आईएएस अरुण प्रकाश के अलावा आईएएस डॉ अरविंद कुमार चौरसिया, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो मांडवी सिंह मौजूद रहे। सभी मेहमानों को इन्द्र कुमार चौरसिया ने सम्मानित किया। जिसके बाद दीप प्रज्ज्वलन किया गया। नाटक ईमानदार पत्रकार की कहानी राम प्रकाश के इर्द गिर्द घूमती है। राम प्रकाश एक ईमानदार और सच्चा पत्रकार है। वो अपनी पत्नी माया और बेटी प्रिया के साथ हंसी खुशी अपनी जिंदगी गुजार रहा है। चूंकि वो ईमानदार है, इसलिए बिना किसी रिश्वत के वो खबरें प्रसारित करता है। साथ ही वो किसी भी दबंग व्यक्ति से डरता भी नहीं है। एक दिन उसकी पत्नी माया उससे कहती है कि जब कोई पैसा देता है तो ले लिया करे। मना करने से क्या फायदा। घर में कुछ आमदनी ही बढ़ेगी। लेकिन राम प्रकाश कहता है 'बुरे काम के पैसे नहीं लूंगा। चाहे भूखा मर जाऊं'। उसकी सच्ची पत्रकारिता से कुछ लोग घबराते भी हैं। इसी कारण एक दिन उसके ऊपर जानलेवा हमला हो जाता है। उसकी जान खतरे में पड़ जाती है। पत्नी और बेटी उसे झुक जाने की सलाह देते हैं। लेकिन राम प्रकाश दबाव में ना आकर अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए ईमानदारी से पत्रकारिता करना जारी रखता है।

## निकाय चुनाव के पहले चरण के लिए 10 महापौर और 439 पार्षद पद के लिए नामांकन

**लखनऊ।** प्रदेश में पहले चरण के लिए महापौर और पार्षद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इनमें महापौर पद के लिए 10 और पार्षद पद के लिए 439 नामांकन दाखिल किए गए है। आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 220 और सदस्य पद के लिए 4547 उम्मीदवारों नपे अपना नामांकन दाखिल किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 753 और सदस्य पद के लिए 6190 नामांकन जमा हुए। रविवार तक प्रयागराज, फिरोजाबाद, वाराणसी में नगर निगम महापौर के लिए दो-दो, गोरखपुर तीन और झॉसी में एक उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल किया। पार्षद पद के लिए अब तक सबसे ज्यादा 125 उम्मीदवार प्रयागराज में पर्चा दाखिल कर चुके है। पार्षद पदों पर रविवार तक गोरखपुर 110, फिरोजाबाद में 56, मुरादाबाद 36 और सहारनपुर में 27 नामांकन दाखिल हुए है।

# 'जैसे को तैसा' यदि हिन्दू करते तो अपना इतिहास आज कुछ और होता: विनायक राव

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**विश्व** हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने रविवार को कहा भारत का अतीत गौरवशाली रहा है। इतिहास में कई ऐसी घटनाएं हैं जिससे यह सिद्ध भी होता है। सिकंदर और सेल्युकस का पराभव हिन्दू वीरों के कारण हुआ था। उन्होंने कहा कि %जैसे को तैसा% यदि हिन्दू करते तो शायद अपना इतिहास आज कुछ और होता। भगवान कृष्ण को आराध्य मानने वाले हिन्दू समाज को उनकी शिक्षाओं से कुछ सीख भी लेनी चाहिए।

विनायक राव रविवार को विहिप अवध प्रांत के तीन दिवसीय मातृशक्ति अभ्यास वर्ग के एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा अपने देश के वीरों ने पराक्रम एवं संघर्ष किया है। मुगलों से संघर्ष में बहनों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। रानी लक्ष्मीबाई और रानी दुर्गावती जैसी पराक्रमी महिलाएं




हमारे इतिहास में हैं। उन्होंने कहा कि पूरा भारत मुस्लिमों और अंग्रेजों के कब्जे में कभी नहीं रहा। देशभर में निरंतर संघर्ष चलता रहा। अटक से कटक तक का साम्राज्य मराठों के पास था, लेकिन उसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत पर 13 बार अरबी मुस्लिमों ने आक्रमण किया। हर बार मुस्लिम हारे। सन् 712 में 14वीं बार मोहम्मद बिन कासिम का आक्रमण राजा दाहिर पर हुआ और हमारी पराजय हुई। इसके बाद 870 से 980 तक काबुल एवं जाबुल में हम लोग लड़ रहे थे। महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को तोड़ा। उसका भांजा सालार मसूद कई मंदिरों को तोड़ता हुआ अयोध्या जा रहा था। बहराइच में महाराजा सुहेलदेव ने सालार मसूद को मौत के घाट उतारा। मोहम्मद गोरी भारत आया उसको गुजरात की रानी ने हराया। विनायक राव ने कहा कि सिकंदर और सेल्युकस का पराभव हिन्दू वीरों के कारण हुआ। हार के बाद सेल्युकस ने अपनी पुत्री हेलेना की शादी चन्द्रगुप्त मौर्य से की थी। दक्षिण भारत में हरिहर बुक्का नामक दो वीरों ने विजय नगर नामक शक्तिशाली हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की थी। करीब साढ़े तीन सौ वर्षों तक विजय नगर साम्राज्य की तरफ किसी इस्लामी आक्रांता को सर उठाने की हिम्मत नहीं हुई। बाद में विजय नगर साम्राज्य हारा क्योंकि उसके दो मुस्लिम सेनापतियों ने धोखा दिया। समापन सत्र में विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत का भविष्य मातृशक्ति पर निर्भर है। बच्चों को संस्कारित करने का काम माताएं ही करती हैं। मातृशक्ति की जिम्मेदारी है कि वह लव जिहाद के बारे में समाज को जागरूक करें। विहिप के प्रांत मंत्री देवेन्द्र मिश्र ने बताया कि इस तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग में अवध प्रांत के सभी जिलों से बहनों ने सहभाग किया।

# चुनाव चिन्ह हैंडपंप को खोने से रालोद को पहचान खत्म होने का डर

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**उत्तर** प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल के लिए राज्य पार्टी का दर्जा गंवाना इतिहास को दोहराने जैसा है। 1999 में एक गैर-मान्यता प्राप्त, पंजीकृत पार्टी होने से लेकर 2009 में पांच लोकसभा सांसद, दो बार के केंद्रीय मंत्री (2001 और 2011), यूपी में 14 विधायक और छह मंत्री (2003-2007) और अब एक गैर-मान्यता प्राप्त की स्थिति में पंजीकृत पार्टी राष्ट्रीय लोकदल का राजनीतिक सफर पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में रालोद से राज्यध्क्षेत्रीय पार्टी का दर्जा वापस ले लिया है। दरअसल, विधानसभा चुनाव में कुल मतदान का आवश्यक 6 प्रतिशत मत प्राप्त करना होता है, जिसमें पार्टी विफल रही। चुनाव आयोग के इस फैसले से पार्टी को जोर का झटका लगा, खासकर ऐसे समय में जब पार्टी जयंत चौधरी के नेतृत्व में खुद को फिर से खड़ा करना चाहती है। पार्टी ने 2022 के यूपी चुनावों में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर आठ सीटों पर जीत हासिल की। 2020 में अजीत सिंह के निधन के बाद, उनके बेटे जयंत चौधरी ने पार्टी की बागडोर संभाली और रालोद के पुनरुत्थान का मतलब उनके राजनीतिक भविष्य के लिए बहुत कुछ था। राज्य की पार्टी का दर्जा खोने से रालोद की संभावनाओं पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इनके चुनाव चिन्ह हैंडपंप को खोने से इनकी पहचान खत्म हो सकती है। जयंत चौधरी पहले ही राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) से कह चुके हैं कि यूपी में होने जा रहे शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में सभी सीटों पर रालोद के चुनाव चिन्ह श्हैंडपंपश् को केवल रालोद उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किया जाए। रालोद प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि पार्टी ने औपचारिक रूप से राज्य चुनाव आयोग के समक्ष अपना मामला रखा था, जिसमें पार्टी प्रमुख जयंत चौधरी द्वारा वांछित कार्य करने का आग्रह किया गया था। उन्होंने कहा, किसी भी मामले में, एसईसी ने कोई समीक्षा नहीं की है, इसलिए हमें हैंडपंप चुनाव चिन्ह जारी रखने को मिलेगा। हमें उम्मीद है कि एसईसी पार्टी की स्थिति के संबंध में यथास्थिति बनाए रखेगी, खासकर जब चुनाव अधिसूचना पहले ही जारी की जा चुकी है। राज्य चुनाव आयोग के अधिकारी एस. के. सिंह ने कहा कि ईसी और एसईसी दो अलग-अलग निकाय हैं जिनके नियम अलग-अलग हैं और रालोद को राज्य स्तर की पार्टी के रूप में मान्यता देने का चुनाव आयोग का फैसला जरूरी नहीं कि निकाय चुनावों में उस पर लागू हो। रालोद के लिए अपने चुनाव चिन्ह को बनाए रखना अपने राज्य की पार्टी का दर्जा बरकरार रखने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। पार्टी के एक नेता ने कहा, हैंडपंप अब पार्टी का पर्याय बन गया है और चूंकि हम अनिवार्य रूप से एक किसान-आधारित पार्टी हैं, इसलिए हैंडपंप हमारे लिए मायने रखता है। एक पूर्व विधायक ने इस बात पर सहमति जताई कि नया चुनाव चिन्ह 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रही पार्टी के लिए नई चुनौतियां साबित होगा। उन्होंने कहा, इसका मतलब एक नए प्रतीक को लोकप्रिय बनाने का एक कठिन प्रयास होगा। हम अपील कर रहे हैं कि हमें हैंडपंप चिन्ह को जारी रखने को मिले, जिसकी हमारे मतदाताओं के बीच व्यापक स्वीकार्यता है।

### यूपी निकाय चुनाव: रालोद के प्रत्याशी तय,सूची जारी

**लखनऊ।** निकाय चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है। पार्टियां उम्मीदवारों के चयन में लगी हैं। राजनीति में सरगर्मियां बढ़ रही हैं। सपा और रालोद में भी बैठक हो रही है।कई सीटों के बंटवारे पर सहमति है, जबकि कई पर बातचीत अंतिम चरण में है। समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ने वाले राष्ट्रीय लोकदल ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की और इसकी सूची भी जारी की।गठबंधन के तहत राष्ट्रीय लोकदल द्वारा नगरीय निकाय चुनाव नगर निगम, पालिका और नगर पंचायत हेतु प्रत्याशी घोषित किए गये हैं। जारी लिस्ट के मुताबिक मथुरा के राया से वीरेंद्र सिंह,मथुरा के बलदेव से रामकिशन वर्मा, मथुरा के राधाकुंड से ब्रज किशोर, बागपत से रियाजुद्दीन, बागपत के खेकड़ा से रजनी धामा, मेरठ के मवाना से अय्यूब कालिया,गाजियाबाद के मोदीनगर से विनोद गौतम, गाजियाबाद के लोनी से रंजीता धामा, गाजियाबाद के पतला से रीता चौधरी,,सहारनपुर के गंगोह से शमा परवीन,सहारनपुर के अम्बेहटापीर से रेशमा,सहारनपुर के ननौता से नावेद अख्तर, शामली के जलालाबाद से अब्दुलगफ्फार शामली के गढ़ीपुख्ता से प्रमोद,शामली के कांधला से मिर्जा फैसल बेग, मुजफ्फरनगर के खतौली से शहनवाज लालू,मुजफ्फरनगर के पुरकाजी से बसारत खां, बिजनौर के हल्दौर से अमर सिंह पम्पी,बिजनौर के सहसपुर से शबाना जहीन को प्रत्याशी बनाया गया है।

## अपराधियों को सजा मिलनी चाहिये मगर कानून के तहत: प्रियंका

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

अतीक और अशरफकी हत्या पर प्रियंका गांधी की प्रतिक्रिया आई है।अतीक और अशरफकी हत्या के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अपने बयान में कहा, हमारे देश का कानून संविधान में लिखा गया है। कानून सर्वोपरि है। अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए मगर देश के कानून के तहत होनी चाहिए। किसी सियासी मकसद से कानून के राज और न्यायिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करना या उसका उल्लंघन करना हमारे लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। जो ऐसा करता है या ऐसे करने वालों को सरंक्षण देता है, उसे भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उस पर भी सख्ती से कानून लागू होना चाहिए। देश में न्याय व्यवस्था और कानून के राज का इकबाल बुलंद हो, यही हम सबकी कोशिश होनी चाहिए।

## पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों ने मनाया काला दिवस

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**उत्तर** प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन द्वारा ऑनलाइन बैठक कर काला दिवस मनाया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने बताया कि 16 अप्रैल 2017 को रविवार के दिन ऐशबाग सहित सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के हजारों पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों को बिना कोई मौका दिए अचानक उजाड़ दिया गया था जिसके विरोध में संगठन पिछले 5 वर्षो से आज के दिन को काला दिवस के रूप में मनाता चला आ रहा है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि 2018 में काला दिवस को काले गुब्बारे उड़ा कर मनाने के चलते उन्हें पुलिस द्वारा गिरिफ्तार किया गया था पर उन्होंने पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों को न्याय दिलाने हेतु संघर्ष का रास्ता कभी नहीं छोड़ा,इन्ही संघर्षो के बाद तत्कालीन पूर्व वन मंत्री दारा सिंह चौहान जी द्वारा काष्ठ आधारित उद्योगों के लिए लाइसेंस तो खोले गए परंतु पूर्व वन मंत्री द्वारा उक्त लाइसेंस पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों को ना दे कर नए एवम् अनुभवहीन लोगो को दे कर भ्रष्टाचार किया गया जिसके चलते आज भी वन विभाग की स्थापना वर्ष 1978 से पूर्व के पुश्तैनी टिम्बर व्यापारी संघर्ष करने को मजबुर है। श्री त्रिवेदी ने बताया कि उन्हे सरकार व मौजूदा वन मंत्री पर पूरा भरोसा है कि वह न्याय करेंगे,अभी हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट द्वारा आयोजित सेमिनार में उन्होंने वन मंत्री जी के सामने पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों को लाइसेंस दिए जाने का मुद्दा उठाया था जिस पर माननीय मंत्री जी ने जवाब देते हुए भरोसा दिलाया कि यदि आप इन्वेस्टर्स समिट में टिम्बर व्यापारियों का एमओयू साइन करवाएंगे तो सरकार उन सबको लाइसेंस देने का काम करेगी।

# अतीक-अशरफकी हत्या पर बोलीं मायावाती, राज्य का 'एनकाउंटर प्रदेश' बन जाना कितना उचित

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने प्रयागराज में माफिया व पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई पूर्व विधायक अशरफ की हत्या पर रविवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था पर अनेक गम्भीर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है तथा यह सोचने की बात है कि राज्य का 'एनकाउंटर प्रदेश' बन जाना कितना उचित है? उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मामले में देश की शीर्ष अदालत से उचित कार्रवाई की मांग की है। इस बीच समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव रामगोपाल वर्मा ने अतीक के शेष बेटों की भी हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की है। रविवार की सुबह बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट कर कहा, गुजरात जेल से अतीक अहमद व बरेली जेल से लाए गए उनके भाई अशरफ की प्रयागराज में कल रात पुलिस हिरासत में ही खुलेआम गोली मारकर हुई हत्या, उमेश पाल जघन्य हत्याकाण्ड की तरह ही, उत्तर प्रदेश सरकार की कानून-व्यवस्था व उसकी कार्यप्रणाली पर अनेक गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े करती है।÷ मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, ÷ देश भर में चर्चित इस अति-गंभीर व अति-चिन्तनीय घटना का माननीय उच्चतम न्यायालय अगर स्वयं ही संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे तो बेहतर। उन्होंने कहा, ÷ वैसे भी उत्तर प्रदेश में 'कानून द्वारा कानून के राज' के बजाय, अब इसका एनकाउंटर प्रदेश बन जाना कितना उचित? सोचने की बात। माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद (60) और उनके भाई अशरफकी शनिवार रात को कुछ



हमलावरों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी जब पुलिस दोनों को प्रयागराज में एक मेडिकल कॉलेज लेकर जा रही थी। वहीं, समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने भी ट्विटर पर कहा कि मुख्यमंत्री जी का फरमान था कि मिट्टी में मिला देंगे और फिर पुलिस अभिरक्षा में हत्या की आशंका के चलते सुरक्षा की मांग को लेकर शीर्ष अदालत में याचिका दायर की गई, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। उन्होंने दावा किया, ''फिर फर्जी मुठभेड़ और पुलिस के घेरे में सुनियोजित हत्याएं तो होनी ही हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अतीक के शेष बेटे भी मारे जाएं। अतीक के पांच बेटे हैं। झांसी में 13 अप्रैल को अहमद का बेटा असद और उसका एक साथी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए थे। असद का शव शनिवार सुबह प्रयागराज में कसारी मसारी कब्रिस्तान में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दफनाया गया था। गौरतलब है कि वर्ष 2005 में तत्कालीन विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह उमेश पाल की फरवरी माह में हुई हत्या के बाद विपक्ष के हंगामे और सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। अतीक अहमद और अशरफ को राजू पाल और उमेश पाल की हत्याओं में आरोपी बनाया गया था।

# योगी ने संभाली नगर निकाय चुनाव की कमान

## केंद्रीय मंत्री और बीजेपी का संगठन भी जुटा

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

लखनऊ,16 अप्रैल 2023 (यूएनएस)। नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी मेयर की सभी 17 और जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को अपने खाते में दर्ज कराने खातिर गोटें बिछा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद कमान संभाल ली है। भाजपा संगठन, केन्द्रीय मंत्रियों के अलावा पूरी सरकार निकाय चुनावों के परिणाम को पक्ष में करने की रणनीति पर काम कर रही है। अलीगढ़ और मेरठ को छोड़कर बाकी सभी मेयर बीजेपी से के हैं। शाहजहांपुर पहली दफा मेयर चुनने जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी निकाय चुनाव को 2024 में होने वाले लोकसभा के सेमीफाइनल के रूप में देख रही है। कहीं से कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है। जो रोडमैप तैयार है जिसके मुताबिक मुख्यमंत्री योगी की जनसभाएं एवं रोड शो मेयर की सीट वाले 17 शहरों में अनिवार्य रूप से होने वाले हैं। मेरठ और अलीगढ़ पर ज्यादा फोकस है, क्योंकि इन दोनों शहरों की सरकार की कमान बीजेपी के मेयर के पास नहीं है।यहां बसपा का मेयर है। जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं में भी मुख्यमंत्री की सभाएं करने का प्रस्ताव है। जहां कहीं सीएम नहीं पहुंच पाएंगे वहां की जिम्मेदारी दोनों डिप्टी सीएम के खाते में दर्ज की जानी है। उत्तर प्रदेश के केन्द्रीय मंत्रियों को अपने इलाके के शहरों की सरकार बनाने का टास्क दिया गया है। बीजेपी के अन्य मंत्रियों और बड़े नेताओं के कार्यक्रम लगाने की तैयारी है। टिकट फाइनल हैं। निकाय चुनाव दो चरणों में है।पहले चरण का वोट चार और दूसरे चरण का वोट 11 मई को पड़ने वाला है। 13 मई को मतगणना होगी और उसी दिन परिणाम आ जाएंगे।लखनऊ, गोरखपुर, गाजियाबाद, वाराणसी, सहारनपुर, फिरोजाबाद, आगरा, झांसी, प्रयागराज, अयोध्या, मथुरा, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद में मेयर बीजेपी के हैं। मेरठ और अलीगढ़ में बसपा के मेयर हैं। शाहजहांपुर अपना पहला मेयर चुनने जा रहा है। बीजेपी की कोशिश सभी मेयर अपनी झोली में रखने की है। नेतृत्व के अलावा पार्टी संगठन ने कार्यकर्ताओं को बूथ लेवल पर पहले से ही लगा रखा है। प्रयास यह है कि सभी



मतदाताओं तक पार्टी का कोई न कोई कार्यकर्ता या पदाधिकारी हर हाल में पहुंचे।पहले चरण के नामांकन 17 अप्रैल तक और दूसरे चरण के नामांकन 24 अप्रैल तक होंगे। जिन जिलों में पहले चरण का चुनाव होगा उनमें क्रमशः सहारनपुर मंडल- शामली, मुजफ्फरनगर, सहारनपुरट मुरादाबाद मंडल- बिजनौर,अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल आगरा मंडल- आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी,झांसी मंडल- झांसी, जालौन, ललितपुर,प्रयागराज मंडल- कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़,लखनऊ मंडल-उन्नाव, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर खीरी,देवीपाटन मंडल- गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती,वाराणसी मंडल- गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर गोरखपुर मंडल-गोरखपुर, देवरिया, महराजगजं, कुशीनगर हैं। वही दूसरे चरण में मेरठ मंडल-मेरठ, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बागबत, बुलंदशहर,बरेली मंडल-बदायूं, शाहजहांपुर, बरेली, पीलीभीत,अलीगढ़ मंडल- हाथरस, कासगंज, एटा, अलीगढ़ कानपुर मंडल- कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, औरैया, कानपुर देहात, चित्रकूट मंडल- हमीरपुर, चित्रकूट,महोबा, बांदा,अयोध्या मंडल- अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर, बाराबंकी, अमेठी,बस्ती मंडल-बस्ती, संतकबीरनगर ,सिद्धार्थनगर,आजमगढ़ मंडल-आजमगढ़,मऊ, बलिया,मिर्जापुर मंडल -सोनभद्र, भदोही, मिर्जापुर में वोट डाले जायेंगे।




हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में पं. गंगारत्न पांण्डेय की 106 वीं जयन्ती पर डॉ. दिनेश चन्द्र अवस्थी को पं. गंगारत्न पाण्डेय साहित्य सम्मान एवं पुष्पा अवस्थी को जगरानी पाण्डेय शताब्दी सम्मान से सम्मानित करती लविवि के भाषा विज्ञान की पूर्व अध्यक्षा डॉ. उषा सिन्ह व अन्य

## खबरें एक नजर में

### विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा को लखनऊ के व्यापारी तैयार

**लखनऊ।** विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों से लड़ने के लिए राजधानी के व्यापारियों ने कमर कसी तथा प्रतिस्पर्धा की तैयारियां की। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ओ एनडीसी ओपेन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स एवं आर ए आई रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ में आयोजित रिटेल ट्रेडर्स कॉन्क्लेव में रिटेल सेक्टर के व्यापारियों ने ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म से अपने व्यवसाय को कैसे जोड़े, इसकी जानकारी तथा एमएसएमई में शामिल होने के लाभ की जानकारी प्राप्त की। ओएनडीसी द्वारा ष्रिटेल एम एसएमई एम्पोवेर्मेंट प्रोग्राम की जानकारी दी गई। डीजी ट्रेनिंग एवं टेलीकम्युनिकेशन अनिल अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में रिटेल ट्रेडर्स कांक्लेव में मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ,आर ए आई के सीईओ कुमार राजा गोपालन, ओ एन डी सी के सीबीओ शिरीश जोशी, ओएनडी सी के सीईओ थम्पी कोशी ने ष्रिटेल ट्रेडर्स कॉन्क्लेव में व्यापारियों को संबोधित किया।व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का यह प्रयास है कि रिटेल व्यापारी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए मजबूत हो तथा अपने व्यापार को स्वयं से ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर लाएं उन्होंने कहा ई-कामर्स व्यापार करने की वर्तमान विधा है। व्यापारियों को अपनाना होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ,जी एस चड्ढा, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, नगर अध्यक्ष हरजिण्दर सिंह ,नगर उपाध्यक्ष डॉ साकेत चतुर्वेदी ,महिला इकाई की अध्यक्ष अनिला अग्रवाल, महामंत्री राजीव शुक्ला, आशीष गुप्ता, अमित अग्रवाल ,श्याम सुंदर अग्रवाल, विवेक श्रीवास्तवय अमित श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल थे।

### रेटिंग में पूरी तरह फिसड्डी प्रदेश की बिजली कंपनियां

लखनऊ। भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय पावर फाइनेंस कारपोरेशन द्वारा पूरे देश के सभी बिजली निगमों की जो रेटिंग जारी की गई है उसमें प्रदेश की बिजली कंपनियां पूरी तरीके से फिसड्डी साबित हुई है। प्रदेश की एक बिजली कंपनी पश्चिमांचल सी -ग्रेड तक पहुंच पाई है। अन्य 4 अन्य बिजली कंपनी के ग्रेड केस्को दक्षिणांचल पूर्वांचल व मध्यांचल सी माइनस -ग्रेड में स्थान बना पाई है जो बहुत ही चिंता का विषय हैं। उत्तर प्रदेश में निजी क्षेत्र की कंपनी नोएडा पावर कंपनी को ए प्लस ग्रेड मिला है। पावर फाइनेंस कारपोरेशन प्रत्येक वर्ष बिजली कंपनियों की रेटिंग जारी करता है जिसमें वित्तीय पैरामीटर के लिए अधिकतम 75 मार्क रखा जाता है। परफारमेंस के लिए 13 मार्क रखा जाता है।एक्सटर्नल एनवायरमेंट के लिए 12 मार्क रखा जाता है। कुल लगभग 100 नंबर की रेटिंग की जाती है। ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश की 51 सरकारी बिजली कम्पनियों की 11वीं वार्षिक रेटिंग जारी की गयी है। उसमें 100 नम्बर मानकर अलग-अलग ग्रेड दिया गया है। देश की जिस बिजली कम्पनी को 85 से 100 नम्बर मिलेंगे वह ''ए प्लस'' होगी, जिसे 65 से 85 नम्बर मिलेंगे वह ''ए'' ग्रेड में होगी, जिस कम्पनी को 50 से 65 नम्बर मिलेंगे वह ''बी श्रेणी में होगी। जिस कम्पनी को 35 से 50 नम्बर मिलेंगे वह ''बी'' माइनस श्रेणी में होगी। 15 से 35 नम्बर पाने वाली कम्पनियां ''सी में होंगी । सबसे फिसड्डी 0 से 15 नम्बर पाने वाली कम्पनी ''सी'' माइनस ग्रेड में होगी। उप्र की बिजली कम्पनियों का हाल चिन्ता जनक है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा सबसे बडा चिंता का मामला क्या है प्रदेश की बिजली कंपनियों की रेटिंग लगातार गिरती जा रही है जो सिद्ध करता है कि बिजली कंपनियों के पैरामीटर पूरी तरीके से खराब साबित हो रहे हैं।

## एलयू के आठ छात्रों का मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर चयन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के आठ छात्रों का चयन सुरजीत फाइनेंस कम्पनी में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ है। कम्पनी की ओर से 10 अप्रैल को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था। जिसका परिणाम रविवार को जारी किया गया। सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक डॉ मधुरिमा लाल ने बताया कि प्लेसमेंट पाने वाले छात्रों में स्नेहल राय, विशाल सिंह, सिद्धांत सिंह, मृत्युंजय सिंह, सुचिता तिवारी, प्रीति शुक्ला, विशाल रावत, अमरदीप कुमार शामिल हैं। मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर चयनित छात्रों को 2.30 से तीन लाख वार्षिक एवं ट्रेनिंग पूरी होने के बाद से चार से पांच लाख रुपए वार्षिक का पैकेज मिलेगा। ये छात्र चयनित हुए है।

## समानांतर विद्युत वितरण लाइसेंस से उपभोक्ता को घाटा, फायदे में निजी घराने: उपभोक्ता परिषद

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**अदानी** इलेक्ट्रिसिटी जेवर लिमिटेड अदानी ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा विद्युत नियामक आयोग में गाजियाबाद मुंसिपल कारपोरेशन व गौतम बुध नगर के लिए जो समानांतर विद्युत वितरण का लाइसेंस के लिए याचिका दाखिल की गई है।उसका उपभोक्ता परिषद हर स्तर पर विरोध करेगा। उपभोक्ता परिषद के अनुसार इससे प्रदेश की जनता का बडा नुकसान होना तय है। उपभोक्ता परिषद के अनुसार प्रदेश की जनता अपने मन से या भ्रम निकाल दें कि विद्युत वितरण का समानांतर लाइसेंस प्राप्त होने के बाद प्रतिस्पर्धा कायम होगी। बिजली दरें कम होगी। ऐसा बिल्कुल होता नहीं दिख रहा है। क्योंकि महाराष्ट्र राज्य जहां पर कई निजी घरानों को समानांतर बिजली वितरण का लाइसेंस प्राप्त है जिसमें टाटा पावर अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई व बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई लिमिटेड के पास लाइसेंस है। आज यदि उनकी घरेलू बिजली दरों की चर्चा करें तो सच सामने आ जाएगा। मुंबई में जल्द ही टैरिफ में अदानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड की जो घरेलू की दरें तय हुई है वह न्यूनतम 100 यूनिट तक रुपया 5.66 प्रति यूनिट व 500 यूनिट के ऊपर रुपया 10.76 प्रति यूनिट और टाटा पावर की जो दरें तय हुई है वह 100 यूनिट के लिए घरेलू उपभोक्ताओं पर रुपया 4.73 प्रति यूनिट व 500 यूनिट के ऊपर रुपया 11.63 प्रति यूनिट की है। इसी प्रकार बृहद इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कि जो घरेलू की दरें तय हुई है वह रुपया 100 यूनिट तक रुपया 3.69 प्रति यूनिट और 500 यूनिट के ऊपर रुपया 12.60 प्रति यूनिट दरे तय हुई है।

> उपभोक्ता परिषद अदानी ग्रुप के समानांतर विद्युत वितरण लाइसेंस के खिलाफ दाखिल करेगा याचिका

यानी कि देश में सबसे ज्यादा घरेलू की बिजली दरें ऐसे में समानांतर विद्युत वितरण लाइसेंस के बाद प्रदेश की जनता का हाल क्या होगा अब यहां सभी के सामने आ गया है। उपभोक्ता परिषद इस गंभीर मामले पर एक बार फिर सोमवार को विद्युत नियामक आयोग में एक याचिका दाखिल कर इसका कडा विरोध करेगा।उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि अब हम बात कर लेते हैं उत्तर प्रदेश मैं उत्पादन इकाइयों की की वर्तमान में राज्य सेक्टर केंद्रीय सेक्टर निजी घरानों की बिजली खरीद की दरें क्या है तो उत्तर प्रदेश में बिजली कंपनियां जहां उत्पादन निगम जो राज्य सेक्टर के बिजली घर है। वर्ष 2023- 24 के लिए औसत रुपया 4.52 प्रति यूनिट में बिजली खरीदेगा जैसा प्रस्तावित है। केंद्रीय सेक्टर एनटीपीसी से औसत रुपया 4.64 प्रति यूनिट में बिजली खरीदेगा । दूसरी तरफ देश के निजी घरानों से जिसमें राज्य में भी स्थापित निजी घराने शामिल है आईपीपी उनसे रुपया 5.51 प्रति यूनिट में बिजली खरीदेगा इस प्रकार वर्ष 2023- 24 में जो लगभग 72872 करोड की बिजली खरीदी जाएगी उसकी कुल औसत लागत रुपया 5.17 प्रति यूनिट बिजली दर प्रस्ताव में प्रस्तावित की गई है। यानी कि यहां भी निजी घरानों ने अधिक बिजली की दरों में रिकॉर्ड कायम कर रखा है। इस प्रकार उपभोक्ता परिषद ने सिद्ध कर दिया कि देश के निजी घराने केवल अपने लाभ के लिए काम करेंगे उनको प्रदेश की जनता से कोई लेना-देना नहीं है।उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा अब सबसे बडा सवाल यह है की अदानी ग्रुप द्वारा जिस क्षेत्र में समानांतर विद्युत वितरण का लाइसेंस मांगा गया है। उस क्षेत्र के एक भाग पर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम का कब्जा है। दूसरे भाग पर नोएडा पावर कंपनी का कब्जा है। शायद अदानी को या मालूम ही होगा कि नोएडा पावर कंपनी के क्षेत्र में पहले से ही पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम को नियामक आयोग द्वारा वर्ष 2009 में समानांतर वितरण लाइसेंस दिया जा चुका है। जो वर्तमान में विवादों में है।सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है।

## हिल्टन गार्डन इन में इस आईपीएल सीजन में अनलिमिटेड बारबेक्यू मेन्यू का मिल रहा है मौका

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**मौजूदा** समय में देश में लोगों के बीच आईपीएल के सीजन को लेकर अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी दौरान हिल्टन गार्डन में न केवल इन सभी आईपीएल मैचों की लाइव स्क्रीनिंग की जा रही है बल्कि इसके दौरान एक लाइव बारबेक्यू मेन्यू भी पेश किया जा रहा है।

गोमती नगर के विभूति खंड के प्रतिष्ठित होटलों में से एक हिल्टन गार्डेन इन ने बारबेक्यू प्रीमियर लीग की शुरुआत की है। ये अपने पूल के किनारे सभी क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक लाइव बार-बी-क्यू पेश कर रहा है। शाकाहारी और मांसाहारी बारबेक्यू मेन्यू के साथ, मेहमान अपने पसंदीदा मॉकटेल और अन्य पेय पदार्थों और पेय पदार्थों का भी आनंद ले सकते हैं। अनलिमिटेड खाने-पीने का ऑफर पूरे आईपीएल सीजन के दौरान खुला रहेगा। जोड़ों के लिए असीमित खाने और पीने




की चीजों का आनंद लेने के लिए शुल्क 3500 रुपये होगा। साथ ही अकेले व्यक्ति की पेय पदार्थों के लिए रकम 2000 रुपये होगी। वहीं जो लोग अपने मेन्यू में ड्रिंक्स शामिल नहीं करना चाहते हैं उनके लिए कपल एंट्री पर खाने पीने के लिए 2500 रुपये और अकेले व्यक्ति की एंट्री पर 1500 रुपये देने होंगे।

## 2008 में यूपीए सरकार के काम आया था अतीक

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

2008 में जब तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानि यूपीए सरकार और अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। तब गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद ने सरकार बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह दावा एक पुस्तक बाहुबलीज ऑफ इंडियन पॉलिटिक्स फ्रॉम बुलेट टू बैलट में किया गया है। विपक्ष तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया था और संप्रग सरकार एवं अमेरिका के साथ किया गया परमाणु समझौता दांव पर लग गया था।पुस्तक के अनुसार, तब अतीक सहित छह अपराधी सांसदों को 48 घंटे के भीतर विभिन्न जेलों से फर्लो पर छोड़ा गया था। छह सांसदों में समाजवादी पार्टी का अतीक अहमद तत्कालीन लोकसभा

> गिरने नही दी सरकार, डाला था मनमोहन सिंह के समर्थन में वोट

सदस्य था, जो तत्कालीन इलाहाबाद अब प्रयागराज के फूलपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा था। राजेश सिंह द्वारा लिखित और रूपा पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में उल्लेख किया गया है कि अतीक उन बाहुबलियों में से एक था, जिन्होंने संप्रग सरकार को गिरने से बचाया था। असैन्य परमाणु समझौता करने के सरकार के फैसले पर वाम दलों ने 2008 के मध्य में सरकार को दिया गया अपना बाहरी समर्थन वापस ले लिया था। श्री सिंह ने लिखा है, लोकसभा में संप्रग के 228 सदस्य थे और अविश्वास प्रस्ताव से उबरने के लिए सरकार को 44 वोट कम पड़ रहे थे। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने हालांकि, विश्वास व्यक्त किया था कि सरकार सत्ता में बनी रहेगी। यह जल्द ही स्पष्ट हो गया कि वह विश्वास मत कहां से आया था। उन्होंने लिखा है कि तब समाजवादी पार्टी, अजीत सिंह के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोकदल और एच डी देवेगौड़ा की जनता दल सेक्युलर ने संप्रग को अपना समर्थन दिया था। संप्रग को समर्थन देने वाले अन्य सांसदों में ये 'बाहुबली नेता' भी शामिल थे। पुस्तक में कहा गया है, विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से 48 घंटे पहले सरकार ने देश के कानून तोड़ने वालों में से छह को फर्लो पर जेल से बाहर निकाल दिया था ताकि वे अपने संवैधानिक दायित्वों को पूरा कर सकें। इन बाहुबली सांसदों पर कुल मिलाकर अपहरण, हत्या, जबरन वसूली, आगजनी सहित 100 से अधिक मामले दर्ज थे। पुस्तक के अनुसार, बाहुबली सांसदों में से एक उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी का सांसद अतीक अहमद था। उसने अपना वोट डाला था। संकटग्रस्त संप्रग के पक्ष में।उस समय तक अतीक अहमद खुद को अपराध और राजनीति दोनों क्षेत्रों में स्थापित कर चुका था। अतीक ने खुद की पहचान एक राजनेता, ठेकेदार, बिल्डर, प्रॉपर्टी डीलर और कृषक के रूप में बनाई, लेकिन उसके खिलाफ अपहरण, जबरन वसूली और हत्या सहित गंभीर आपराधिक आरोप थे। अतीक और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज के एक अस्पताल के बाहर शनिवार रात हत्या कर दी गई। दोनों को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल लाया गया था, जहां मीडियाकर्मी के वेश में तीन अपराधियों ने गोली मारकर दोनों की हत्या कर दी। इससे पहले 13 मार्च को अतीक का बेटा असद और उसका सहयोगी गुलाम एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया था।

## अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव में सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्मों को 10 लाख रुपये के नगद पुरस्कार से नवाजा गया

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**सी.एम.एस.** कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे नौ-दिवसीय '12वें अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफ.एफ.-2023)' के सातवें दिन आज देश-दुनिया की सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्मों को 10 लाख रुपये के नगद पुरस्कार से नवाजा गया। बाल फिल्मों को विभिन्न श्रेणियों में पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्मों का चयन एक अन्तर्राष्ट्रीय ज्यूरी द्वारा किया गया, जिनमें हंगरी की सुश्री इबोल्या फेकेते, ईरान के श्री हमीद सुलेमान्जादेह एवं भारत के श्री अभिजीत रणदिवे, सुश्री अन्नपूर्णानी सुब्रमणियम एवं सुश्री रजनी बासुमतारी शामिल रहे। इसके अलावा, सी.एम.एस. के तीन छात्र काशवी पाल, जिया सिंह एवं श्रेयांश शुक्ला भी इस ज्यूरी के बाल सदस्यों में शामिल रहे। इससे पहले, बाल फिल्मोत्सव के सातवें दिन का विधिवत् उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री मनीष चन्द्र पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अभिनेत्री सुश्री अनु अग्रवाल एवं अभिनेता जपतेज सिंह ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया एवं फिल्म देखने पधारे छात्रों को खूब उत्साहवर्धन किया। पुरस्कार वितरण समारोह में ईरान की बाल



फिल्म 'सिंगो' को 'बेस्ट फीचर फिक्शन फिल्म अवार्ड' से नवाजा गया। पुरस्कार स्वरूप इस बाल फिल्म को स्वर्ण ट्राफी, फिल्म के प्रोड्यूसर को 1,25,000 रूपये व प्रशसित पत्र एवं डायरेक्टर को भी 1,25,000 रूपये व प्रशसित पत्र से नवाजा गया। बेस्ट एनीमेशन फीचर फिल्म का पुरस्कार भी ईरान की बाल फिल्म 'डाल्फिन ब्वाय' के नाम रहा। इस फिल्म को भी स्वर्ण ट्राफी, प्रोड्यूसर को 1,25,000 रूपये व प्रशसित पत्र एवं डायरेक्टर को भी 1,25,000 रूपये व प्रशसित पत्र से नवाजा गया। बेस्ट शार्ट फिक्शन फिल्म का अवार्ड भारतीय बाल फिल्म 'ए स्टूडेन्ट' को दिया गया तथापि फिल्म के निर्माता व निर्देशक को क्रमशः 85,000 रूपये एवं 65,000 रूपये एवं सिल्वर ट्राफी व प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। बेस्ट शार्ट एनीमेशन फिल्म का अवार्ड ताईवान की बाल फिल्म 'डिस्टेन्स' को दिया गया तथापि फिल्म के निर्माता व निर्देशक को क्रमशः 85,000 रूपये एवं 65,000 रूपये एवं सिल्वर ट्राफी व प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। बेस्ट शार्ट डाक्यूमेन्ट्री फिल्म अवार्ड किर्गिस्तान की फिल्म 'लस्ट फॉर लाइफ' को दिया गया एवं निर्माता-निर्देशक को क्रमशः 40,000 रूपये व 60,000 रूपये की धनराशि से नवाजा गया। इसी कड़ी में शार्ट फिक्शन फिल्म 'ए स्केअरक्रो' को डा. जगदीश गाँधी व डा. भारती गाँधी स्पेशल ज्यूरी अवार्ड से नवाजा गया एव फिल्म के निर्माता-निर्देशक को क्रमशः 40,000 रूपये व 60,000 रूपये की धनराशि से नवाजा गया। पुरस्कार वितरण समारोह के अलावा दुनिया भर की शिक्षात्मक बाल फिल्मों के प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा, जिनमें ए प्लेस इन द क्लाउड, आत्म निर्भर भारत, द सुल्तान एण्ड द एक्ट ऑफ चीटिंग, द स्वीट टेस्ट ऑफ विक्ट्री, एस्टेरॉयड, डेलही डेज, द व्हेल एण्ड द डक, माई फादर इज एन एस्ट्रोनॉट, फोर गुड फ्रेण्ड्स, पाठशाला, माइ हॉरिबल सिस, कलरलेस ब्यूटी, एलिस इन बैकलैण्ड्स, सेकेण्ड मदर, सेंट एन्ड्रायड, एन इम्पटी नेस्ट, व्हाई माई रूम इज नेवल क्लीन, साउण्डलेस, बापू के साथ, द टारट्वाइज एण्ड द स्नेल, व्हेन द कैट्स लॉफ, अनस्पोकेन होप, काकून एण्ड बटरफ्लाई, कैट्स ऑफ द यूनिवर्स, क्राइंग प्लेनेट आदि अनेकों मनोरंजन से भरपूर उत्कृष्ट फिल्में प्रदर्शित की गई।

## शेखूपुरा कॉलोनी लखनऊ में कलश यात्रा के पश्चात शुरू हुआ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

प्रातः 10 बजे से कलश यात्रा के पश्चात भव्यता के साथ सात दिनों तक चलने वाला भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की शुरुआत हुई। कथा वाचक आचार्य उमेश्वरा नंद जी महराज ने अपने मधुर वचनों से कथा प्रारंभ किया । सेवा श्रद्धा और विश्वास के साथ ईश्वर में विश्वास करने और सत्कर्म करने की महत्वपूर्ण बातों को समझाया। कार्यक्रम में भारी संख्या में शेखुपुरा कॉलोनी के एवं आस - पास कॉलोनियों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंच कर चल रहें ज्ञान का लाभ उठाया। श्रीमद् भागवत कथा अगले एक सप्ताह तक चलेगी । इस कथा का आयोजन श्री पाल, श्री संतोष कुमार और श्री संदेश कुमार ने किया। कॉलोनी के अनेकों युवाओं ने श्रम योगदान करके कार्यक्रम को सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



आचार्य उमेश्वर नंद महराज ने लोगो से अपील किया की अधिक से अधिक संख्या में लोग आकर के इस महत्वपूर्ण ज्ञान का लाभ उठाए। इस कार्यक्रम को लाइव हिंदी संवाद न्यूज की ऑफिशियल वेबसाइट और यूट्यूब न्यूज चैनल पर भी देखा जा सकता है।

# 401 श्याम ध्वजा के साथ निकली निशान शोभायात्रा

गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़





रानी बाजार स्थित नर्वदेश्वर नाथ मंदिर मे एकादशी पर्व पर श्री बाबा खाटू श्याम की दो दिवसीय कार्यक्रम पर निशान शोभायात्रा निकाली गई जो रानी बाजार अग्रसेन चौराहा साहबगंज नूरामल मंदिर होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी पूज्य झूलेलाल चौराहा पर पहुंचकर वहीं से वापसी होते हुए ददुआ बाजार स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में भक्तों ने बाबा श्याम को निशान अर्पित किया और आशीर्वाद लिया । उसके बाद प्रसाद ग्रहण किया। निशान यात्रा में बलरामपुर तुलसीपुर, फैजाबाद, खरगूपुर, करनैलगंज, लखनऊ , जरवल रोड, नौगढ़,मनकापुर सहित कई जनपद के आसपास के श्याम प्रेमी शामिल हुए।निशान यात्रा में अमर किशोर कश्यप ,राजेश रायचंदानी, विशाल अग्रवाल ,डॉक्टर अनिल कुमार, दीपक अग्रवाल, नंदकिशोर,दीपक गुप्ता यात्रा में शामिल हुए। निशान यात्रा में बाबा खाटू श्याम की ज्योति का भक्तों ने दर्शन किया और बाबा का आर्शीवाद लिया। ज्योति पर श्याम मंदिर के महंत गोविंद जालुका मौजूद रहे। %% कोई देखे या ना देखे बाबा देख रहा है ...सांवरे बिन तुम्हारे यह जी ना लगे... सब झूमो नाचो वो आने वाला है, पगड़ी बांध रहा नीले चढ़ने वाला है... हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं ...गजब मेरे खाटू वाले गजब थारे थाट निराले, सेठों के सेठ बाबा श्याम है.. लेने आजा खाटू वाले रींगस के उस मोड़ पर.. आदि कई भजनों पर भक्तों ने खूब मस्ती की। निशान यात्रा के दौरान भक्तों ने श्याम बाबा की आरती उतारी और आशीर्वाद लिया एवं फूलों से स्वागत किया गया। जगह जगह पर श्याम प्रेमी फल और शरबत का प्रसाद वितरण किया। निशान यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहे थे। यह आयोजन श्री खाटू श्याम बाबा परिवार रानी बाजार द्वारा आयोजित किया गया । इस दौरान आयोजक अशोक गुप्ता, सचिन महेश्वरी, सुरेश भावसिंहका ,गोविंद जालूका ,विमलेश सिंघल,सोनू कसौधन, महंत शंभूनाथ मोदनवाल, अनिल कसौधन, विजय कुमार, सोनू गुप्ता ,रिंकू गुप्ता ,सीताराम गुप्ता, विश्वनाथ, मोहित,ध्रुव कमलापुरी, गायत्री महेश्वरी ,मालती गुप्ता, पिंकी कसौधन, महक कसौधन, काजल गुप्ता, माया गुप्ता सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे ।

# कानून के साथ कोई भी खिलवाड़ न करे : सीएम योगी





गोंडा, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को फील्ड में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में शांति व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। इसमें सभी प्रदेश वासी सहयोग भी कर रहे हैं। आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न आए इसका ध्यान रखें। सीएम योगी ने कहा कि कानून के साथ कोई भी खिलवाड़ न करें। सीएम योगी ने जनता से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिले में डीएम और एसपी ने सभी एसडीएम, सीओ को पैदल मार्च के निर्देश दिए हैं। सभी थानाध्यक्षों को शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सख्त निर्देश जारी करने के साथ ही पैनी नजर रखी जा रही है।

# डिंगडांग कंपनी संचालकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए तरबगंज थाने में दी गयी तहरीर

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



बेरोजगारों को धन कमाने की लालच देकर उन्हें डिंगडांग कंपनी में जोड़कर उनका शोषण करने वाले कंपनी संचालकों के विरुद्ध तरबगंज थाने में तमाम लोगों ने एक जुट होकर तहरीर दिया है, जिसमे जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई है। बताते चलें कि 1500 रुपये लगाकर लाइफ टाइम हर महीने 900 रुपये कमाने के साथ ही और लोगों को जोड़कर ढेर सारा रुपये कमाने की लालच देकर डिंगडांग कंपनी में लोगों को जोड़ा गया। अवगत हो कि तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम केसवपुर दुबौली निवासी अरुण कुमार द्विवेदी पुत्र कृष्णधर द्विवेदी और देवधर द्विवेदी ने कई लोगों के साथ मिलकर तरबगंज थाने में डिंगडांग कंपनी के संचालकों के विरुद्ध तहरीर देते हुए यह दर्शाया है कि थाना वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम करदा निवासी विनोद जायसवाल व तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम विजयपुर बैरिहा निवासी रामचंद्र मौर्य द्वारा स्वनिर्मित कंपनी डिंगडांग है। जिसे दोनों मिलकर संचालित करते थे। पीड़ित का आरोप है कि 06 माह पूर्व दोनों उनके पास पहुंच कर भारी लालच देते हुए कंपनी मे जुड़ने के लिए कहा था, इसके बाद हमारे साथ कई लोग कंपनी में जुड़ गए। पीड़ित का आरोप है कि शोषण होने पर जब रुपये मांगे गए तो उपरोक्त संचालक आमादा फौजदारी हो गए। जिसे लेकर पीडितगणों ने थाने में तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। कार्यवाही की मांग करने वालों में देवधर द्विवेदी, महेश शुक्ला, रामजन्म,रामबरन, अंकित मिश्रा, रूबी द्विवेदी, केतकी द्विवेदी, वासुदेव द्विवेदी, आशीष प्रताप सिंह ,लवी मिश्रा, मो समीम, सौरभ सिंह, राहुल मिश्रा, मनीष पांडेय, धर्मपाल, श्याम सुंदर गुप्ता, दुष्यंत पांडेय, सुरेश सिंह, दुर्गेश बहादुर आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी ने नगर पालिका लिस्ट की जारी

## गोंडा से लक्ष्मी राय चंदानी को बनाया प्रत्याशी

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



भारतीय जनता पार्टी ने अपनी निकाय चुनाव की लिस्ट जारी कर दी है। नगरपालिका गोंडा से श्रीमती लक्ष्मी रायचंदानी पत्नी राजेश रायचंदानी को पार्टी टिकट दिया गया है। साथ ही नवाबगंज नगर पालिका से जनार्दन सिंह पुत्र जयदेव सिंह,कर्नलगंज नगर पालिका से श्रीमती रामलली पत्नी रामजीलाल कों प्रत्याशी घोषित किए गए हैं।वहीं भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी किए गये लिस्ट से जहां एक तरफ खुशी का माहौल है तो वहीं कुछ प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं के चेहरे पर मायूसी दिखाई दें रही है।

# कोटेदार की दबंगई से कार्ड धारक परेशान

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

- कार्ड धारकों ने डीएम के नाम का शिकायती पत्र सोशल मीडिया पर किया वायरल

एक तरफ केंद्र कि मोदी सरकार व सूबे कि योगी सरकार गरीबों को मुफ्त का राशन पहुंचा रही है जिससे कोई भी परिवार भूखा न सोए लेकिन गोंडा जिले की एक ऐसी ग्राम पंचायत जहां कोटेदार और प्रधानी एक ही घर में होने से ग्राम पंचायत में जमकर लूट हो रही है जी हां हम बात कर रहे हैं जिले के मनकापुर तहसील क्षेत्र के विकासखंड मनकापुर की ग्राम पंचायत विद्यानगर की। ग्राम पंचायत की कुसुमा, मीना, सारिका, फूलराजी, संध्या, चंद्रावती, लक्ष्मी, निर्मला, शांति,व भानमती देवी ने कोटेदार राजकुमार सिंह पर राशन में कटौती करने का गंभीर आरोप लगाए। फूलराजी ने बताया हमारे हर यूनिट पर एक किलो कटौती करते है, निर्मला देवी ने आरोप लगाया है कि हमारा पांच यूनिट जिसमें एक यूनिट की कटौती करके चार यूनिट ही दे रहे हैं। शिकायत करने पर हमें डांट कर भगा दिया जाता है। तो वही लक्ष्मी देवी ने बताया कि

6 यूनिट की जगह पर हमें 5 यूनिट राशन दिया जा रहा है। जिसमें एक यूनिट की कटौती की जा रही है। जिसकी शांति देवी ने प्रधान से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, तो वही सारिका का 7 यूनिट है लेकिन 5 यूनिट ही राशन दिया जा रहा है। गुल्ले का कहना है जब हम इसकी शिकायत कोटेदार से राजकुमार सिंह से करते हैं तो वह कहते हैं कि हमें ऊपर से ही इतना कम राशन मिलता है और हमें सब को देखना रहता है और प्रति यूनिट पर 1-1 किलो की कटौती कर रहे हैं।

शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी के नाम से बने शिकायती पत्र को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है ।यहीं से आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जिस घर में कोटेदारी और प्रधानी दोनों सलामत हो तो उस ग्राम पंचायत में क्या कुछ नहीं हो सकता सरकार लाख दावे करें कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाना है,लेकिन यहां के कोटेदार भ्रष्टाचार में इस कदर डूबे हैं,कि शायद उभर पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।अब देखना यह है कि कोटेदार राजकुमार सिंह के खिलाफ जिले के संबंधित अधिकारी क्या कार्रवाई करते है।

## खबरें एक नजर में

### भारत स्काउट गाइड का लगा पांच द्विवशीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एवम गाइड्स, राज्य मुख्यालय, गोरखपुर के तत्वाधान में 5 दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन राज्य प्रशिक्षण केंद्र , कटरा, गोण्डा में किया गया। ये बातें स्काउट गाइड जिला सचिव प्रकाश ठाकुर ने बताते हुए कहा कि राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) रंजीत शर्मा एवम राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) अनुज रंजन ने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय गोरखपुर एवम तीनो मंडलो (लखमऊ, बनारस, इज्जतनगर) तथा बनारस लोकोमोटिव वर्क्स से लगभग 100 स्काउटर्स एवम गाइडर्स उपस्थित हो प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी ले रहें है। उक्त प्राथमिक चिकित्सा शिविर के मुख्य वक्ता डॉक्टर एस0के0 मिश्रा (उप मुख्य चिकत्साधिकारी) रेलवे चिकित्सालय, गोण्डा द्वारा आपात के समय धैर्य के साथ घायल मरीज को किस प्रकार से कृत्रिम स्वांस एवम प्राथमिक चिकित्सा दी जाये की जानकारी दी। वहीं पूर्व राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट)अशोक श्रीवास्तव (महर्षि) एवम अमरनाथ उपाध्याय, श्रीमती वंदना गुप्ता, संदीप कुमार मिश्रा और अजित श्रीवास्तव ने अपने अनुभव को साझा किया।

### पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर लगाई जान माल की सुरक्षा के लिए गुहार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** प्राप्त विवरण के अनुसार मामला थाना कौड़िया के अंतर्गत ग्राम छिरास का है जहां के निवासी रामेश्वर प्रसाद व राजेश कुमार शुक्ला पर कई गंभीर मामलों में मुकदमा दर्ज होने के साथ ही मुकदमा अपराध संख्या 136 / 2022 सरकार बनाम रामेश्वर आदि मे माननीय न्यायालय एफटीसी नवीन द्वारा उपरोक दर्ज मुकदमे में आरोपित अभियुक्तों मे दो अभियुक्तों के विरुद्ध वारंट जारी करते हुए पुलिस को सख्त लहजे में आदेश पारित किया था कि इन दोनों को शीघ्र धरपकड़ न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए जो हो न सका। पुलिस की पकड़ से दूर अभियुक्तों से जान माल की सुरक्षा हेतु रामशरण ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है।

# माफिया अतीक व अशरफ की हत्या के बाद हाई अलर्ट पर प्रशासन



- संवेदनशील इलाकों में पुलिस कर रही गश्त, एसपी बोले- अफवाह पर न दें ध्यान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

प्रयागराज में शनिवार रात पुलिस सुरक्षा घेरे में माफिया अतीक अहमद व अशरफ की हत्या के बाद पूरे जिले में हाई अलर्ट है। डीएम डा. दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने शनिवार देर रात शहर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिले के नेपाल सरहद सहित सभी थानों के इलाकों में पुलिस ने अलर्ट मूड में गश्त की जा रही है। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने अपनी सर्किलो के विभिन्न इलाको में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीएम योगी आदित्यनाथ की ओर से पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किए जाने पर शनिवार रात 12 बजे से पुलिस की गश्त मे अचानक तेजी आ गई। डीएम डॉ दिनेश चंद्र व पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने को शहर भ्रमण पर निकले। उन्होंने सिविल लाइन पानी टंकी चौराहा, गुरू नानक चौक, चित्रगुप्त चौक, अग्रसेन चौक , छावनी चौराहा, दरगाह, छावनी चौराहा, घंटा घर चौक पुलिस चौकी पहुंच कर कैम्प किया। जिले के सभी थानों के इलाकों में रात की गश्त काफी तेज कर दी है। सभी सर्किलो के सीओ, एसएचओ लगातार इलाके मे भ्रमण कर रहे है। संदिग्धों की तलाशी ली जा रही है।

### डीएम ने जारी किया रिकॉर्डिंग



जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने रविवार को जिले वासियों के नाम वाइस रिकॉर्डिंग जारी की। जिसमें सभी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित करने और गांवों में शांति बनाए रखने की अपील की।

### हर विशेष परिस्थिति के लिए पुलिस अलर्ट : एसपी



एसपी ने खुद कमान संभाल रखी है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। कहा कि किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान न दें। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।शनिवार रात से जिला प्रशासन व पुलिस अलर्ट मोड पर रहा। शहर के कुछ संवेदनशील इलाकों और कस्बे में अधिक सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस व पीएसी का जवानों को अधिक संख्या में सड़कों पर उतारा गया है। रविवार सुबह भी सड़कों पर पुलिस मुस्तैदी से ड्यूटी निभा रही हैं।पुलिस जगह-जगह चेकिंग कर रही है। एसपी प्रशान्त वर्मा ने रविवार सुबह बताया कि त्योहारों को लेकर पहले से सतर्कता बरती जा रही है। प्रयागराज में हुई ताजा घटना के बाद थोड़ी और सावधानी बरती जा रही है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने कहा कि हर विशेष परिस्थिति के लिए पुलिस अलर्ट है। सभी थानों को विशेष रूप से सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

# बहराइच नगर सीट से सुधा, नानपारा से ओम प्रकाश होंगे भाजपा प्रत्याशी

- निकाय चुनाव की भाजपा ने जारी की लिस्ट
- भाजपा जिलाध्यक्ष की हैं पत्नी
- नगर पंचायत की भी जारी हुई लिस्ट

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



लंबे समय से हो रहे इंतजार व कयासों का दौर रविवार को खत्म हो गया। भाजपा ने बहराइच के नगर सीट से भाजपा जिलाध्यक्ष की पत्नी सुधा टेकड़ीवाल को उम्मीदवार बनाया है। टिकट की घोषणा होने के बाद बधाई का सिलसिला शुरू हो गया। वही अन्य उम्मीदवार के चेहरे पर मायूसी छा गई।नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए भाजपा में काफी गहमागहमी चल रही थी। भाजपा कार्यकर्ता से लेकर समाजसेवी टिकट की दावेदारी कर रहे थे।

भाजपा में ही लगभग 6 महिला कार्यकत्रियों से अधिक इस बार चुनाव लड़ने के लिए तैयार थीं। जैसे ही भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने भी अपनी पत्नी के लिए टिकट की मांग की। वैसे ही पार्टी में एक मायूसी का दौर शुरू हो गया था, लेकिन टिकट न फाइनल होने तक सबको अपने टिकट मिलने की उम्मीद लगी रही।रविवार की दोपहर में भाजपा ने सूची जारी किया और बहराइच से सुधा टेकड़ीवाल को अपना उम्मीदवार बनाया।

सूची जारी होते ही लोगो ने बधाई देने का सिलसिला शुरू कर दिया। नानपारा सीट से ओम प्रकाश शर्मा को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।भाजपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के चेहरे अपने प्रत्याशियों की नाम की घोषणा से हर्षित दिख रहे हैं ।

जिले के नगर पंचायत के 6 सीटों के क्रम में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ उमाशंकर वैश्य को रूपईडीहा से, कैसरगंज से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह की पुत्री विजय पुष्पम, जरवल से कोमल गुप्ता, पयागपुर से सीमा सिंह को, रिसिया बाजार से गायत्री देवी, मिहींपुरवा से जीतेंद्र कुमार मद्धेशिया को प्रत्याशी बनाया गया है।

### बाबा सिद्धनाथ के आशीर्वाद से आज होगा नामांकन

जिलाध्यक्ष श्यामकरण टेकडीवाल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा किया है मैं शहर के जनमानस संभ्रांत नागरिकों मतदाताओं और अपने संगठनात्मक टीम के आशीर्वाद से सभी के बीच जाकर पार्टी के मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास के आधार पर सहयोग और जीत के लिए आग्रह करूंगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रत्याशी का नामांकन सोमवार को 11:30 सिद्धनाथ मंदिर के प्रांगण में पूजा अर्चना के साथ नामांकन कराया जाएगा।

# सड़क हादसा में बच्चे की मौत, शिक्षिका घायल

बहराइच समृद्धि न्यूज।

फखरपुर थाने के तिंगाई गांव में शुक्रवार रात नौ बजे गन्ना लादने जा रही ट्रैक्टर ट्राली ने सात वर्षीय करन पुत्र सोनू को टक्कर मार दी। जिसके चलते करन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा होते ही चालक वाहन सहित फरार हो गया। हादसे की जानकरी पुलिस को दी गई।

प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर शनिवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है। उधर कोतवाली देहात के टिकोरा मोड़ के पास स्कूटी में चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार शिक्षिका बाराबंकी जनपद के पम्मी देवी (32) पत्नी राम सुधार और फतेहपुर थाना क्षेत्र निवासी रोहित कुमार पुत्र जय प्रकाश घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया। यहां शिक्षिका की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। मेडिकल कालेज के ईएमओ डॉक्टर अंकित त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षिका के एक पैर पूरी तरह से खराब हो गया है।



### डीएम व एसपी ने नगर क्षेत्र का किया पैदल भ्रमण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** आसन्न ईद त्यौहार के दृष्टिगत नगर साफ-सफाई तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने चिलचिलाती दोपहरी में नगर क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया। नगर भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने जहां एक ओर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच बाल मुकुन्द मिश्रा व अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये वहीं दूसरी ओर पीपल तिराहा से घण्टाघर चौक के बीच रविवार बाज़ार का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायज़ा लिया। बाज़ार के निरीक्षण के दौरान डीएम रेढ़ी वालों से बेचे जा रहे कपड़ों व फल-फ्रूट के मूल्य के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा खरीदारी की गरज़ से बाज़ार में विचरण कर रहे गरीब बच्चों को डीएम ने आर्थिक मदद के तौर पर नकद राशि भी प्रदान की।

# 14 आरबीट्रेशन मामलों का हुआ निस्तारण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आरबीटेशन मामलों के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत के माध्यम से कुल 14 आरबीटेशन मामलों का सुलह-समझौता के आधार पर निस्तारण किया गया।

सचिव मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि विशेष लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश, बहराइच उत्कर्ष चतुर्वेदी द्वारा 05, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम प्रकाश पाण्डेय द्वारा 04, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) राकेश कुमार 01, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्र प्रकाश व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, बहराइच वरूण मोहित निगम 02-02 मामलों का निस्तारण किया गया। इससे पूर्व जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर विशेष लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। जनपद न्यायाधीश तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच द्वारा इस विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु न्यायिक अधिकारियों, न्यायालय के कर्मचारियों एवं वादकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

# हुजूरपुर में शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित

बहराइच समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हुजूरपुर खंड में शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रचारक दीनानाथ ने कहा कि संघ की शाखा व्यक्तित्व निर्माण की कार्यशाला है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना काल से ही सामाजिक समरसता का सम्पोषक रहा है संघ की शाखा में खेल खेल में सामाजिक समरसता की भावना आती है। उन्होंने कहा कि शाखा के माध्यम से व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है और व्यक्ति मानसिक, शारीरिक रूप से मजबूत बनता है। संघ की शाखा में होने वाले खेल व्यक्ति के मन में सामाजिक समरसता का भाव जागृत करते हैं। संघ की शाखा में आने वाले व्यक्ति के अंदर राष्ट्र प्रेम की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि संघ संस्थापक पूज्य डॉक्टर जी ने कहा था कि जिस समय शहरों में तीन प्रतिशत और गांव में एक प्रतिशत संघ के स्वयंसेवक हो जाएंगे उस दिन भारत परम वैभव के शिखर को छुएगा, आज देश के अंदर ऐसा होता हुआ दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम का संचालन खंड कार्यवाह विवेक सिंह ने किया। कार्यक्रम में खंड संघचालक वासुदेव,सह संघचालक राम तीरथ, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, सेवा प्रमुख विनोद, सह जिला व्यवस्था प्रमुख ओम प्रकाश, खंड विस्तारक मोहन मुरारी, योगेंद्र सिंह गांधी, इन्द्रबली सिंह, बृजेश सिंह, प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, आकाश, उत्तम, अवधेश राघवेन्द्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# ब्लॉक अध्यक्ष, दो सचिव समेत नौ पर केस दर्ज

बहराइच समृद्धि न्यूज़

- दो ग्राम पंचायत में विकास कार्य के नाम पर 24 लाख के गबन का मामला

जरवल ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष समेत दो ग्राम प्रधान, दो पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक समेत नौ लोगों के विरुद्ध सरकारी धन के गबन समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। बीडीओ की इस कार्यवाई से हड़कंप मच गया है। साथ ही क्षेत्र के अन्य ग्राम प्रधान घोटाले को लेकर बंगले झांकने लगे हैं।

जरवल विकास खंड के ग्राम पंचायत बीबीपुर के ग्राम प्रधान जगन्नाथ उर्फ पप्पू सिंह हैं। जगन्नाथ ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हैं। ग्राम प्रधान के साथ तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार वर्मा, तकनीकी सहायक सुनील कुमार श्रीवास्तव के साथ नंदू और पवन कुमार के विरुद्ध 1357680 रूपये घोटाले का आरोप मनरेगा लोकपाल की जांच में हुआ था।

इसी विकास खंड के ग्राम पंचायत रुदाइन के ग्राम प्रधान नीतू वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी मांडवी वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक उपेंद्र कुमार और तकनीकी सहायक सुशील कुमार श्रीवास्तव ने फर्जी दस्तावेज लगाकर 942270 रूपये का बंदरबांट कर लिया। इसका खुलासा होते ही डीएम ने मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था। डीएम के निर्देश पर शनिवार को खंड विकास अधिकारी जरवल सत्य प्रकाश पांडेय ने दो ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, दोनों गांव के ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक समेत नौ लोगों के विरुद्ध सरकारी धन का गबन, धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

खंड विकास अधिकारी की इस कार्यवाई से क्षेत्र के अन्य ग्राम प्रधान में हड़कंप मच गया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बीडीओ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही सभी से पूछताछ की जायेगी।

# बीजेपी ने सरला तो सपा ने लगाया फिरोज के ऊपर दांव

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




नगर निकाय चुनाव की घोषणा होने के बाद प्रत्याशियों के चयन मे बीजेपी एवं सपा के प्रत्याशियों की घोषणा ना होने के कारण चुनाव में हलचल होती नहीं दिखाई पड़ रही थी लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी ने महराजगंज नगर पंचायत से मौजूदा चेयरमैन सरला साहू के ऊपर दांव खेला है तो वही समाजवादी पार्टी ने दो बार के सभासद फिरोज अहमद को अपना प्रत्याशी बनाया है। नगर पंचायत महराजगंज में तीन पंचवर्षीय से चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू का दबदबा लगातार बरकरार है और उनको चुनौती देने के लिए समाजवादी पार्टी ने अबकी बार फिरोज अहमद को अपना प्रत्याशी बनाया है। महाराजगंज नगर पंचायत में अच्छी-खासी तादाद मुस्लिमों की है इसी को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने फिरोज अहमद पर दांव खेला है तो वही भारतीय जनता पार्टी ने भी जिताऊ प्रत्याशी पर दांव खेलते हुए सरला साहू को एक बार फिर से मौका दिया है? चेयरमैन प्रभात साहू ने मीडिया से बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी का आभार व्यक्त किया और कहा कि हमने अपने कार्यकाल में इतने आवास और इतना कार्य किया है कि जनता एक बार फिर से सरला साहू को हुए चेयरमैन के पद पर बैठेगी। तो वही मीडिया से बात करते हुए फिरोज अहमद ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में जिससे मैं जनता की सेवा कर रहा हूं 15 वर्षों में किसी प्रकार का विकास नहीं हुआ है महराजगंज की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है महराजगंज में नाली और नाला की बहुत बड़ी समस्या है अगर जनता ने मौका दिया तो महराजगंज में इन समस्याओं को दूर करने का काम किया जाएगा।

## अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने जमा किया नामांकन पत्र



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए अनारक्षित हुई सीट के बाद उम्मीदवारों में घमासान मचा हुआ है। अपने-अपने दावेदारी को लेकर उम्मीदवार खूब पसीना बहा रहे हैं रविवार को नगर पंचायत अध्यक्ष के लिये दिनेश मोदनवाल ने दो नामांकन पत्र जमा किए इसी क्रम में जुबेर आलम ने अध्यक्ष पद के लिए दो नामांकन पत्र जमा किए, वही 11 अप्रैल को मीरा यादव ने अध्यक्ष पद के लिए एक नामांकन पत्र जमा किया है। जबकि सभासद पद के लिए 8 नामांकन पत्र जमा किए गए, अभी तक कुल 34 नामांकन पत्र सभासद पद के लिए उम्मीदवारों ने जमा किया है

## बीजेपी से बृजेश दत्त गौड़ को मिला टिकट

डलमऊ संवाददाता नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इस बार अपना गांव बृजेश दत्त गौड़ पर लगाया है। रविवार को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से बृजेश दत्त गौड़ को टिकट मिलने से उनके समर्थकों में हंसी खुशी का माहौल व्याप्त हो गया है। इससे पूर्व पंडित बृजेश दत्त गौड़ 1995 , 2006, सन 2017 में निर्दलीय नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में रह चुके। इस बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए बीजेपी के सिंबल से पहली बार चुनाव के मैदान में उतर रहे।

## पुलिस ने पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा का जायजा, लोगों को दिया सुरक्षा का एहसास



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर निकाय चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था बरकरार करने के लिए रविवार को पुलिस ने कस्बे में फ्लैग मार्च निकालकर शांति व्यवस्था परखी, नगर निकाय चुनाव को लेकर एसडीएम आसाराम वर्मा, क्षेत्राधिकारी राम किशोर सिंह, कोतवाली प्रभारी पंकज तिवारी की मौजूदगी में भारी पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया फ़्श मार्च के दौरान पुलिस ने कस्बे में शांति व्यवस्था परखी तथा संदिग्ध लोगों पर विशेष नजर बनाए रखने के लिए स्थानीय लोगों से अपील की। अधिकारियों ने फ्लैग मार्च के दौरान कहा कि अगर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़े तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें किसी भी हाल में अफवाहों पर ध्यान न दें।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का कुएं में मिला शव

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में लापता युवती का शव कुएं में मिला। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार सलोन तहसील क्षेत्र के डीह थाना अंतर्गत सेनाचक मजरे खेतौधन निवासी सोनी मौर्य उम्र लगभग 19 वर्ष पुत्री विशाल मौर्य प्राइवेट विद्यालय में शिक्षिका थी।जिसका शव रविवार दोपहर को गांव के पास ही कुएं में मिला।स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवती को कुएं से बाहर निकलवाया।शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक सुबह रविवार सुबह घर से शौच के लिए निकली थी।काफी देर तक वापस न लौटने पर खोजबीन शुरू की गई।जिसके बाद गांव के पास ही कुएं में चप्पल तैरता हुआ दिखाई दिया।अशंका होने पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह बाहर निकाला गया।तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया हैं।

### बदमाशों ने पति पत्नी को बंधक बनाकर चाकू की नोक पर लूट की घटना को दिया अंजाम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में बदमाशों ने दुस्साहसिक घटना को अंजाम दिया है। यहां पुलिस अधीक्षक आवास से चंद कदम की दूरी पर पति पत्नी को बंधक बनाकर चाकू की नोक पर नगदी, ज़ेवर और लाइसेंसी रिवाल्वर लूट ले गए। यहां के बाद एक अन्य घर में भी बदमाशों ने ढाई बजे रात में घर के भीतर घटना को अंजाम दिया है। पुलिस को मामले की जानकारी दे गयीं है। घटना पुलिस अधीक्षक समेत ज़िले भर के अधिकारी आवास कालोनी के सामने रामनगर की है। यहां डाक विभाग के रिटायर्ड अधिकारी चित्रवीर सिंह अपने आवास में पति पत्नी रहते हैं। चित्रवीर सिंह के बच्चे बाहर रहते हैं। रात करीब ढाई बजे खिड़की तोड़कर घर में घुसे बदमाशों ने चाकू की नोक पर पति पत्नी को बंधक बनाया और पचास हज़ार कैश समेत घर में रखे लगभग पांच लाख कीमत के जेवरात उठा ले गए। बदमाश चित्रवीर सिंह की लाइसेंसी रिवॉल्वर भी अपने साथ ले गए। सभी बदमाश आपस में एक दूसरे को भाईजान कह कर बुला रहे थे।

### पित्त की थैली के आपरेशन से महिला की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ नगर के हरदोई-उन्नाव रोड स्थित एक निजी हॉस्पिटल में पित्त की थैली के ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। अस्पताल के डॉक्टर के साथ परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। यहां के डॉक्टरों ने भी महिला के पेट का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद उसकी मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित परिजन शव लेकर यहां आ गए और अस्पताल के सामने शव रखकर हरदोई उन्नाव मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी ने कार्यवाही का भरोसा देकर जाम खुलवाया। तब जाकर मार्ग पर आवागमन बहाल हो सका। फ्तेहपुर-84 थाना अंतर्गत ग्राम ओसिया के मजरा रमतलिया निवासी मोहनलाल की 30 वर्षीय पत्नी ममता के पेट में दर्द की शिकायत थी। ममता के परिजनों ने नगर के रहमान चैरिटेबल हॉस्पिटल में ममता की जांच कराई। अल्ट्रासाउंड के बाद यहां के चिकित्सकों ने ममता की की पित्त की थैली में पथरी बताया। परिजनों की अनुमति के बाद यहां के डॉक्टरों ने बीते एक अप्रैल को ऑपरेशन कर ममता की पित्त की थैली निकाल दी। एक सप्ताह भर्ती रखने के बाद अस्पताल प्रशासन ने ममता की छुट्टी कर दी। गत 14 अप्रैल को ममता को दिक्कत हुई। दिक्कत होने पर ममता के परिजन उसे पुनः लेकर इसी अस्पताल आए। हालत नाजुक देख रहमान चैरिटेबल हॉस्पिटल के डॉक्टर ने ममता को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताते हैं कि वहां ममता की आँत का ऑपरेशन किया गया। अगले दिन महिला की मौत हो गई। ममता अपने पीछे चार छोटे छोटे बच्चों को रोते बिलखते छोड़ गई। ममता की मौत से आक्रोशित परिजन शव लेकर यहां आए और अस्पताल के सामने शव रखकर हरदोई उन्नाव मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी उदित नारायण सेंगर तथा क्षेत्राधिकारी पंकज सिंह भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए। परिजन की तहरीर पर उपजिलाधिकारी ने अस्पताल के विरुद्ध कार्यवाही का भरोसा देकर जाम खुलवाया। करीब डेढ़ घंटे के जाम से हरदोई उन्नाव रोड के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरतलब है कि करीब एक साल पहले रहमान चैरिटेबल अस्पताल प्रशासन द्वारा अभिलेख न दिखा पाने पर उपजिलाधिकारी ने अस्पताल सीज कर दिया था।

### कोतवाली पुलिस ने किया बलवा ड्रिल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने रविवार को आगामी ईद त्योहार के दृष्टिगत शांति व्यवस्था हेतु बलवा ड्रिल का रिहर्सल किया। सशस्त्र पुलिसबल ने नगर एवं क्षेत्र की मिश्रित आबादी में भ्रमण भी किया। भ्रमण के दौरान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, अपराध निरीक्षक उमेश त्रिपाठी सहित उपनिरीक्षक थान सिंह, पिंटू वर्मा व देशराज आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## नौनिहालों को गर्मी में मिलेगी राहत, स्कूलों में लगे वाटरकूलर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



नौ परिषदीय विद्यालयों के करीब 2750 बच्चे नये सत्र में भीषण गर्मी में शीतल जल से प्यास बुझायेंगे। ब्लाक की ओर से लगाई जाने वाली शीतल पेयजल मशीन शनिवार को प्राथमिक विद्यालय बछरावां में स्थापित कर दी गई। प्राथमिक विद्यालय बछरावां, प्राथमिक विद्यालय कुंदनगंज, उच्च प्राथमिक विद्यालय सेंहगो, उच्च प्राथमिक विद्यालय थुलेंडी, कम्पोजिट विद्यालय कन्नावा, कम्पोजिट विद्यालय खैरहनी, कंपोजिट विद्यालय नीमटीकर, कम्पोजिट विद्यालय मैनाहार कटरा के करीब 2750 छात्र-छात्राओं को इस बार भीषण गर्मी में हैंडपंप के पानी की जगह शीतल पेयजल मशीन का ठंडा पानी पीने को मिलेगा। बृहस्पतिवार को प्राथमिक विद्यालय बछरावां में शीतल पेयजल की पहली मशीन स्थापित कर दी गई है। बीडीओ एसबी सिंह ने कहा कि शीघ्र ही सभी 9 विद्यालयों में शीतल पेयजल की मशीनें स्थापित कर दी जाएंगी।

## संघ ने पथ संचलन कार्यक्रम का किया आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विपतिराम ने डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम स्थल पर संघ के जिला संघचालक डीपी सिंह ने कहा कि भारत को वर्षों के संघर्ष के बाद स्वाधीनता मिली है इस स्वतंत्रता का उद्देश्य चिर पुरातन राष्ट्र को पुनः वैभवशाली बनाना है। पूरे भारतवर्ष को एक समाज के रूप में प्रतिष्ठित करना है ही संघ की सोच है इसके लिए नित्य साधना कर रहा है उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपना इतिहास ठीक प्रकार से समझना चाहिए जो समाज और राष्ट्र अपने इतिहास गलतियों से शिक्षा लेकर गलती दोहराता है। उसका अस्तित्व समाप्त हो जाता है राष्ट्रीय स्वयं संघ के संचालक डॉ केशव बलिराम हेडगेवर ने इतिहास की गलतियां दोबारा न हो इसके लिए संघ की स्थापना की थी ।कार्यक्रम के अंत में खंड कार्यवाह धर्मेंद्र कुमार ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला इस दौरान उन्होंने बताया कि संघ के 100 वर्ष होने पर गांव से स्वयंसेवक बनाए जाएंगे कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू हुआ कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए उमा विद्यालय पहुंचा इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह बीजेपी नेता एवं चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शिव कुमार सिंह शिव पूर्व मंडल अध्यक्ष सरदार फते सिंह वर्मा सोनू पंडित लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव विद्यासागर अवस्थी रमेश अवस्थी अवस्थी घनश्याम चौरसिया सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## एनएसपीएस में अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



विद्यालय परिवार द्वारा समस्त अभिभावकों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए एक मजबूत समझ और नीव तैयार करना। शिक्षकों ने सत्र की सफल शुरुआत के लिए आवश्यक बुनियादी जानकारी अभिभावकों को उपलब्ध कराई साथ ही बच्चों की प्रगति के संदर्भ में शिक्षण पद्धति पर भी चर्चा की तथा इस कार्यक्रम में अभिभावकों को प्रगति परीक्षण तथा अभिभावकों के प्रश्नों के उत्तर देकर सुनिश्चित किया कि उनकी साझेदारी से बच्चे अपनी उच्चतम क्षमता प्राप्त करेंगे। विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव कुमार सिंह ने विद्यालय के परिप्रेक्ष्य को समझाया तथा अभिभावकों की शंकाओं और चिंताओं के बारे में चर्चा की और उनके विभिन्न सवालों के जवाब देते हुए यह कहा कि अभिभावक घर में शिक्षक होते हैं ,शिक्षक स्कूल में अभिभावक और बच्चा हमारे ब्रह्मांड का केंद्र होता है साथ ही अभिभावकों की समस्याओं को हल करने की पूरी कोशिश करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की अध्यापिका छाया सिंह द्वारा किया गया।

## अवैध असलहा व कारतूस संग युवक गिरफ्तार

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चल रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक और युवक को अवैध असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने उसके विरूद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसे जेल भेजा है। 16 अप्रैल को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पर उपनिरीक्षक संजय कुमार शर्मा व आरक्षी ओमकार यादव व आदित्य ने ओम प्रकाश मौर्य उर्फ ननकऊ पुत्र रामाधार मौर्य निवासी ग्राम सिहार थाना हुसैन गंज जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अदद तमंचा एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर का बरामद हुआ है।

## पच्चीस हजार का इनामिया गिरफ्तार

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूल।**




पुलिस ने हत्या के आरोपी व पच्चीस हजार के इनामिया वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक 16.04.2023 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हत्या के आरोपी व पच्चीस हजार इनामिया वांछित अपराधी अजय सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी नटकुर थाना बिजनौर जनपद लखनऊ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बताते चलें कि 5 फरवरी को थाना क्षेत्र के कुमावत चौकी के अंतर्गत जौनपुर ब्रांच नहर के किनारे खेत में युवक का शव खून से लथपथ मिला था। उस मृतक युवक की शिनाख्त सागर राणा पुत्र यशपाल सिंह निवासी सग्गा थाना तरावती जनपद करनाल हरियाणा के रूप में हुई थी इस मामले में पुलिस ने 11 अप्रेल को हत्या के आरोपी विजय सिंह पुत्र इकबाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वही दूसरा साथी अजय सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह पुलिस के पकड़ से दूर था। पुलिस ने पच्चीस हजार का इनाम घोषित कर रखा था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता उपनिरीक्षक त्रियुगी नारायण तिवारी, आरक्षी (रजत यादव,सोनू शर्मा),महिल आरक्षी तान्या शुक्ला मौजूद रहें।

## भाजपा ने पुनीत को बनाया प्रत्याशी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

हालांकि भाजपा ने नगर पालिका परिषद बांगरमऊ से पुनीत गुप्ता को अध्यक्ष पद हेतु प्राधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं बसपा ने भी अध्यक्ष पद के लिए चंद्रकांती यादव के नाम अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। इसके बावजूद आज अध्यक्ष पद के लिए नामांकन का क्रम जारी रहा। आज नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के अध्यक्ष पद हेतु रामजी गुप्ता, स्वाति गुप्ता, मंजू, मनीष त्रिपाठी, मोइन अंसारी, हसीना परवीन तथा जुबेर खान कुल 7 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया। इसी प्रकार नगर पंचायत गंजमुरादाबाद अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने रामबेटी कुशवाहा और बसपा ने माया देवी को प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

फिर भी आज माया देवी के अलावा अजरा, कहकशां और सीता देवी कुल 4 प्रत्याशियों द्वारा आज नामांकन नामांकन कराया गया। जबकि नगर पंचायत फ्तेहपुर-84 में भाजपा ने अध्यक्ष पद हेतु मिथिलेश कुमार को और सपा ने साबिर अली को तथा बसपा ने नूर हसन को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है किंतु आज बसपा प्रत्याशी नूर हसन सहित मंजू और अरुण ने भी अध्यक्ष पद हेतु अपना नामांकन कराया।

समझा जाता है कि अध्यक्ष पद के चुनाव में करीब एक दर्जन निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमाएंगे। नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के सभासद पदों पर भी नामांकन का सिलसिला जारी रहा। मात्र 25 वार्डों के लिए कुल 65 प्रत्याशियों ने सभासद पदों पर नामांकन कराया। इसी प्रकार नगर पंचायत गंजमुरादाबाद में 19 तथा नगर पंचायत फ्तेहपुर-84 में 10 प्रत्याशियों का नामांकन दर्ज किया गया। अनुमान है कि सदस्य पद के प्रत्याशियों की संख्या काफी कम रहेगी।

## अतीक हत्याकाण्ड के बाद अलर्ट मोड पर रहा प्रशासन

**मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में बढ़ाई गयी गश्त, गतिविधियों पर नजर**

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



गैंगस्टर अतीक अहमद व उसके भाई असरफ की पुलिस अभिरक्षा में हुई हत्या के बाद पूरे प्रदेश में घोषित हाई अलर्ट का व्यापक असर जिले में देखने को मिला। पुलिस और प्रशासनिक अमला पूरी तरह से चौकन्ना नजर आया।

रात से पुलिस अधिकारी और जवानों की टुकड़ियों ने गश्त शुरू कर दी। रविवार दिन में भी पुलिस अधिकारी विशेष तौर पर मिश्रित आबादी वाले इलाकों में गस्त करते नजर आए। संवेदनशील इलाकों में किसी प्रकार का उपद्रव न हो पाए इसे लेकिर पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है।

प्रयागराज में बीतीरात हुई अतीक अहमद और अशरफकी हत्या के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित है। जिसे लेकर जिला प्रशासन रात से ही चौकन्ना हो गया। पुलिस अफ्सरों ने फोर्स के साथ रात में पेट्रोलिंग शुरू कर दी। सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने वाहनों की तलाशी के साथ पूछताछ की। रविवार सुबह भी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीमों ने गश्त कर अराजकतत्वों को संदेश देने का काम किया। विशेष तौर से मिश्रित आबादी के इलाकों में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है जो हालातों और गतिविधियों पर पैनी निगाह बनाए हैं। पुलिस अधिकारियों ने विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की है।

सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार गुप्ता, एएसपी शशिशेखर सिंह, सीओ आशुतोष कुमार की अगुवाई में पुलिस फोर्स ने सदर व गंगाघाट क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला।

## बेशकीमती सम्पत्ति चोरी के मामले में दो संदिग्ध हिरासत में

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्योली इस्लामाबाद के मजरा गुलरिहा में बीते शुक्रवार की रात हुई लाखों रुपए कीमत की प्राचीन संपत्ति की चोरी को लेकर शनिवार को पुलिस सर्विलांस टीम ने घटना की छानबीन की और क्षेत्र के करीब एक दर्जन लोगों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लिए। पुलिस ने गांव के ही 2 लोगों को हिरासत में लेकर घटना के बाबत पूछताछ करने में जुटी है।



ग्राम ब्योली इस्लामाबाद के मजरा गुलरिहा निवासी जमीदार राजबहादुर सिंह की पुरानी हवेली से बीते शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने तीन हाथी दांत, सोना-चांदी जड़ित घोड़े की जीन, राजसी पोशाक लहंगा चुनरी, गजमुक्ता, जवाहरात जड़ी हाथी की झूल, 65 चांदी के सिक्के आदि सहित लगभग एक करोड़ से भी अधिक कीमत की प्राचीन संपत्ति की चोरी कर ली थी। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी पंकज सिंह और प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद साहनी के नेतृत्व में पुलिस बल ने मौके का निरीक्षण किया था। घटना के संबंध में जमीदार के आश्रित राघवेंद्र सिंह पुत्र नरेंद्रपाल सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

रविवार को घटना के जल्द खुलासे के मद्देनजर जिले की सर्विलांस टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने क्षेत्र के करीब एक दर्जन लोगों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लिया है। पुलिस गांव के ही 2 लोगों को हिरासत में लेकर उनसे घटना के बाबत पूंछताछ करने में जुटी है। क्षेत्राधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि चोरों को जल्द गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफश किया जाएगा।

### छः वर्ष पूर्व शिवमंदिर में हुआ था चोरी का प्रयास

ग्रामीणों के अनुसार करीब 6 वर्ष पूर्व जमीदार की हवेली के निकट स्थित शिव मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग तथा नंदी की मूर्तियां उखाड़कर चोरी का प्रयास किया गया था। तब क्षेत्रीय पुलिस ने सांप्रदायिक सौहार्द बरकरार रखने के मद्देनजर मूर्तियां पुनः स्थापित करवा दिया था। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर के गर्भ गृह में मूर्तियों के नीचे दबे आभूषणों को चोरों ने पार कर दिया था।

## हरे पेड़ों का कटान कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे ठेकेदार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** औरास थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों हरे पेंड़ो का कटान ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है जिससे वन प्रेमियों में नाराजगी बनी हुई है। आचार संहिता लगते ही पुलिस व वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा मोटी रकम ले कभी दिन में तो कभी रात में हल्का नंबर दो व एक व तीन मे ठेकेदारों द्वारा हरे पेंडो का कटान किया जा रहा है। पुलिस जानकर भी अनजान बनी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि उनके जानकारी में नहीं है अगर शिकायत मिलेगी की तो कार्यवाई की जायेगी।

## सीएचसी में फुंका ट्रान्सफार्मर 6 दिन बाद भी नहीं बदला

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सीएचसी औरास परिसर में रखा ट्रान्सफार्मर में तकनीकी खराबी के कारण मंगलवार को फुंक गया था जिसे छः दिन बीत जाने के बाद भी नहीं बदला जा सका जिससे सीएचसी के आवासीय कमरों में आपूर्ति ठप हो गयी है। जिससे उसमें रहने वाले डाक्टर व कर्मचारियों को पानी की किल्लत सहित अन्य परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है वहीं सीएचसी आने वाले मरीजों तीमारदारों सहित स्वास्थ्य कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि आवासों मे जनरेटर से कनेक्शन भी नहीं है इसलिए और भी समस्या है।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अनूप तिवारी ने बताया कि जेई से कई बार खराब ट्रान्सफार्मर बदलने के लिए कहा गया है। इसके अलावा विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है।

## बेमौसमी बारिश और ओला वृष्टि

मार्च खत्म होते ही अप्रैल का महीना गर्मी का कहर लेकर आया है। अगर देशी महीनों की बात करें तो चैत्र के बाद अप्रैल में गर्मी स्वाभाविक ही है। लेकिन बदलते प्रकृति के समीकरणों ने मार्च के महीने में ही दिल्ली वालों को पारे की गर्मी में पिघलने के लिए मजबूर कर दिया। इसके बाद जैसे ही अप्रैल यानि कि बैशाख महीना शुरू हुआ तो बारिश का दीदार हुआ जो गर्मी से राहत तो दे सकता है लेकिन किसान की छाती पर फावड़े की तरह चला। बेमौसमी बारिश और ओला वृष्टि ने उत्तर भारत के किसानों को झंकझोर कर रख दिया। पंजाब और हरियाणा के किसान अब 14 दिसंबर के बाद सोना काटने अर्थात गेहूं की फसल की कटाई बैशाखी पर शुरू कर चुके हैं तो हमारी प्रभु से प्रार्थना है कि हे भगवान अब और बारिश कटाई पूरी होने तक न आए किसान अन्नदाता है। हर कोई उनकी खुशहाली की कामना करता है तो देश भी खुशहाल बनता है। लेकिन मैं किसानों की खुशहाली की दुआ के साथ–साथ बदलते मौसम और भविष्यवाणियों को लेकर ज्यादा चिंतित हूं। अचानक ही स्काईमेट की भविष्यवाणी आती है कि इस बार बारिश बहुत कम आयेगी और यह सामान्य से भी कम रहेगी। किसान के लिए यह संदेश उसके भविष्य के लिए अच्छे नहीं है। इसी कड़ी में उत्तर भारत में भारी गर्मी की भविष्यवाणी की गई और साथ ही जुलाईध्के महीने में मानसून सामान्य से भी कम रहने की बातें कहीं गई। इस भविष्यवाणी को किए अभी चौबीस घंटे भी नहीं बीते थे कि सरकारी मौसम विभाग ने भविष्यवाणी कर डाली की मानसून निश्चित समय पर आयेगा और सामान्य भी रहेगा। सामान्य मानसून का मतलब है फसलों के लिए उत्साह जनक स्थिति इन दोनों विभागों के भविष्यवाणियों के आधार पर निष्कर्षों को निकालकर मैंने कई चैनलों पर डिबेट देखे। सोशल मीडिया पर भी मैं बहुत कुछ देख रही हूं। लेकिन एक चीज हैरान कर देने वाली है कि आखिरकार मौसम के बारे में हमारी भविष्यवाणियां सही क्यों नहीं ठहरती। अकसर लोग मौसम विभाग की भविष्यवाणियों पर फब्तियां कसते हैं। आंधी–तूफान का आना या चक्रवातीय भविष्यवाणी या फिर बारिश को लेकर भविष्यवाणी अगर कसौटी पर अगर खरी नहीं उतरती तो मजाक उड़ने लगता है। मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि इनसेट से हमें जितनी जानकारियां मिल रही हैं उतनी ही प्राइवेट एजेंसियों को भी मिल रही हैं हालांकि प्राइवेट संस्थाओं से जुड़े लोग दूरसंचार विभाग को ज्यादा भुगतान कर लेटेस्ट टैक्रोलॉजी और लेटेस्ट अपडेट लेकर भविष्यवाणी कर रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि प्राइवेट विभागों ने यह सुविधा मोबाइल पर भी दे रखी है। सोशल मीडिया पर कहा जाता है कि मोबाइल पर मौसम की सूचना अगर स्काईमेट के सौजन्य से है तो वह ठीक सिद्ध होगी। ऐसी स्थिति से बचने के लिए कितना अच्छा हो अगर सभी विभाग और संगठन एकीकृत तरीके से काम करें। यदि किसी भविष्यवाणी की बात आती है तो वह संयुक्त स्तर पर कर ली जाये ताकि लोगों के लिए भ्रम की स्थिति न बनें। सुविधाएं आज टैक्नालॉजी की देन है। लोग सबकुछ समझ रहे हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि सूचना सही वक्त पर सामने आए और यदि वह सत्यता की कसौटी पर खरी उतरती है तो विश्वास बढ़ता है। मौसम की भविष्यवाणियों को लेकर हम इसी मंत्र से आगे चलें तो बहुत कुछ किया जा सकता है। पिछले दिनों बेमौसमी बारिश ने किसानों को जो दु:ख दिया अब इस अन्नदाता के लिए दुआ का वक्त है। हालांकि किसान संपन्न है। हाथ से कटाई की तकनीक बदल गई है। कई एकड़ भूमि पर मशीनों से कटाई हो रही है। ऐसे में बेमौसमी बारिश होना या न होना अलग बात है लेकिन बारिश को लेकर भ्रम की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। इस भ्रमजाल से बचने के लिए हमें प्रकृति के परिवर्तन को स्वीकार करना होगा। दुनिया पर जलवायु का वैश्विक असर हो रहा है। भारत या उसकी राजधानी दिल्ली या पंजाब, हरियाणा, हिमाचल भी अछूते नहीं रहे। मौसम के बदलते परिवेश में प्रकृति बदल रही है। आइए भविष्यवाणियों को लेकर संयुक्त रूप से काम करें और सब खुशहाल रहें लेकिन बैशाखी के मौके पर हमारे किसान भाई सदा खुशहाल रहें ये दुआएं मैं जरूर दूंगी। हमारे अन्नदाता किसान और परिवार हमेशा खुश रहें। देश को खुशहाल रखें। जय जवान, जय किसान। किसान और जवान हैं तो हम सब हैं।

# अतीक अशरफ लाईव मर्डर पर सवाल दर सवाल

प्रेम शर्मा

हाल में बी वारंट पर प्रयागराज लाने के लिए भी पुलिस ने अदालत को अतीक की पूरी सुरक्षा करने का आश्वासन दिया था। अदालत ने भी अतीक को प्रयागराज लाने के दौरान सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। अतीक की वैन में मौजूद पुलिसकर्मी बॉडी वॉर्न कैमरा पहने हुए थे जिसकी लाइव फीड प्रयागराज के पुलिस कंट्रोल रूम को भेजी जा रही थी। सुरक्षा के दृष्टिगत 50 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। गौरतलब है कि उमेश पाल हत्याकांड के बाद अतीक अहमद प्रदेश का सबसे दुर्दांत अपराधी बन गया था। इससे पहले इस फेहरिस्त में पहले मुख्तार अंसारी का नाम दर्ज था जबकि, अतीक पर मुख्तार से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। उमेश पाल और दो सरकारी गनर की हत्या ने अतीक को पहले बेटे असद को खोने का गम दिया। असद के एनकाउंटर के 72 घंटे भी नहीं बीते थे कि शूटरों को पालने का शौक रखने वाले अतीक और उसका भाई अशरफखुद तीन शूटरों की गोली का शिकार बन गए।बताते चलें कि उमेश पाल हत्याकांड से पहले अतीक और उसके कुनबे के खिलाफकुल 164 मुकदमे दर्ज रहे हैं। बीते छह वर्षों में अतीक और उसके करीबियों की 1153 करोड़ की संपत्तियों को भी जब्त या ध्वस्त किया गया। पुलिस ने अतीक के आर्थिक साम्राज्य पर चोट करने के लिए ठेके–टेंडर से होने वाली 200 करोड़ से अधिक की आमदनी के सारे स्रोत भी बंद करा दिए थे। वहीं ईडी ने भी अतीक पर अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। उसने बीते मंगलवार को अतीक के रिश्तेदार, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, करीबी कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारकर 150 करोड़ रुपये की मनी लांड्रिंग के सुबूत एकत्र किए थे। उत्तर प्रदेश की सियासत में बड़ा नाम रहे माफिया अतीक अहमद और उसके छोटे भाई अशरफकी शनिवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके साथ ही प्रयागराज में माफिया के एक अध्याय का खात्मा हो गया। यह पहली बार नहीं है, जब प्रयागराज में इस तरह की वारदात हुई है।

उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री का सजग रहना तो ठीक ही है। लेकिन कुख्यात अपराधी अतीक और अशरफके लाईव मर्डर से एक सनसनी फैलने के साथ कई सवाल खड़े हो गए है। आम जनमानस ही नही इस लाईव मर्डर पर यूपी सरकार को सुप्रीम कोर्ट में भी जबाब देना होगा। लोगों ने हमेशा शूटआउट को सुना था, लेकिन देखा नहीं था। किंतु, 50 दिन के भीतर देश के लोगों ने दो बार लाइव शूटआउट देखा। सब कुछ वहीं। फर्क था तो सिर्फ स्थान का। पहली घटना की तरह ही इसमें भी यह तय था कि जिंदा नहीं छोड़ना है। 24 फरवरी की शाम करीब पांच बजे। सुलेमसराय के रहने वाले अधिवक्ता व विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल कचहरी से कार में सवार होकर अपने घर पहुंचते हैं। कार में उनके साथ चालक और दो सुरक्षाकर्मी रहते हैं। जैसे ही एक सुरक्षाकर्मी और उमेश पाल कार से उतरते हैं, अतीक अहमद का पुत्र असद अहमद समेत कई लोग गोली और बम से हमला बोल देते हैं। दौड़ा-दौड़ाकर गोली और बम मारा जाता है। घर में घुसकर गोलियों की बौछार कर दी जाती है। घर के बाहर बनी गली से भागते हुए सुरक्षाकर्मी को पीछे से बम से उड़ा दिया जाता है। वहीं, कार में बैठे दूसरे सुरक्षाकर्मी को बाहर निकलने तक का मौका नहीं दिया जाता है। कार में ही गोली मारकर उसे छलनी कर दिया जाता है। सीसीटीवी से निकले फुटेज को जिले ही नहीं देश के लोगों ने देखा तो दहल गए। पहली बार शायद इस तरह का लाइव शूटआउट लोगों ने देखा था।

राजनीतिक गलियारे में भी इस लाइव शूटआउट ने खलबली मचा दिया था। इस घटना के ठीक 50 वें दिन शनिवार रात देश के लोगों ने फिर शूटआउट का लाइव देखा। अंतर इतना था कि इस बार अतीक अहमद और उसका भाई अशरफही इसका शिकार हो गए। अंदाज पहले ही शूटआउट की तरह ही था। अतीक और अशरफको पुलिस जीप से उतारती है। काल्विन अस्पताल की तरफ बढ़ती है, उसी समय तीन युवक वहां पहुंचते हैं और अतीक के सिर में पिस्टल सटा देता है। जैसे ही ट्रिगर दबाता है, उसी समय बगल में खड़ा युवक अशरफको गोली मार देता है। इसके बाद तीसरा युवक भी फायरिंग करने लगता है। अतीक और अशरफ जमीन पर गिरते हैं तो उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो जाती है। सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी जब तक संभलते हैं, तब तक सब खत्म हो चुका होता है। सामने तीनों हमलावर हाथ उठाए नजर आते हैं। उनको पकड़कर पुलिस जीप में बैठाकर निकल जाती है। इसका एक-एक फुटेज लोगों ने देखा तो उनकी आखों से नींद गायब हो गई।माफिया अतीक अहमद की हत्या का हिसाब प्रदेश पुलिस को सुप्रीम कोर्ट तक देना पड़ सकता है। दरअसल, अतीक को देवरिया जेल कांड में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गुजरात की साबरमती जेल भेजा गया था। इस आदेश का इतना प्रभाव था कि पहली बार उमेश पाल अपहरण केस में कुछ दिन पहले पेशी पर प्रयागराज लाए गए अतीक को चार घंटे तक नैनी जेल के बाहर रखने के बाद वापस साबरमती जेल रवाना कर दिया गया था। हाल में बी वारंट पर प्रयागराज लाने के लिए भी पुलिस ने अदालत को अतीक की पूरी सुरक्षा करने का आश्वासन दिया था। अदालत ने भी अतीक को प्रयागराज लाने के दौरान सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। अतीक की वैन में मौजूद पुलिसकर्मी बॉडी वॉर्न कैमरा पहने हुए थे जिसकी लाइव फीड प्रयागराज के पुलिस कंट्रोल रूम को भेजी जा रही थी। सुरक्षा के दृष्टिगत 50 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। गौरतलब है कि उमेश पाल हत्याकांड के बाद अतीक अहमद प्रदेश का सबसे दुर्दांत अपराधी बन गया था। इससे पहले इस फेहरिस्त में पहले मुख्तार अंसारी का नाम दर्ज था जबकि, अतीक पर मुख्तार से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। उमेश पाल और दो सरकारी गनर की हत्या ने अतीक को पहले बेटे असद को खोने का गम दिया। असद के एनकाउंटर के 72 घंटे भी नहीं बीते थे कि शूटरों को पालने का शौक रखने वाले अतीक और उसका भाई अशरफ खुद तीन शूटरों की गोली का शिकार बन गए।बताते चलें कि उमेश पाल हत्याकांड से पहले अतीक और उसके कुनबे के खिलाफकुल 164 मुकदमे दर्ज रहे हैं। बीते छह वर्षों में अतीक और उसके करीबियों की 1153 करोड़ की संपत्तियों को भी जब्त या ध्वस्त किया गया। पुलिस ने अतीक के आर्थिक साम्राज्य पर चोट करने के लिए ठेके-टेंडर से होने वाली 200 करोड़ से अधिक की आमदनी के सारे स्रोत भी बंद करा दिए थे। वहीं ईडी ने भी अतीक पर अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। उसने बीते मंगलवार को अतीक के रिश्तेदार, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट, करीबी कारोबारियों के ठिकानों पर छापे मारकर 150 करोड़ रुपये की मनी लांड्रिंग के सुबूत एकत्र किए थे। उत्तर प्रदेश की सियासत में बड़ा नाम रहे माफिया अतीक अहमद और उसके छोटे भाई अशरफ की शनिवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके साथ ही प्रयागराज में माफिया के एक अध्याय का खत्मा हो गया। यह पहली बार नहीं है, जब प्रयागराज में इस तरह की वारदात हुई है। ऐसी एक-दो नहीं, बल्कि चार वारदातें हुई हैं, जब इलाहाबाद यानी आज का प्रयागराज गोलियों की आवाज से थर्राया है। इनकी गूंज पूरे देश में सुनाई दी है। इसकी शुरुआत आज से 27 साल पहले ही हो गई थी, जब पहली बार इलहाबाद की सड़कों पर सरेराह एके-47 की आवाज शहर के सबसे पॉश इलाके में सुनी गई थी। यह सारी कहानियां किसी ओटीटी प्लेटफार्म के क्राइम थ्रिलर की तरह हैं। जिस पर कई वेब सीरीज तक बनाई जा सकती हैं। दरअसल, इलाहाबाद में बालू के ठेकों से शुरू हुआ विवाद वर्चस्व की लड़ाई तक पहुंचा। इसके बाद 90 के दशक में पहली बार सुपारी किलिंग हुई। बात की शुरुआत भी सबसे पहले और राजनीति में बड़ा कद रखने वाले जवाहर यादव पंडित हत्याकांड से। सपा के बाहुबली नेताओं में शामिल और झूंसी से विधायक जवाहर यादव पंडित की 13 अगस्त 1996 को दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह पहली बार था, जब किसी हत्याकांड में एके-47 जैसे अत्याधुनिक हथियार का इस्तेमाल हुआ था। ये तत्कालीन इलाहाबाद के डरावने इतिहास का सबसे खतरनाक हत्याकांड था। उस दौर में प्रयागराज का विस्तार हो रहा था। नई कॉलोनियां आकार ले रहीं थीं। तभी शहर के सबसे पॉश इलाके सिविल लाइंस की शाम गोलियों की आवाज से गूंज उठी। सपा विधायक जवाहर पंडित के साथ ही उनके चालक गुलाब यादव और एक राहगीर कमल दीक्षित की गोली लगने से मौत हो गई। हमलावरों ने तब तक गोलियां चलाई, जब तक खून शरीर से गाढ़ा होकर निकलना बंद नहीं हो गया। इसमें कृष्णानंद राय का नाम आया और इसकी गूंज सियासी गलियारों में लंबे दौर तक सुनाई देती रही।वर्चस्व की लड़ाई से शुरू हुआ सफर आगे भी जारी रहा। इस बार बदले की भावना के साथ अति महत्वकांक्षा भी थी। जब 18 साल बाद फिर एक राजनेता के खून से इलाहाबाद की सड़कें लाल हो चुकी थीं। इस बार निशाने पर इलाहाबाद पश्चिम से बसपा के टिकट पर साल 2004 में चुनाव जीते विधायक राजू पाल थे। राजू पाल किसी समय अतीक अहमद के काफी करीबी हुआ करते थे, लेकिन उन्होंने 2002 में उनके खिलाफ चुनाव लड़ा और हार गए। अतीक 2004 में इस्तीफा देकर सांसद बना और अपने भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ को मैदान में उतारा। अशरफ बसपा के राजू पाल से चुनाव हार गया, बस यहीं से एक नए खूनी सफर की शुरुआत हुई। पांच बार इस सीट से विधायक रहे अतीक और उनके परिवार से इसे अपनी आन पर ले लिया। अशरफइसमें मुख्य भूमिका में था। 25 जनवरी, 2005 को विधायक राजू पाल स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल से अपने घर लौट रहे थे। अस्पताल से निकलने के बाद अपनी गाड़ी में बैठे। गाड़ी खुद राजू पाल ही चला रहे थे। इस दौरान कुछ लोग स्कार्पियो से उनका पीछा कर रहे थे। रास्ते में राजू पाल अपने समर्थक की बहन को लिफ्ट देने रुकते हैं। धूमनगंज क्षेत्र में नेहरू पार्क के थोड़ा आगे बढ़ते हैं। तभी हमलावर उन्हें ओवरटेक करते हैं और चंद सेकेंड में ही फायरिंग शुरू हो जाती है। बताया जाता है कि करीब 25 हमलावर थे। उन्होंने इतनी गोलियां बरसाईं कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इसके बाद राजू पाल को टेंपो से अस्पताल लेकर भागे, लेकिन हमलावर कई किमी तक टेंपो पर भी फायरिंग करते रहे। अस्पताल पहुंचते-पहुंचते राजू पाल का शरीर छलनी हो चुका था। पोस्टमार्टम में उनके शरीर में 15 गोलियां मिलीं। वहीं इस हमले में उनके दो बॉडीगार्ड संदीप यादव और देवीलाल की भी मौत हो गई। विधायक राजू पाल की नौ दिन पहले ही शादी हुई थी। अभी ताजा घटनाक्रम में विधायक राजू पाल की हत्या में सबसे बड़े गवाह उमेश पाल की 24 फरवरी को ही प्रयागराज में उनके सुलेम सराय स्थित घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। उमेश जिला कोर्ट में वकील थे। हमलावरों ने उन पर गोलियां और बम बरसाए। इसमें उमेश को संभलने का मौका नहीं मिला। इसमें अतीक के साथ ही तीसरे नंबर के बेटे असद का नाम सामने आया। सीसीटीवी में उसका फुटेज भी दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने एक दिन पहले ही गुरुवार को उसे एनकाउंटर में ढेर कर दिया। माना जा रहा है कि राजनीति के वर्चस्व की यह लड़ाई अब अतीक और अशरफ की हत्या के साथ खत्म हो चुकी है, लेकिन हालात अभी भी बहुत ठीक नहीं हैं। विपक्ष लगातार इस मामले को लेकर सरकार पर हमलावर है वह सीधे सरकार को भंग करने की मांग कर रहा है जबकि सरकारक के मंत्री इसे उपर वाले का न्याय बता रहे है। इन सब के बावजूद इतना तो तय है कि लाईव मार्डर के इस मामले में सरकार को सुप्रीम कोर्ट में तमाम सवालों का जबाब देना होगा।

विचार

# संसद में लोकतन्त्र का उत्सव

लोकतन्त्र को जब उत्सव की संज्ञा दी गई तो कम्युनिस्ट या मार्क्सवादी विचारकों ने इसे खामख्याली का नाम दिया और विवेचना प्रस्तुत की कि इस प्रणाली में पूंजीवादी शक्तियां सत्ता पर अपना अधिकार रखने का उपक्रम अपनी धन शक्ति के बूते पर करने में सक्षम हो जाती हैं अतः संसदीय प्रणाली के तहत चुनकर आने वाले जन प्रतिनिध्धि अन्ततः पूंजी या धनसत्ता पर अधिकार रखने वाले समूह के ही प्रतिनिधि बनकर रह जाते हैं और जनता का प्रतिनिधित्व वे केवल मुखौटे के रूप में करते हैं। परन्तु पिछली सदी के महामानव महात्मा गांधी ने इस राजनैतिक दर्शन का पुरजोर विरोध किया और कहा कि लोकतन्त्र के माध्यम से ही किसी भी देश की बहुसंख्य गरीब जनता के हाथ में संसदीय प्रणाली के माध्यम से ही सीधे सत्ता पूर्ण अहिंस्सक तरीके से सौंपी जा सकती है क्योंकि बिना भेदभाव के आधार पर प्रत्येक नागरिक को मिला एक वोट का अधिकार बड़ी से बड़ी शक्ति को भी सत्ता से दूर रखने में सफल हो सकता है बशर्ते कि जनता को इस वोट की अहमियत के बारे में पूरा ज्ञान कराया जाये। मार्क्सवाद सत्ता परिवर्तन के लिए जिन हिंसक तरीकों की पैरवी करता है उसका परिणाम भी अन्याय पूर्ण साधनों से प्राप्त सत्ता ही होगा जो कभी भी न्यायपूर्ण व्यवस्था कायम नहीं कर सकती। अतः लोकतन्त्र सभी वर्गों व समुदायों और सम्प्रदायों द्वारा सत्ता प्राप्त करने या इसमें परिवर्तन करने की वह अमोघ चाबी है जिससे समन्वयवादी न्यायपूर्ण सत्ता का दरवाजा खुलता है। अतः स्वतन्त्र भारत में 1952 में जब पहले आम चुनाव हुए तो पं. जवाहर लाल नेहरू ने पूरे नौ महीने तक पूरे देश में घूम-घूम कर चुनाव प्रचार किया और लोगों को एक वोट के अधिकार की महत्ता के बारे में समझाने का पूरा प्रयास किया और कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान में भाग लें और अपने मनपसंद की सरकारें चुने। प्रथम चुनाव अक्तूबर 1951 से शुरू होकर मार्च 1952 तक चले और इन चुनावों में उस समय तक सात सौ से अधिक पंजीकृत दलों ने भाग लिया। स्वतन्त्र भारत में बहुराजनैतिक दल गत व्यवस्था की स्थापना के साथ ही तय हो गया था गांधी ने जिस मुफलिस व अनपढ़ कही जाने वाली भारत की जनता की बुद्धि पर भरोसा किया था वह पूरी तरह ठीक था क्योंकि पहले ही चुनाव में भारत के लोगों ने विपक्षी कही जाने वाली पार्टियों के हक में भी 40 प्रतिशत से अधिक मतदान किया था। अतः भारत के लोगों ने लोकतन्त्र का उत्सव प्रथम चुनावों से ही मनाना शुरू कर दिया था और देश को आजादी दिलाने वाली कांग्रेस पार्टी के समक्ष साफकर दिया था कि केवल उसका विमर्श ही एकमात्र विमर्श नहीं हो सकता। गांधी वास्तव में यही चाहते थे और हर हालत में लोकतन्त्र में विचार विविधता व असहमति को बराबर का सम्मान देना चाहते थे। यही वजह थी कि जनवरी 1940 में जब स्वतन्त्रता आन्दोलन के दौरान मुस्लिम लीग नेता मुहम्मद अली जिन्ना द्वारा अलग पाकिस्तान बनाने की मांग जोर पकड़ रही थी और दलितों के पैरोकार बाबा साहेब अम्बेडकर व दक्षिण भारत के तमिलनाडु राज्य के सामाजिक न्याय के पुरोधा पेरियार के मध्य जब मुम्बई में जिन्ना हाऊस में चार दिन तक बैठक चली तो महात्मा गांधी ने जिन्ना को पत्र लिखकर कहा था कि वे तीनों नेता मिलकर कांग्रेस के विचारों के विरुद्ध अपना एक पृथक राष्ट्रीय दल क्यों नहीं बना लेते जिससे अखिल भारतीय स्तर पर अपने जनमत के बूते पर वह कांग्रेस को चुनौती दे सकें। मगर जिन्ना ने पेरियार व अम्बेडकर के साथ हुई अपनी बैठक को बेनतीजा ही छोड़ दिया और पेरियार को सलाह दी कि वह अलग द्रविड़ राष्ट्र का आन्दोलन चलाये और अम्बेडकर से कहा कि वह भी दलितों के लिए अलग राष्ट्र बनाने की मांग करें मुस्लिम लीग उनका समर्थन करेगी मगर पृथक पाकिस्तान की मांग को नहीं छोड़ेगी। वास्तव में गांधी की मंशा लोकतन्त्र में विचार मंथन की ही थी और जनता की इच्छा से सत्ता पर अधिकार की थी। इसमें विभिन्न राजनैतिक दलों के बीच दुशमनी या रंजिश का वैरभाव नहीं था बल्कि अलग- अलग विचार रखने के बावजूद सामाजिक- व्यावहारिक मंचों पर मित्रता का भाव था जिसकी वजह से गांधी ने कहा था कि 'मैं अपने विरोधी के विचार उसे अपने से ऊंचे आसन पर बैठाकर सुनना पसन्द करूंगा'। वास्तव में लोकतन्त्र का यही मूल मन्त्र है जिसके आधार पर संसदीय प्रणाली काम करती है। अतः विगत दिन संसद परिसर में बाबा साहेब अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेताओं को एक साथ देखकर आम भारतवासी को यह अनुभूति होना स्वाभाविक है कि लोकतन्त्र विभिन्न विचारों का महाउत्सव ही होता है। प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी को राज्यसभा में विपक्ष के कांग्रेसी नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे का हाथ पकड़कर दुआ-सलाम करने की मुद्रा बताती है कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि सत्ता या विपक्षी खेमों में जरूर हो सकते हैं मगर सामाजिक-व्यावहारिक जिन्दगी में वे मित्रवत ही होते हैं। उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जब राज्यसभा के सभापति के रूप में अपने कार्य का निष्पादन करते हैं तो विपक्ष के सदस्यों को उनसे कई प्रकार की शिकायतें हो सकती हैं मगर जब वह अम्बेडकर जयन्ती समारोह में कांग्रेस की नेता श्रीमती सोनिया गांधी से मिलते हैं तो सामाजिक धर्म का निर्वाह करना जरूरी समझते हैं। ये दृश्य हमें भारत के लोकतन्त्र का पिछला गुजरा हुआ जमाना भी याद दिलाते हैं जब प्रधानमन्त्री पद पर आशीन स्व. पं. जवाहर लाल नेहरू की लोकसभा के भीतर समाजवादी नेता डा. राम मनोहर लोहिया घनघोर तरीके से आलोचना किया करते थे और अपनी आलोचना मुस्करा कर सुनने के बाद पं. नेहरू उन्हें संसद के भीतर बने अपने कार्यालय में चाय पर आमन्त्रित किया करते थे। लोकतन्त्र में ऐसे ही क्षणों या अवसरों को उत्सव कहा जाता है जहां विरोध को भी उत्सव की तरह मनाया जाता है।

साहित्य

झरोखा



## लौटी थी वो बड़े दिनों के बाद इंतजार...

के. एम. रेनू



लौटी थी वो
बड़े दिनों के बाद
इंतजार में
टूट गयी थी
मेरी
और भी आशाएँ
उम्मीद के सामने
खड़ी थी
लंबी दीवार
जिसे तोड़कर
जाना था हमें
उस पार
देखनी थी मुझे
उसकी हर अदाएँ
दूर करनी थी
मन की आशकाएँ
चमक उसकी दिखी
मेरे आइनें में
गले हम कैसे
उसे लगाएँ
आँखों में भर आयी थी
समन्दर की धाराएँ
उस दर्द मेंआयी
हजारों बाधाएँ
जब टूटकर
मोतियों की तरह
बिखर गयी
तब
फिर पास आयी
मेरी प्रेमिकाएँ



## राशिफल

**मेष:**– कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृषभ:**– हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार–विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:**– निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:**– भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा–बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:**– पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:**– परिवार की छोटी–छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख–दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:**– समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वाणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक:**– स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनु:**– किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:**– बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले–जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:**– शासन–सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान–प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख–दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:**– महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# शिक्षा के बाजारों मे लूट

आदित्य नारायण

निजी स्कूलों की मनमानी 'परम स्वतंत्र सिर पर न कोई' वाली कहावत चरित्रार्थ कर रही है। कई राज्यों में स्कूलों की फीस में 15 फीसदी बढ़ौतरी से अभिभावक परेशान हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निजी स्कूलों ने अभिभावकों पर नया बोझ डाल दिया है। महंगाई के इस दौर में शिक्षा का बोझ सहना मुश्किल हो रहा है। निजी स्कूलों का कहना है कि फीस में बढ़ौतरी शिक्षा निदेशालय द्वारा तय नियमों के अनुसार ही की गई है। राज्य सरकारों की ओर से भी इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है।

निजी स्कूल अमीर परिवारों के बच्चों की शिक्षा का केन्द्र बन गए हैं जबकि सरकारी स्कूल गरीबों की शिक्षा का केन्द्र बन गए हैं। शिक्षा की इस विषमता ने सामाजिक और घ्आर्थिक विषमता की खाई को और बढ़ा दिया है। इसका सबसे बड़ा कारण है शिक्षा का बाजारीकरण, जो समाज के लिए अभिशाप बन चुका है। किसी शॉपिंग मॉल की तरह बने निजी स्कूल मोटी फीस वसूल कर खर्चीले उपभोक्ता तैयार करने का काम कर रहे हैं। दरअसल शिक्षा के बाजारीकरण ने शिक्षा की आत्मा को मार कर रख दिया है।

स्कूली शिक्षा के माध्यम से ही हम व्यक्तित्व, मानसिक कुशलता, नैतिक और शारीरिक शक्ति का विकास करना सीखते हैं। बिना उचित शिक्षा के एक व्यक्ति अपने जीवन के सभी शैक्षिक लाभों से वघ्चित रह जाता है। शिक्षा निजी और पेशेवर जीवन में सफलता की इकलौती कुंजी है। शिक्षा हमें विभिन्न प्रकार का ज्ञान और कौशल प्रदान करती है। यह सीखने की निरंतर, धीमी और सुरक्षित प्रक्रिया है जो हमें ज्ञान प्राप्त करने में मदद करती है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जो हमारे जन्म के साथ ही शुरू हो जाती है और हमारे जीवन के साथ ही खत्म होती है। हमें अपने अन्दर पूरे जीवन भर अपने अध्यापकों, अभिभावकों, परिवार के सदस्यों और हमारे जीवन से संबंधित अन्य व्यक्तियों से कुछ ना कुछ सीखने की आदत डालनी चाहिए।

हम एक अच्छा व्यक्ति बनने, घर, समाज, समुदाय और दोस्तों में रहने के लिए कुछ ना कुछ सीखते रहते हैं। स्कूल जाना और घ्शिक्षा ग्रहण करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और जो सफलता प्राप्त करना चाहते हैं उनके लिए बहुत आवश्यक है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा। इसका असर बच्चों के स्वभाव में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। अभिभावक बच्चों को शुरू से ही नोट उगलने वाली एटीएम मशीन के रूप में देखना चाहते हैं। कोई बच्चों की प्रतिभा का मूल्यांकन करना नहीं चाहता।

प्रवेश शुल्क, किताबें और यूनीफार्म के नाम पर निजी संस्थान मोटी कमाई कर रहे हैं। निजी संस्थान प्रवेश फार्म में अभिभावक के पेशे को देखकर एडमिशन तय करते हैं। शिक्षा से जुड़े बहुत सारे सवाल व्यवस्था के सामने यक्ष प्रश्न बने हुए हैं। संविधान में निर्दिष्ट समानता का अधिकार बेमानी लगता है। निजी स्कूलों में एयरकंडीशन, सीसीटीवी कैमरे, लग्जरी बसें हर अभिभावक का सपना है। साधारण तथा मध्यवर्गीय परिवार बड़े स्कूलों को दूर से ही टकटकी लगाए देखते हैं। महानगरों में ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा का व्यवसायीकरण हो चुका है। कोरोना काल के दौरान आर्थिक संकट झेल रहे हजारों परिवारों ने




अपने बच्चों को निजी स्कूलों से हटा लिया। दरअसल यह एक धारणा है कि महंगे स्कूलों में बेहतर शिक्षा दी जाती है लेकिन मध्यमवर्गीय परिवार भी महंगे स्कूलों में अपने बच्चे भेजने में असमर्थ हैं। महंगे स्कूल बच्चों और अभिभावकों पर परफॉमर्स को लेकर दबाव बनाए रखते हैं। इस दबाव ने बच्चों से उनकी अबोधता और मौलिकता छीन ली है। यह समाजशास्त्रीय अपराध है, जिसके लिए अभिभावक भी दोषी हैं। आज अभिभावकों की इच्छाओं का दोहन बच्चों के बेहतर भविष्य के सपने दिखाकर किया जा रहा है। मां-बाप अपने बच्चों को 'असाधारण' देखना चाहते हैं। असाधारणता एक साइक्लॉजीकल समस्या का रूप ले चुकी है जो बच्चों और अभिभावकों में अवसाद परोस रही है। बच्चों को समझने की बजाय सारा जोर बच्चों को समझाने पर है। बच्चों के नाम पर बाजार हमारे जज्बातों का आर्थिक दोहन करने में लगा है। व्यवस्था इससे पैदा हो रही समस्याओं और मनोविकारों से मुंह चुरा रही है। सवाल है हम हासिल करना चाह रहे हैं, वह हासिल होता दिख नहीं रहा। शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रत्येक बच्चे को मिले, इसके लिए शिक्षा सहज और सस्ती उपलब्ध होनी चाहिए। शिक्षा गुणवत्तापूर्ण तो हो ही साथ ही संस्कार युक्त भी होनी चाहिए। शिक्षा के उद्देश्य तभी पूरे होंगे जब अमीर और गरीब के बच्चे एक ही स्कूल में पढ़ेंगे। सबसे बड़ी समस्या यह है कि निजी स्कूल वे लोग चला रहे हैं जिनका शिक्षा से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं। उन्होंने व्यापार की तरह लाखों-करोड़ों का निवेश कर रखा है ताकि मोटी कमाई हो सके। शिक्षा के बाजार में लूट मची हुई है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो नई शिक्षा नीति का कोई लाभ नहीं घ्मिलने वाला। शिक्षा व्यवसाय नहीं एक पवित्र मिशन है, इसलिए इसे मिशन बनाने के लिए सरकारों और विद्वानों को मिलकर कोई ठोस समाधान निकालना चाहिए। अगर हर बच्चे को सहज और सस्ती शिक्षा मिले तो ही वह उच्च शिक्षा में मुकाम हासिल कर पाएगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# प्रभारी डीएम ने लिया नामांकन स्थलों का जायजा

- निकाय चुनाव को लेकर की गई व्यवस्था देखी, लापरवाही न बरतने के दिए निर्देश



**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

खीरी में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 की नामांकन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से रविवार को प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट एवं तहसील सदर में स्थापित नामांकन स्थल का जायजा लिया।

डीएम ने नामांकन कक्ष का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली, संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नामांकन कक्ष में मौजूद आरओ/एआरओ से नामांकन की अद्यतन स्थिति जानी। निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान मा. राज्य निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। नामांकन परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान सतर्क दृष्टि रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाए।

डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय में संचालित निर्वाचन कन्ट्रोल रूम/शिकायत सेल एवं व्यय नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया। सूचनाओं को लेकर की गई कार्यवाही के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने तैनात पुलिस कर्मियों से वार्ता कर जहां एक ओर उन्हें पूरी मुस्तैदी के साथ दायित्वों का निर्वहन करने की हिदायत दी।

### अध्यक्ष एवं सदस्य पदों के लिए बिक्री किए गए नामांकन पत्रों का विवरण

नपाप लखीमपुर के लिए अध्यक्ष पद हेतु 08 व सदस्य पद हेतु 24, नपं खीरी टाउन के लिए अध्यक्ष पद हेतु 00, सदस्य पद हेतु 02, नपं ओयल में अध्यक्ष पद हेतु 02 एवं सदस्य हेतु 04 नामांकन पत्र की बिक्री हुई। नपाप गोला गोकर्णनाथ के लिए अध्यक्ष पद हेतु 08, सदस्य पद हेतु 05 नामांकन पत्र एवं नपं मैलानी के अध्यक्ष पद हेतु 02, सदस्य पद हेतु 01 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपाप पलियाकला के लिए अध्यक्ष पद हेतु 00 सदस्य पद हेतु 11 एवं नपं भीरा के अध्यक्ष पद हेतु 01 एवं सदस्य पद हेतु 10 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपाप मोहम्मदी के लिए अध्यक्ष पद हेतु 09 नामांकन पत्र, सदस्य पद हेतु 15 नामांकन पत्र एवं नगर पंचायत बरबर के अध्यक्ष पद हेतु शून्य एवं सदस्य पद हेतु 05 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपं धौराहरा के अध्यक्ष पद हेतु 05 एवं सदस्य पद हेतु 05 नामांकन पत्र बिक्री हुए। नपं निघासन के अध्यक्ष पद हेतु 04 व सदस्य पद हेतु 05 एवं नपं सिंगाही के अध्यक्ष पद हेतु 06, सदस्य पद हेतु 04 नामांकन पत्र बिक्री हुए।

### नगरीय निकायों में अध्यक्ष के 41, सदस्य के दाखिल हुए 362 नामांकन

नगरीय निकाय अध्यक्ष पद के लिए लखीमपुर 03, खीरी टाउन 06, ओयल 03, गोला 03, मैलानी 03, धौराहरा 05, पलिया 01, भीरा 05, निघासन 06, सिंगाही 02, मोहम्मदी दो, बरबर दो नामांकन पत्र दाखिल हुआ। ,वही सदस्य पद के लिए नगरीय निकाय लखीमपुर 65, खीरी टाउन 19, ओयल 12, गोला 25, मैलानी 12, धौराहरा 39, पलिया 26, भीरा 19, निघासन 42, सिंगाही 13, मोहम्मदी 47, बरबर 43 नामांकन पत्र दाखिल हुए।

# भाजपा ने लखीमपुर से पुष्पा सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया

- मोहम्मदी से संदीप मेहरोत्रा प्रत्याशी घोषित



**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

लखीमपुर नगर पालिका परिषद से भारतीय जनता पार्टी ने अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की चेयर पर्सन पुष्पा सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। यह ध्यान देने वाली बात एक और है कि पिछली बार भी पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था जब वह चेयर पर्सन थीं। पार्टी ने उनका टिकट काटकर निरुपमा बाजपेई को टिकट दिया था,अबकी बार पूनम वर्तमान चेयरमैन निरुपमा बाजपेई का टिकट काटकर उन्होंने पुष्पा सिंह पर अपना दावा लगाया है। पलिया कलां से नगर निकाय चुनाव में बीजेपी की ओर से केबी गुप्ता को बनाया गया अध्यक्ष पद का प्रत्याशी। मोहम्मदी से भाजपा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संदीप मेहरोत्रा। वही गोला से बीजेपी के निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी बनाए गए विजय शुक्ला रिंकू बनाएं गये।

## खबरें एक नजर में

### युवक तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** रविवार को थाना भीरा पुलिस द्वारा अभियुक्त सर्वदीप सिंह पुत्र लखविन्दर सिंह निवासी ग्राम गौधिया थाना भीरा खीरी को अवैध तमंचा कारतूस बरामद कर मुड़िया हेम सिंह चौराहा के पास ग्राम पहाड़पुर से गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना भीरा में आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।थाना भीरा पुलिस को एक युवक का अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया एक फोटो प्राप्त हुआ था, जिसके आधार पर थाना भीरा पुलिस द्वारा वायरल फोटो से सम्बन्धित युवक को चिन्हित करते हुए अवैध तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है।उनके पास से 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर,01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर,04 अदद मिस कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 जितेन्द्र सिंह यादव,हे0का0 अनुज कुमार यादव,का0 राजू वर्मा मौजूद रहे।

### पुलिस ने की पांच पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** संगठित गिरोह के अंतर्गत विभिन्न अपराधों में लिप्त एवं आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले 5 लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की। अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए कोतवाली पुलिस सक्रियता दिखा रही है। इसके लिए पुलिस अपराधियों के खिलाफकार्रवाई की जा रही है। कोतवाली पुलिस ने गिरोह बनाकर अपराध करने में लिप्त 5 लोगों के खिलाफजिलाधिकारी के पास गैंगस्टर की संस्तुति के लिए पत्रावली भेजी थी। उक्त पत्रावली का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी ने कार्रवाई की संस्तुति दे दी है। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद आशुतोष त्रिवेदी उर्फछोटू निवासी जोशियाना, बिहारी सोनी उर्फप्रिंस निवासी फर्दनवीस, आदित्य पटेल निवासी भवानीराम, मोहित बाथम निवासी घुआताल एवं शिवपूजन राजपूत उर्फ शिवा निवासी चौधरयाना के खिलाफगैंगस्टर की कार्रवाई की है। उक्त संदर्भ में कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी ने बताया कि संगठित गिरोह बनाकर विभिन्न अपराधों में लिप्त 5 लोगों के खिलाफगैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### 53 मरीजों ने स्वास्थ्य मेला में पहुंचकर उठाया लाभ

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेला कार्यक्रम के तहत उरगांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवाइयां दी गई। इस दौरान 53 मरीजों ने स्वास्थ्य मेला का लाभ लिया। पीएचसी उरगांव में मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेला के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉक्टर राजीव दुबे के नेतृत्व में किया गया। जन आरोग्य मेला के दौरान डॉक्टर राजीव दुबे ने बताया कि मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम के तहत मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जरूरत पड़ने पर टेस्ट भी किए जाते हैं। इसके साथ ही दवाओं का भी निशुल्क वितरण किया जाता है। इसलिए अधिक से अधिक मरीज स्वास्थ्य मेले में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं। शिविर के दौरान 53 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें शुगर, बीपी, खांसी, जुकाम, बुखार, उल्टी, दस्त, पेट दर्द आदि से प्रभावित मरीज स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे। जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर मरीजों को निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. मोनिका निरंजन, डॉ. रणधीर निरंजन, फार्मासिस्ट लियाकत अली, लालसिंह आदि ने स्वास्थ्य शिविर में सहयोग किया।

# नगर पालिका चैयरमैन का टिकट न मिल पाने के कारण सपा को अलविदा कहा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगरपालिका चुनाव में चैयरमैन का टिकट न मिल पाने के कारण सपा छोड़ी। दो बार के पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका लखीमपुर व सपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बाजपेयी, उनकी बहू लता बाजपेयी व पारुल गुप्ता, इमरान, आकाश गुप्ता, विनय मिश्रा सहित करीब सौ ने सपा छोड़ी।

यह घोषणा अपने आवास पर प्रेस वार्ता में श्री बाजपेयी ने की। उन्होंने कहा कि ऊंचाहार से 3 बार के विधायक मनोज पांडे ने 2 साल पूर्व सपा जॉइन कराई थी। सपा प्रमुख ने एमएलए का टिकट देने का वादा किया।

बाद में कहा कि अध्यक्ष का टिकट दूंगा। वह भी नही दिया। बसपा छोड़ दो माह पूर्व सपा में आये मोहन बाजपेयी को टिकट दे दिया। यह घोर अनुचित है। कहा शाम तक नई रणनीति बताऊंगा।

वही यतीश शुक्ला विश्व रिकॉर्डधारी जो अध्यक्ष नगर पालिका गोला के लिए कांग्रेस प्रत्याशी बनाएं गये। समाजवादी पार्टी छोड कर ज्ञान प्रकाश बाजपेयी, जिला अध्यक्ष व्यापार आकाश गुप्ता, प्रबुद्ध समाज जिला अध्यक्ष विनय मिश्रा, इमरान समेत दर्जनों सपाइयों ने कॉग्रेस की सदस्यता जॉइन की, एआईसीसी मेंबर शहर अध्यक्ष सिद्धार्थ त्रिवेदी के घर जॉइनिंग हुई। नपाप लखीमपुर से लता बाजपेयी होंगी कांग्रेस की उम्मीदवार।

# खीरी का सरकारी स्कूल बना गरीब बच्चों का कान्वेंट

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

बच्चों के विकास में अध्यापकों और अभिभावकों की अहम भूमिका होती है। उनकी कोशिश बच्चे का भविष्य संवार सकती है। इसकी झलक दिखती है विकास खंड नकहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय रवही मुबारकपुर में। यहां के अध्यापक और एसएमसी सदस्यों ने अपनी मेहनत के दम पर इस विद्यालय की तस्वीर बदल दी है। डीएम की अभिनव पहल "best school of the week" के तहत इस सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनने का खिताब अपने नाम दर्ज किया। शैक्षणिक, अन्य पाठ्य सहगामी गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन कर खीरी जिले के यूपीएस रवही मुबारकपुर, ब्लॉक नकहा ने एक उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में अपनी पहचान बनाई। प्रधानाध्यापक सुनील वर्मा के नेतृत्व में 08 सदस्यीय शिक्षक टीम निष्ठा, मनोयोग से काम कर रही, जिससे विद्यालय निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है। विद्यालय का वर्तमान नामांकन 508 है, जो कि विगत चार शैक्षिक सत्रों 2021-22 में 499, 2020-21 में 464, 2019-20 में 464, 2018-19 में 436 में सर्वाधिक है। विद्यालय पूरे जनपद में बेहतरीन शिक्षण व्यवस्था, विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन उपलब्धियों के लिए जाना जा रहा है। स्कूल में बेहतर पढ़ाई और अच्छा माहौल मिलने से अभिभावकों का विश्वास बढ़ा है। कई गाँवों के लोग अपने बच्चों का नाम यहां लिखवाने लगे हैं। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान की जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी/ प्रतियोगिता में 2022-23 में विद्यालय के छात्र रचित वर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। ÷परीक्षा पर चर्चा÷ कार्यक्रम में विद्यालय के चयनित विज्ञान मॉडल के प्रस्तुतीकरण के लिए विद्यालय के बच्चे को लखनऊ आमंत्रित किए गए। स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 में विद्यालय ने चार स्टार रेटिंग अर्जित कर जनपद स्तर पर अपनी पहचान बनाई। उड़ान प्रतियोगिता में विद्यालय की बालिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चे यूनिफॉर्म में ही विद्यालय आते है।

प्रधानाध्यापक सुनील वर्मा बताते कि गांव की भावी पीढ़ी के अंदर शिक्षा का दीपक जलाने के लिए वह पूरी तरह संकल्पित हैं और उसका यही प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। स्कूल के बच्चे काफी होनहार है। इनमें काफी टैलेंट है। वैसे भी हमारा प्रयास है कि विद्यालय के नौनिहालों को कावेंट स्कूल की तरह सुविधाएं मिले। उनका समुचित विकास हो सके। आगे की पढ़ाई के दौरान उन्हें कोई दिक्कतों का सामना न करना पड़े, ये हमारी कोशिश है।

### बच्चों के लिए है स्मार्ट साइंस लैब

संसाधनों से भरपूर विज्ञान प्रयोगशाला में शिक्षिका नीता बरनवाल रोचक गतिविधियों से विज्ञान शिक्षण कराती है। 500 पुस्तकों से भी अधिक पुस्तकों से समृद्ध पुस्तकालय का सक्रिय संचालन बाल पुस्तकालय समिति करती है। सभी कक्षा कक्ष स्तरानुसार प्रिंट रिच मैटेरियल, टीएलएम से समृद्ध है। सभी कक्षाओं, विषयों में प्रभावी शिक्षण योजनाओं से रोचक विधियों के जरिए शिक्षण कार्य किया जा रहा है। न्यून अधिगम स्तर वाले बच्चों के उपचारात्मक शिक्षण के लिए विशेष कक्षाओं का भी संचालित है। निपुण भारत अभियान में विद्यालय के 40 प्रतिशत से अधिक बच्चों ने निपुण लक्ष्य प्राप्त कर चुके है।

# अरविंद यादव के निधन पर सामाजिक, सहकारी संगठनों ने जताया दुख

- अनुरागिनी संस्था के कार्यालय में शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

अनुरागिनी संस्था के संस्थापक सदस्य एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन जिला बाल कल्याण समिति जालौन के न्यायिक सदस्य रहे अरविंद सिंह यादव के आकस्मिक निधन पर जनपद जालौन में जहां शोक की लहर दौड़ पड़ी है। सहकारी संस्थाओं एवम् सामाजिक संगठन से जुड़े लोग परिवार को सहानुभूति प्रकट करने के लिए पटेल नगर उरई पहुंच रहे हैं। अनुरागिनी संस्था परिवार में काफी दुख व्याप्त है। पटेल नगर उरई स्थित अनुरागिनी संस्था कार्यालय पर शोक सभा में सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने अरविंद यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये बताया कि विगत बीस वर्षो से अरविंद सिंह यादव विभिन्न सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। उनके द्वारा किए गए कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता। अनुरागिनि संस्था के रविंद्र सिंह परमार ने कहा कि जनपद के लिए यह अपूर्ण क्षति हुई बताया। बुंदेलखंड महापरिषद के राहुल समाधियां किसान क्लब फेडरेशन के सभापति रामप्रकाश दौदेरिया, भारत विकास परिषद के अजय कुमार महतेले, सहकार भारती के उपेंद्र सिंह राजावत, श्याम करण प्रजापति ने आत्मा की शांति को लेकर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की।

# प्रत्याशियों के नामों का ऐलान भाजपा, सपा में विद्रोह की चिंगारी फूटी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका चुनाव के लिए अधिकांश दलों ने अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। वहीं, पार्टियों द्वारा टिकट की घोषणा के बाद भाजपा के दो पदाधिकारियों ने टिकट वितरण सही न होने का आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। हालांकि इस्तीफे को अभी अध्यक्ष द्वारा स्वीकार नहीं किया गया है। उधर समाजवादी पार्टी में भी बैठकों का दौर जारी है। हालांकि चुनाव आयोग द्वारा नगर निकाय चुनावों का आगाज करते हुए 10 अप्रैल से 17 अप्रैल तक का समय नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा करने के लिए रखा गया था। लेकिन 15 अप्रैल तक किसी भी पार्टी ने अपने दावेदार की घोषणा नहीं की।



16 अप्रैल रविवार को दोपहर में भाजपा ने नेहा पुनीत मित्तल एवं सपा ने सलमा इकबाल मंसूरी के नाम की घोषणा कर दी। जिसके बाद जितने लोग अपनी उम्मीदवारी का सपना संजोए थे प्रत्याशी को छोड़कर अन्य सभी अपने अगला कदम की ओर विचार करने लगे। भाजपा में तो महामंत्री प्रदीप सक्सेना एवं जगदीप वर्मा ने टिकट वितरण में संगठन के जमीनी नेताओं को दरकिनार किए जाने का आरोप लगाते हुए अपना इस्तीफा नगर अध्यक्ष को भेज दिया है। उक्त संदर्भ में नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत ने कहा कि इस्तीफा मिला है। लेकिन अभी उसे स्वीकार नहीं किया गया है। उधर, भाजपा के जमीनी नेता रहे अनिल शिवहरे की पत्नी रत्ना शिवहरे ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र जमा कर सबको चौंका दिया। वहीं, सपा की स्थिति भी ठीक नजर नहीं आ रही है। रविवार को सपा प्रत्याशी के रूप में सलमा इकबाल मंसूरी के नाम की घोषणा की गई। घोषणा के बाद सपाइयों की बैठकों का दौर चलता रहा। सपा के किसी जमीनी नेता का सोमवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### न्यायालय से वांछित दो को पुलिस ने दबोचा

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे दो लोगों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी खास निवासी लल्लू राम वर्ष 2016 में आर्म्स एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था। वहीं, विद्याधर निवासी ग्राम कैंथ वर्ष 2015 में दर्ज एक मामले में वाछित चल रहा था। कोतवाली में तैनात एसआई ओंकार सिंह व कल्लू यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त दोनों आरोपी अपने गांव में हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां से उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

# अध्यक्ष पद के 5, सभासद पद के 10 नामांकन पत्रों की बिक्री

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुए 6 दिन बीत चुके हैं। रविवार को 5 अध्यक्ष पद के नामांकन पत्र सहित सभासद पद के 10 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। अभी तक अध्यक्ष पद का 1 और 25 सभासद पद के लिए 22 नामांकन पत्र जमा किए जा चुके हैं। तहसील परिसर में सभासद पद के नामांकन पत्रों की बिक्री के लिए 5 काउंटर बनाए गए हैं और अध्यक्ष पद के लिए 1 काउंटर बनाया गया है। 25 वार्ड के सभासद पदों के लिए रविवार को 10 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है। अब तक सभासद पद के कुल 202 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। इसके साथ ही नामांकन पत्रों को जमा करने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।



रविवार को अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रत्ना अनिल शिवहरे ने अपना नामांकन पत्र जमा किया। जबकि सभासद पद के लिए पूर्व में जमा हुए 6 नामांकन पत्रों समेत रविवार तक कुल 22 नमांकन पत्र जमा हो चुके हैं। रविवार को अध्यक्ष पद के सलमा पत्नी इकबाल मंसूरी, ऊषा देवी पत्नी अखिलेश गुप्ता व स्नेहलता पत्नी यादवेंद्र सिंह चौहान 5 नामांकन पत्र खरीदे हैं। अब तक अध्यक्ष पद के लिए 25 लोगों को 37 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। उक्त संदर्भ में एसडीएम सुरेश कुमार ने बताया कि सभासद पद के लिए 202 एवं अध्यक्ष पद के लिए 37 नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। जबकि अध्यक्ष पद पर 1 एवं सभासद पद पर 22 नामांकन पत्र जमा किए जा चुके हैं।

### निकाय चुनाव में नामांकन करने का आज अंतिम दिन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** सोमवार को नामांकन पत्र जमा करने का अंतिम दिन है। इसलिए तहसील में गहमा गहामी होने की संभावना है। रविवार तक 25 सभासद पदों के लिए 22 नामांकन पत्र जमा हुए हैं। वहीं 1 अध्यक्ष पद का नामांकन पत्र जमा हुआ है। सोमवार को नामांकन पत्र जमा होने का अंतिम दिन होने के चलते तहसील परिसर में गहमा गहामी रहने की संभावना है। अभी तक किसी भी राजनैतिक दल द्वारा नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया है। राजनैतिक दलों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी सामने आ सकते हैं। एक दिन पहले नामों की घोषणा होने से रविवार को प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र भरने में ही जुटे रहे। अब अंतिम दिन नामांकन पत्र जमा होंगे।

# जिला प्रशासन ने परखी कालपी की नामांकन व्यवस्था

- डीएम, एसपी ने एसडीएम, सीओ से की बिंदुवार बातचीत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

रविवार को जिलाधिकारी चांदनी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ईरज राजा द्वारा रविवार को कालपी के नामांकन स्थल और कालपी तहसील का निरीक्षण किया। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी अभिषेक कुमार, कालपी सीओ देवेंद्र पचौरी और तहसीलदार सुशील कुमार सिंह, नायब तहसीलदार राजेश पाल भी मौजूद रहे।



जिलाधिकारी के साथ पूरा काफिला पहले नामांकन स्थल पहुंचा आज कितने पर्चे अध्यक्ष और सभासद के बिके और कालपी व कदौरा दोनों में, इसके बाद उन्होंने पहले दिन से अब तक कितने बिके प्रतिदिन का आंकड़ा पूंछा जिस पर सारी रिपोर्ट दी गई इतना ही नहीं इसके अलावा जिले की मुखिया ने वहां मौजूद पर्चे लेने वाले लोगों से भी बात चीत की कि किसी को कोई दिक्कत तो नहीं जिस पर सभी ने ठीक बताया इसके बाद उन्होंने ड्यूटी में तैनात लोगों का परिचय लिया उधर पुलिस कप्तान ने भी सुरक्षा में तैनात लोगों को भी चेक किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने तहसील का भी मुआइना किया जहां चाक चौबंद व्यवस्था देख खुश भी हुई और एसडीएम कालपी को अपने अनुभव भी बताये जिसे श्री कुमार ने बड़े ध्यान से सुना।

# लिस्ट जारी होते ही दिग्गज नेताओं के चेहरे पर छाई उदासी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर निकाय चुनाव को लेकर जहां सरगर्मियां तेज चल रही थी और कई दिग्गज प्रत्याशियों के नाम भाजपा की सूची में जा चुके थे और कई लोग अपनी पूरी उम्मीद करे हुए थे कि टिकट मिलना पूरी तरह से तय् माना जा रहा है और अपने कुछ प्रत्याशियों ने टिकट भी खरीद लिए थे लेकिन भाजपा की सूची जैसे ही जारी हुई दिग्गज नेताओं के चेहरे पर उदासी छा गई सीतापुर नगर पालिका से नेहा अवस्थी पुत्रवधू मुनेंद्र अवस्थी बिसवां नगर पालिका से सीमा जैन पत्नी राजू जैन को पुनः प्रत्याशी घोषित किया गया है खैराबाद नगर पालिका से बेबी गुप्ता पत्नी अभिषेक गुप्ता महमूदाबाद नगर पालिका से अमरीश मिश्रा नगर पालिका मिश्रिख से सुमन भार्गव को प्रत्याशी घोषित किया गया है वही नगर पंचायतों में हरगांव नगर पंचायत से हरिनाम बाबू मिश्रा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष , तंबौर नगर पंचायत से झब्बन बेग सिधौली नगर पंचायत से गंगाराम लोधी इन दोनों पर पुनः भरोसा जताया गया है वही महोली नगर पंचायत से सरोजनी देवी पैंतेपुर नगर पंचायत से जैनब जहां को प्रत्याशी घोषित किया गया है वहीं समाजवादी पार्टी से लहरपुर नगर पालिका से पूर्व सांसद कैसर जहां को प्रत्याशी घोषित किया गया है वही सीतापुर नगर पालिका से रश्मि जयसवाल राधेश्याम जयसवाल की पुत्रवधू ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है वहीं नीलकमल राठौर पत्नी राकेश राठौर पूर्व विधायक ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है वही संजीव गुप्ता ने अपनी पत्नी रुचि गुप्ता के लिए नामांकन पत्र खरीद लिया है भारतीय जनता पार्टी से पूनम मिश्रा ने भी अपना नामांकन पत्र खरीद लिया है पूर्व चेयरमैन आशीष मिश्रा ने भी अपनी पत्नी के लिए नामांकन पत्र खरीद लिया है भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लहरपुर से कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है अब देखना यह है कि बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस पार्टी से अपना प्रत्याशी किसे बनाती है अब देखना यहां है की जिन लोगों ने टिकट खरीद लिया है वह लोग निर्दलीय चुनाव लड़ते हैं या नहीं?

### चुनाव दौरान धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल तैनाती की मांग

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** चुनाव परिणाम अपने पक्ष में करने के लिए प्रत्याशियों द्वारा धार्मिक स्थलों को राजनैतिक लाभ लेने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल राजनैतिक लाभ के लिए न हो इसके लिए धार्मिक स्थलों पर पुलिस फोर्स लगाने की मांग उठने लगी है। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन, अधिवक्ता उमेश दीक्षित, दीपक शर्मा आदि ने जिलाधिकारी से मांग की है कि धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल चुनाव के लिए न हो। इसके लिए नगर की मस्जिदों और मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# मुआवजा पात्र किसानों को न देकर अपात्रों को देने का आरोप

- ग्राम प्रधान ने की डीएम, एसडीएम से शिकायत तो लेखपाल कर रहा मानसिक परेशान
- अगर निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ बैठेंगे धरना पर

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

तहसील कालपी के ग्राम पंचायत हीरापुर, देवकली व कीरतपुर के क्षेत्रीय लेखपाल जीतेन्द्र कुमार यादव द्वारा बीते बर्ष आयी प्रलंयकारी बाढ़ से हुई फसलों के नुकसान को सही किसानों को आज तक मुआवजा न दिलाकर उन किसानो को मुआवजा दिया गया है जिन किसानों की फसल यमुना नदी की बाढ़ से प्रभावित तक नहीं हुई है जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान कीरतपुर पवन दीप निषाद द्वारा रजिस्टर डाक से जिलाधिकारी श्रीमती चांदनी सिंह एवं कालपी परगना के उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार से की गई है। गौरतलब हो कि 2022 मे आयी प्रलय कारी बाढ़ से यमुना पट्टी के अधिकांश गांव बाढ़ को गंभीरता से लेकर बाढ़ आने के पहले ही जनपद की लोकप्रिय जिलाधिकारी श्रीमती चांदनी सिंह द्वारा ग्राम शेखपुर बुल्दा व्यास मंदिर का जायजा लेकर बाढ़ से निपटने की तैयारी व नाबिको को ग्राम के नागरिकों को दिनचर्या हेतु जिलाधिकारी के निर्देश पर नाव लगाई गई थी। लेकिन लगभग आठ माह बीत जाने के बाद भी आज तक नाविको को एवं पात्र किसानों को आज तक बाढ़ मुआवजा नही दिया गया कि रजिस्टर शिकायत ग्राम प्रधान पवन दीप निषाद द्वारा की गई। जिसकी जांच न करके प्रधान को क्षेत्रीय लेखपाल जीतेन्द्र कुमार यादव तरह तरह की भूमि संबंधित आदि धमकिया दे रहे है। शिकायत में उल्लिखित है कि यमुना नदी की प्रलयकारी बाढ़ से ग्राम शेखपुर बुल्दा, कीरतपुर गांव के लोगों की पूर्णतः फसल डू कर नष्ट हो गई थी जिसका अभी तक पात्र किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। इसके उलट आपात्र किसानों को मुआवजा लेखपाल द्वारा दिया गया है जिसकी जांच कराने की मांग की गई है। बाढ़ दौरान क्षतिग्रस्त हुये मकानों का सर्वे एवं नाविकों को उनकी मेहनत का मेहनताना दिलाने आदि 8 बिंदुओं की शिकायत ग्राम प्रधान द्वारा जिलाधिकारी जालौन व उप जिलाधिकारी कालपी से की गई है। जिसकी जांच न होकर लेखपाल द्वारा ग्राम प्रधान को तरह तरह की भूमि से संबंधित धमकियां दी जा रही है जबकि उक्त लेखपाल द्वारा गांव की सरकारी खलहान आदि कि जमीन कब्जा कराने का आरोप भी लग चुका है। इतना ही नहीं ग्राम प्रधान का कहना है कि प्रशासन ने समय से निष्पक्ष जांच नही कराई तो जल्द ग्रामीणों के साथ शांति पूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगें।

# जंगली बाबा दोनों डिप्टी सीएम से मिले यज्ञ में आने का अनुरोध स्वीकारा

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



आदि शंकराचार्य आश्रम झूलेलाल वाटिका गोमती नदी तट लखनऊ में आगामी 22 अप्रैल से आयोजित विराट रुद्र महायज्ञ, वटुकों का उपनयन संस्कार एवं गरीब निर्धन कन्याओं की शादी के लिए यज्ञ का मेन गेट बनाया गया है। यज्ञ मंडप को अंतिम रूप देने में कारीगर जुट गए हैं।

यज्ञ कार्यक्रम के संयोजक सोनभद्र के भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम क्रमशः बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर यज्ञ में आने का आग्रह किया है जिसे दोनों लोगों ने स्वीकार किया है। साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया है। जिससे यज्ञ समिति से जुड़े लोग कार्यक्रम की सफलता को लेकर काफी उत्साहित हैं। बता दें कि विराट रुद्र महायज्ञ, वटुकों का उपनयन संस्कार एवं गरीब निर्धन कन्याओं की शादी का कार्यक्रम आदि शंकराचार्य आश्रम झूलेलाल वाटिका लखनऊ में गोमती नदी तट पर आगामी 22 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए यज्ञ स्थल का मेन गेट व यज्ञ मंडप बनाया जा रहा है। जिसे अंतिम रूप देने में कारीगर जुट गए हैं। इसके अलावा यज्ञ पांडाल परिसर को चारों तरफ से घेराबंदी भी की जा रही है, ताकि कोई बाधा न आए। जंगली बाबा ने बताया कि यज्ञ की वैज्ञानिक प्रमाणीकरण के लिए भारत सरकार की प्रयोगशालाओं को निर्देशित करने के लिए निवेदन के साथ प्रधानमंत्री जी को पत्रक भेजा गया है। सहयोग के लिए मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय को भी पत्रक की प्रति भेजा गया है। इसके अलावा प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम क्रमशः बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर यज्ञ में आने का आग्रह किया गया जिसे दोनों लोगों ने स्वीकार किया है तथा यज्ञ में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। भिखारी बाबा ने यह भी बताया कि हरिद्वार से आए आचार्य राघवेंद्रचार्य जी महाराज प्रतिदिन श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। यज्ञ के मुख्य यजमान एडवोकेट हिमांशु शेखर, एडवोकेट दिनेश कुमार सिंह,संतोष आचार्य,डाक्टर प्रवीण, अमित दीक्षित, अजय अवस्थी, देवेंद्र रॉय, विनोद सिंह, आलोक पांडेय, अरविंदर पाल,विकास शुक्ला आदि लोग यज्ञ को सफल बनाने के लिए जुट गए हैं।

# सभी जनपदों में धारा 144 लागू

**बाराबंकी।** प्रयागराज में हुई दो माफियाओ की हत्या के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर पूरे यूपी की पुलिस हाई अलर्ट पर है।वही यूपी के सभी जनपदो मे धारा 144 लागू होने के बाद देर रात से ही सड़को पर पुलिस के आला अधिकारी सघन चेकिंग अभियान चलाकर आने जाने वाले हर एक लोग से कड़ाई से पूछताछ करते नजर आ रहे है।बताते चले कि थाना बदोसराय के कोतवाली प्रभारी के दिशा निर्देशन पर बदोसराय के पुलिसकर्मी लगातार सघन चेकिंग अभियान पैदल मार्च कर रहे है।हर एक आने जाने वाले व्यक्ति से कड़ाई के साथ पूछताछ करते नजर आए बदोसराय कोतवाली प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने अपील की कही पर भीड़ भाड़ न लगाएं,किसी प्रकार की किसी से अभद्र टिप्पणी न करे किसी प्रकार का जुलूस न मनाएं और शांति व्यवस्था कायम रखे।इस मौके पर एसआई नवरंग सोनकर,हेड कांस्टेबल सुशील कुमार,कॉन्स्टेबल अतुल त्यागी व भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## ग्रीन गैंग ने शुरू की पृथ्वी दिवस की तैयारी

**बाराबंकी।** हर घर में पृथ्वी दिवस मनाया जाए इस हेतु ग्रीन गैंग ने जनजागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। ग्रीन गैंग पर्यावरण सेना के समन्वयक रजत बहादुर वर्मा ने नगर के मोहल्ला विजय नगर स्थित एडवोकेट पंकज वर्मा के घर पहुँचकर परिजनों को ग्रीन गैंग के संकल्प से अवगत कराया। समन्वयक रजत बहादुर वर्मा द्वारा प्रेरित उत्साहित पर्यावरण सैनिक गायत्री देवी व इनके पति पंकज वर्मा ने फौरन बाजार जाकर आधा दर्जन औषधीय पौधे एरिक पाम, मधुकामिनी, मिक्स मसाला आदि खरीदे और घर पर गमलों में सभी ने मिलकर रोपित किया। विशेष बात ये रही कि अपने 6 वर्षीय बेटे सात्विक पटेल को भी वृक्षारोपण में शामिल रखा। रजत बहादुर की प्रेरणा से मा पिता ने बेटे सात्विक पटेल को बाल पर्यावरण सैनिक के रूप में तैयार करने हेतु बेटे के मन में हरियाली के प्रति जुड़ाव पैदा करने का संकल्प लिया।

## सड़कों पर पुलिस हुई सक्रिय

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ग्राम प्रधान की रोज इफ्तार पार्टी में जुड़े कई प्रधान सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ग्राम मेला रायगंज के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि माजिद हासमी की अगुवाई में रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के ग्राम सहरी मेलारायगंज दुर्जनपुर पटटी के ग्रामीणों ने माजिद हासमी द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी में रोजा खोला।गालिब हासमी हसनैन कमर मोहम्मद मिनहाज सिद्दीकी मनोज यादव जाविर कुरैशी मो शुऐब बीडीसी जामी हासमी पप्पू किदवई मो 0कलाम चच्चा पूर्व प्रधान सहरी प्यारेलाल विष्णू सोनी दुलारे नेता जगदीश गौतम आदि ने भाग लिया।फराद हासमी मुकीद किदवई इमरान अंसारी फहद दानिश आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## गेहूं की फसल जलकर राख

**मसौली बाराबंकी।** रविवार को ग्राम पंचायत नसीरनगर मजरे चंदनपुर में एक किसान के खेत में लगी आग से दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया। नसीरनगर के मजरे चंदनपुर निवासी ओमकार वर्मा पुत्र हरिनाम सिंह के खेत में रविवार की दोपहर अज्ञात कारण से आग लग गई।आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणो ने काफी मशक्कत किया और सफलता भी हासिल हुई लेकिन तब तक ओमकार वर्मा की करीब 2 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सीएचसी सिरौलीगौसपुर अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह के नेतृत्व में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन करके मरीजों में निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया ।मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा एल ए राम तीरथ गौतम वार्ड बॉय त्रिभुवन सिंह एएनएम कौशल्या देवी एलटी शुभम् अवस्थी एल एस धीरेंद्र वर्मा की मौजूदगी में कुल 15 मरीजों की जांच करके उनमें सर्दी जुकाम बुखार से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया।इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ अन्विता पांडे वार्ड बॉय राजबहादुर की मौजूदगी में 25 मरीज देख कर के उनमें दवाओं का वितरण हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डॉक्टर संतोष शुक्ला की मौजूदगी में 20 मरीज देखे गए ।इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मौसम परिवर्तन के साथ ही साथ सर्दी जुखाम बुखार तथा मच्छर जनित बीमारियां तेजी के साथ अपने पांव पसार रही हैं इसलिए आप सभी लोग साफ सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखें मच्छरों से बचने के लिए फुलस्तीन के कपड़े पहनने के साथ ही साथ रात में मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें उबला हुआ पानी पिए अपने घरों में पुराने टायरो डब्बों गमलो में पानी न एकत्रित होने दे। बुखार आने की बार-बार शिकायत होने पर अपनी जांच अवश्य कराएं जिससे समय पर उपचार मिल सके। यदि कहीं पर भी स्वास्थ संबंधी कोई समस्या है तो मुझे समय रहते सूचित करें शीघ्र समस्या का समाधान किया जाएगा।

# संघर्षों के दम पर बनी राम शरण पाठक की पहचान

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



पांचवी बार भाग्य आजमाने जा रहे पूर्व चेयरमैन रामशरण पाठक को पहचान संघर्षों के दम पर मिली है।भ्रष्टाचार अन्याय और जुर्म के खिलाफ सीना ठोक कर खड़े रहने वाले श्री पाठक का जज्बा कुशल प्रशासक बेहतर छवि आम अवाम के आकर्षण का केन्द्र बिन्दु है।समाज के कमजोर पीड़ित और गरीब लोगों की लड़ाई लड़ते-लड़ते पूर्व चेयरमैन की लोकप्रियता इस कदर बढ़ी कि नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए लड़ रहे पहले ही चुनाव में रामशरण पाठक को हराने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने समधी की मदद मे आना पड़ा था।नगर पंचायत रामनगर में अध्यक्ष पद पर कई दशकों से रियासत का कब्जा था 1995 के चुनावी शंखनाद मे वह पहला चुनाव लडे।जन संघ के नेता रहे इंटर कालेज के शिक्षक पंडित श्याम सुंदर मिश्रा ने रामशरण पाठक के संघर्ष और कार्यशैली को देखते हुए चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया।लेकिन राजा साहब के सामने जीत हासिल कर पाना आसान नहीं था श्री पाठक चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं थे।लेकिन वरिष्ठ शिक्षक श्री मिश्र की जिद के आगे पाठक को झुकना पड़ा और 1995 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर रामशरण पाठक चुनाव मैदान में आ डटे।इनकी लोकप्रियता ने चुनाव के मुकाबले को इतना दिलचस्प और कड़ा बना दिया था कि राजघराने को प्रतिष्ठा को बचाने के लिए राजा साहब के समधी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह दिग्गी राजा को चुनाव प्रचार करने रामनगर आना पड़ा था।साढ़े चार सौ मतों के अंतर से रामशरण पाठक यह चुनाव हार गए थे लेकिन इसी चुनाव को जीतने के बाद राजा साहब ने दोबारा चुनाव ना लड़ने का ऐलान कर दिया था।अगला चुनाव वर्ष 2000 में संपन्न हुआ जिसमें राम शरण पाठक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नगर पंचायत का पहला चुनाव जीतने में कामयाब रहे इस चुनाव में रामनगर स्टेट के राजकुमार रत्नाकर सिंह चुनाव हार गए थे।वर्ष 2007 में नगर पंचायत अध्यक्ष सीट सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित हो गई थी जिस पर श्री पाठक ने अपनी धर्मपत्नी को तथा राजघराने की ओर से राजमाता को चुनाव लड़ाया गया जिसमें राजमाता चंद्रप्रभा कुवरि चुनाव जीतने में कामयाब रही।वर्ष 2012 में जब पुनः नगर पंचायत के चुनाव का बिगुल बजा तो सीट सामान्य हो गई थी।

# नपं अध्यक्ष पद के सपा के संभावित प्रत्याशी ने तेज किया जन सम्पर्क

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



**यदि इस बार हैदर गढ़ की आवाम ने सेवा करने का अवसर दिया तो पीछे नहीं हटूंगा नगर का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी और आम जनमानस कि बिना किसी भेदभाव के सेवा करता रहूंगा।**

नगर पंचायत हैदरगढ़ से समाजवादी पार्टी के संभावित अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार समाजसेवी पप्पू सिद्दीकी ÷महिंद्रा÷ अधिसूचना जारी होने के बाद अपने तमाम समर्थकों के साथ घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष पद का पहली बार चुनाव लड़ रहे पप्पू सिद्दीकी ने इतने कम समय में अपनी प्रतिभा व व्यवहार से हैदरगढ़ की सम्मानित जनता के बीच अपना वर्चस्व कायम किया है। जिससे अन्य प्रत्याशियों के खेमे में खलबली सी मच गई है। हैदरगढ़ सीट से समाजवादी पार्टी से टिकट के प्रमुख दावेदारो में पप्पू सिद्दीकी व अय्यूब कुरैशी का नाम शामिल है परंतु आम जनमानस की बात करें तो पप्पू सिद्दीकी भारी पड़ते हुए नजर आ रहे हैं यह भी कहा जा रहा है कि श्री सिद्दीकी ने नगर पंचायत में जनसेवा की एक मिसाल को कायम करते हुए बीते वर्ष से गरीबों के लिए 1-2 नहीं चार- चार गाड़ियां अपने निजी खर्चे से एंबुलेंस सेवा में लगा रखी है। बताते चलें कि समाजसेवी पप्पू सिद्दीकी जाति व धर्म के भेदभाव को मिटाते हुए हैदरगढ़ की समस्त सम्मानित जनता के साथ समान रूप से व्यवहार करते हैं। उन्होंने चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्या पूजन भी किया था और राम नवमी के अवसर पर निकली विशाल शोभायात्रा में आए हुए सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण भी किया था और धर्म का भेदभाव ना करते हुए भगवान श्रीराम की आरती भी की थी।

उन्होंने कहा कि यदि इस बार हैदर गढ़ की आवाम ने सेवा करने का अवसर दिया तो पीछे नहीं हटूंगा नगर का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी और आम जनमानस कि बिना किसी भेदभाव के सेवा करता रहूंगा।

# सीएचसी में प्रेरणा कैंटीन खोल अत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं

**गोला-गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**



उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत शासन द्वारा नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए चलाये जा रहे तमाम स्वयं सहायता समूहों के तत्वाधान में गोला सी एच सी परिसर में रविदास स्वयं सहायता समूह की संचालिका लक्ष्मी देवी ने प्रेरणा कैंटीन खोल कर घर के चार दिवारी में बंद हो अपने हुनर को छुपाने वाली महिलाओं के लिए नजीर साबित बन चुकी है। लक्ष्मी बताती हैं वे इसके पूर्व दिल्ली में चाय नमस्ते की दुकान चलाती थी लेकिन पति की तबियत ज्यादे खराब होने कारण पुरा परिवार गांव में रहने लगा और पति की दवा से लेकर पांच बच्चो की पढाई लिखाई व भरण पोषण की जिम्मेदारी उनके सिर पर आ गई जिसको निभाने के लिए आर्थीक समस्याओ से आए दिन जुझना पड़ रहा था । गांव के लोगो द्वारा उन्हे शासन द्वारा स्वयंसहायता समूह के बारें में जानकारी मिली तो तीन वर्ष पूर्व रविदास स्वयं सहायता समूह का गठन कर ब्लाक एवं संबंधित कार्यालयों में पंजीकरण करकार आत्मनिर्भर बनने की राह पर चल पड़ी । बहुत दिनो तक घर पर आचार आदि बना कर मार्केट में बेचती थी कुछ दिन पूर्व ब्लाक मुख्यालय से प्रेरणा कैंटीन के बारें जानकारी हुई तो संबंधित विभाग में अप्लाई किया। जहां से शासन द्वारा हमें सीएच सी गोला परिसर में एक दुकान एलाट हुई आज हम व हमारे साथ दो और सखियां जिनका नाम किताबी व शैला देवी है मिलकर प्रेरणा कैंटीन चला रही है।जिसके द्वारा मिल रही आमदनी से अब हम तीनो को अपने परिवार का भरण पोषण करने में बहुत कठीनाईयों का सामना नही करना पड़ रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में अव्यवस्था पर भड़की श्रीराम सेना

**अयोध्या।** डॉ भीमराव अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम डाभासेमर में खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं ही न मिलने का आरोप लगाते हुए श्रीराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी दिनेश सिंह ने अब नई मुहिम छेड़ी है।श्री सिंह ने खिलाडियों के साथ अन्याय किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यापक ओ.पी.सिंह,राहुल सिंह तथा कोलकाता क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ खुद स्टेडिम को साफ करने में लग गए हैं।सहयोगी श्री सिंह और श्री वर्मा द्वारा इन अव्यवस्थाओं की लिखित शिकायत राष्ट्रीय खिलाड़ी कबड्डी श्री सिंह से की थी।राष्ट्रीय खिलाड़ी श्री सिंह ने कहा कि यह हमारा दुर्भाग्य है कि करोड़ों रुपए लगने के बाद स्टेडियम जर्जर अवस्था में पहुंच गया है तथा बीस साल से यह खेलने योग्य नहीं बन पाया,जो अयोध्या जिले के खेल प्रेमियों का दुर्भाग्य है लेकिन अब खिलाड़ी स्वयं एक घंटा मेहनत करके स्टेडियम को खेलने योग्य बनायेगे जिससे अयोध्या के युवा देश विदेश मे अयोध्या का परचम लहरा सकें।उन्होंने कहा कि प्रमुख सचिव नवनीत सहगल से मिल कर इसकी लिखित शिकायत की जाएगी और इसके लिए आवंटित धनराशि की जांच करने के साथ साथ जल्द से जल्द इसे खेलने योग्य बनाए जाने की मांग की जाएगी अन्यथा खिलाडियों के साथ खुद भूख हड़ताल पर खिलाड़ी दस दिन के बाद बैठ जायेंगे।

# जिला जज का स्थान्तरण अधिवक्ताओं की जीत

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



सँयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने कानपुर में बार व बेंच के मध्य विगत 25 दिनों के अनवरत विवाद व हड़ताल के परिणाम स्वरूप जिला जज संदीप जैन के दिनाँक 15 अप्रैल को स्थान्तरण का आदेश जारी होने पर बयान जारी करते हुए कहा है कि यह कानपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश चंद्र त्रिपाठी व अन्य पदाधिकारियों के आपसी सामंजस्य, मजबूत इच्छाशक्ति व प्रदेश के अधिवक्ताओ की एकता के कारण ही सम्भव हो सका है। श्री मिश्र ने इसे न्याय की व संविधान की जीत बताया है।आपको बताते चले कि विगत 25 मार्च से कानपुर बार एसोसिएशन एवम यंग लायर्स एसोसिएशन के द्वारा कानपुर के जिला जज के विरुद्ध उनके न्यायालय का कार्य बहिष्कार किया जा रहा था। अधिवक्ताओ का आरोप था कि जिला जज संदीप जैन द्वारा अधिवक्ताओ के साथ लगातार दुर्बयव्हार किया जा रहा है। मुकदमे में बहस एवम सुनवाई के दौरान भी अधिवक्ताओ के प्रति उनकी भाषा और उनका आचरण आपत्ति एवम अपमान जनक होता है। जिसको लेकर अधिवक्ताओ ने पहले बातचीत के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराई और इसके बाद भी बात न बनने पर हड़ताल और कार्य बहिष्कार का रास्ता अपनाना पड़ा।

# भू-वैज्ञानिक बनकर अभिषेक ने बढ़ाया जिले का मान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**




कोठी निवासी अभिषेक सिंह ने भारत सरकार के प्रतिष्ठान ओएनजीसी में भू-वैज्ञानिक पद की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। परिणाम आने पर जैसे जैसे सूचना फैल रही है, बधाईयाँ आने लगी हैं।

इससे पूर्व अभिषेक ने यूपीएससी द्वारा संचालित परीक्षा उत्तीर्ण कर भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय अन्तर्गत भू जल वैज्ञानिक पद पर चयन प्राप्त किया था। जिसकी ज्वाइनिंग प्रक्रिया जारी है इसी बीच ओएनजीसी का परिणाम आ गया है।

अभिषेक बाल विकास विद्यामंदिर कोठी के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह का छोटा पुत्र है। बड़ा बेटा भी उत्तर प्रदेश सचिवालय में समीक्षा अधिकारी पद पर कार्यरत है। अभिषेक ने बताया कि उनकी इण्टर तक कि शिक्षा बाल विकास विद्या मंदिर कोठी से ही हुई है। बीएससी लखनऊ विश्वविद्यालय से तथा भू विज्ञान में एमएससी व एमटेक, आई आईटी मुंबई से किया है। अभिषेक व पिता विक्रम सिंह को बधाई देने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सारंग, भारतीय किसान यूनियन के नेता रामकिशोर पटेल, डॉ बलराम वर्मा, डॉ राम कुमार गिरि, रमेश चंद्र रावत, सियाराम वर्मा, अब्दुल खालिक, राजेन्द्र वर्मा पूर्व डीडीसी सदानन्द पूर्व ब्लाक प्रमुख सिद्धौर रमेश चन्द्र, जिला पंचायत सदस्य हौसला प्रसाद आदि प्रमुख रहे। विद्यालय स्टाफ ने भी घर पहुँच कर बधाईयां दी हैं। बाराबंकी के सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने भी दूरभाष पर बधाई दी और अपने आवास पर आमंत्रित किया है। इसी प्रकार सुधारानी प्रबंधक चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी ने भी दूरभाष से बधाई देते हुए प्रगति की कामना जताई है। भाजपा के पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने मिलकर विक्रम सिंह को बधाई दी है।

# पुलिस की मुश्तैदी बढ़ी, संदिग्ध वाहनों की जांच में लगी

**सिद्धौर बाराबंकी,, समृद्धि न्यूज़**

निकाय चुनाव व धारा 144 के मद्देनजर अतिसंवेदनशील नगर पंचायत सिद्धौर समेत अन्य स्थानों पर पुलिस मुश्तैद रही। तेज धूप में पुलिसकर्मियों ने संदिग्ध वाहनों व व्यक्ति से पूछताछ की। शनिवार देर रात से जिले में लागू धारा 144 व निकाय चुनाव के मद्देनजर थाना असंद्रा व कोठी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों भानमऊ, केसरगंज, उस्मानपुर, सिद्धौर, नईसड़क, असंद्रा, देवीगंज, सेमरावां, दिलावलपुर, मंसारा, रसूलपुर आदि स्थानों पर पुलिस मुश्तैद दिखी। उक्त स्थानों से गुजरे संदिग्ध वाहन चालकों व व्यक्तियों से पूछताछ कर उनका ब्यौरा दर्ज किया गया। उधर, क्षेत्र की अति संवेदनशील सिद्धौर कस्बे में चौकी इंचार्ज छद्दू चौधरी पुलिसकर्मियों के साथ तपती दोपहर में तेज धूप की बिना परवाह किए पैदल गश्त करते रहे। यहां आम दिनों की अपेक्षा रविवार को चहलकदमी कम रही। अधिकांश दुकानों पर सन्नाटा पसरा रहा।लोग मोबाइल से चिपके रहे।

## विशेष लोक अदालत में निस्तारित किए गए पांच वाद

**अंबेडकरनगर।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार की पूर्वाह्न जनपद न्यायालय परिसर में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।यह आयोजन जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष पदम नारायण मिश्र के निर्देशानुसार विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी अधिनियम नोडल अधिकारी रत्नेश मणि त्रिपाठी की देखरेख में कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उत्तर प्रदेश राज्य शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अंतर्गत कराया गया।यह जानकारी अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कमलेश कुमार मौर्य ने दी।उन्होंने बताया कि इस विशेष लोक अदालत में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु कुल नौ अदालतें लगाई गई थी।इनमें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम विश्वनाथ द्वारा एक वाद का, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय विजय कुमार डूंगराकोटी द्वारा दो वादों का,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पक्सो प्रथम सुशील कुमार चतुर्थ द्वारा एक वाद का तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा एक वाद का निस्तारण किया गया।

# पंचतत्व और लाइफ विषय पर सेमिनार का आयोजन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

टी.आर.सी. कॉलेज, सतरिख में सी-20, लखनऊ चेप्टर, पर्यावरण प्रज्ञा, सांई सेवा संस्थान, लखनऊ, लोकभारती पर्यावरण समिति, लखनऊ द्वारा सेमिनार/वेबिनार का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय सेमिनार में की अध्यक्षता माबिओस फाउण्डेशन के चेयरमैन डॉ0 रामबूझ जी ने की। कार्यक्रम का आरम्भ डॉ0 रामबूझ जी ने दीपप्रज्ज्वलन कर किया। उन्होने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि आज 10,000 से अधिक वनस्पतियों की प्रजातियां समाप्ति की ओर हैं, यह पर्यावरण एवं धरती के लिए बड़ा खतरा है। हमें बायोडायवर्सिटी एवं जंगल बचाने की जरूरत है। उन्होंने 'प्रज्ञा' और 'विज्ञा' दोनों के संगम की जरूरत है, दोनों को जोड़े बिना पंचतत्व से जुड़ी समस्या का समाधान सम्भव नहीं है। पारम्परिक ज्ञान एवं औपचारिक ज्ञान को सिविल सोसाइटी एवं जनसमुदाय तक ले जाने की आवश्यकता है। सेमिनार/वेबिनार के आयोजक श्री अशोक जी ने सेमिनार सेमिनार की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की तथा मुख्यवक्ताओं का परिचय कराकर पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया। सेमिनार के प्रथम वक्ता के रूप में डॉ0 स्वदेश सिंह जी, डिप्टी शेरपा ने कहा कि वह इस प्रकार की चर्चायें लगातार स्थानीय स्तर पर जारी रखे हैं। इस सेमिनार से प्राप्त तथ्यों से पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलिसी पेपर तैयार किया जायेगा। सी-20 के डॉ0 गजानन्द डांगे जी ने बात को आगे बढ़ाते हुए परिचर्चा के महत्व की बात की, जिसे जनमानस तक पहुचना आवश्यक है। आई.आई.टी. कानपुर में सेण्टर फॉर गंगा के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर विनोद तारे जी ने समर्थ गंगा -प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान विषय पर चर्चा की। उन्होने जल जीवन के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि हमें स्थानीय जलस्रोतों के संरक्षण के लिए पारम्परिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ संगम करते हुए करना चाहिए। उन्होने नदियों के हमारे जीवन में महत्त्व पर जोर देते हुए कहा कि गंगा सभी नदियों का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें छोटी-छोटी नदियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। नदियों के प्रदूषण से उनके आस्तित्व समापन को बचाना होगा। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष प्रो0 प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि- अस्सी और वरूणा नदियों को जीवित कर सकने योग्य संयंत्र एवं कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। डिस्पोजल प्रबनधन के बजाय जल एवं धरती के संरक्षण की बात होनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण हेतु स्मार्ट सिटी हेतु वाटर स्मार्ट सिटी पर जोर दिया जाना चाहिए। जल को कभी भी भूमि संरक्षण से अलग नहीं करना चाहिए। हमें ऐसी जल निकासी व्यवस्था बनाने की आवश्यकता है तो जल संचयन में भी कारगर हो। आज मनरेगा और सिंचाई विभाग के साथ कन्वर्जेंस करते हुए समाज वैज्ञानिकों को जनभागीदारी बढ़ाने की जरूरत है।

# शांति व्यवस्था को लेकर रातभर पुलिस करती रही चक्रमण

**चोपन/ सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



बिती रात प्रयागराज में मेडिकल चेकअप कराने के लिए जाते समय अस्पताल के गेट पर माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई असरफ की पुलिस अभिरक्षा में ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई जिसके बाद पूरे सुबे में हाईअलर्ट जारी कर दिया गया। इसी के तहत जिले में भी शांति व्यवस्था कायम रखने को ले कर पुलिस महकमा सक्रिय हो गया है। जिसके परिपेक्ष्य में चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत पुलिस बल के साथ पूरी रात थाना क्षेत्र में चक्रमण करते रहे वहीं रविवार को भी थाना क्षेत्र में पुलिस बल चक्रमण करते हुए देखी गई प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि धारा 144 लागू है ऐसे में कहीं भी कोई जुलुस, धरना, प्रदर्शन आदि नहीं होगा साथ ही किसी भी प्रकार के अफवाह फ़ैलाने वाले बक्से नहीं जायेंगे उन्होंने कहा कि शोसल मिडिया फेसबुक पर भी नजर रखी जा रही है। गौरतलब हो कि उत्तर प्रदेश में हो रहे निकाय चुनाव के मद्देनजर यूपी पुलिस अलर्ट है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपनी सोशल मीडिया सेल में एक विशेष टीम का गठन किया है ये टीम चुनाव में 24 घंटे इंटरनेट मीडिया पर फैलने वाले संदेशों पर नजर रखी जा रही है।

## 01 नफर अभियुक्त अवैध देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**चोपन/ सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह, के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी व अवैध शस्त्र बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार शाम लगभग 06 बजे के करीब चुनावी संबंधित चेकिंग अभियान के दौरान डाला पुलिस चौकी इंचार्ज की टीम ने रणजीत श्रीवास्तव उर्फ लाला पुत्र स्व गिरीश श्रीवास्तव निवासी मलिन बस्ती को सेक्टर सी दूरभाष केंद्र के पास से गिरफ्तार कर लिया है और तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक नाजायज तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

# प्रयागराज में घटित घटना के कारण अलर्ट रही जनपद पुलिस





महोबा। समृद्धि न्यूज

जनपद प्रयागराज में घटित घटना तथा आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए, जनपद में शान्ति/कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा देर मध्य रात्रि में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में भ्रमणशील रहीं, इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा महत्वपूर्ण विभिन्न ड्यूटी प्वाइंट व पिकेट पर नियुक्त कर्मचारियों को चेक कर पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये, साथ ही सम्बन्धित को

### पुलिस अधीक्षक महोबा ने मध्य रात्रि सघन चेकिंग अभियान चला खुद संभाला मोर्चा

क्षेत्र में निरन्तर भ्रमणशील रहते हुये व्यापक पुलिस प्रबंध कर अचूक/सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद का सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के सख्त निर्देश दिये गये हैं जिसके क्रम में जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा किसी भी प्रकार की कोई तनाव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिये प्रत्येक संदेह वाली चीजों पर पैनी नजर रखी जा रही है, स्थानीय अभिसूचना इकाई व जनपदीय पुलिस मीडिया सेल प्रत्येक स्थिति में नजर रखे हुये हैं । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देश पर जनपदीय पुलिस बल के समस्त अधि./कर्म. द्वारा रात्रि से ही मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, महत्वपूर्ण स्थलों/चेकिंग प्वाइन्ट्स में बैरियर के प्रयोग से सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### जनपद प्रयागराज में घटित घटना के सम्बन्ध में सभी सम्मानित लोगों से अपील

जनपद प्रयागराज में घटित हत्याकांड से सम्बन्धित सामाजिक सौहार्द एवं सद्भाव को प्रभावित करने संबंधी संदेश, खबर, तस्वीरें, वीडियो, ऑडियो, पोस्टर तथा अफवाहें इत्यादि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे- व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब अथवा किसी ग्रुप में प्रसारित/पोस्ट करने से बचें। जनपदीय पुलिस की सोशल मीडिया सेल द्वारा व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म्स की 24 घण्टे सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक, अफवाह, खबर, संदेश आदि सामग्री/पोस्ट सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित/पोस्ट की जाती है, तो इसका तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित के विरुद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# गंगा समग्र के अभ्यास वर्ग एवं बैठक का हुआ आयोजन

इटावा। समृद्धि न्यूज



इटावा। गंगा समग्र इटावा का एक दिवसीय अभ्यास वर्ग और बैठक का आयोजन यमुना घाट स्थित गंगा मंदिर पर किया गया, जिसमें गंगा समग्र राष्ट्रीय कार्य समिति के सहायक नदी सह प्रमुख और कानपुर प्रान्त के संयोजक राजेश ने अथिति के रूप में प्रतिभाग किया।

उन्होंने यमुना नदी के घाटों और मंदिरों का निरीक्षण कर गंगा मंदिर में आरती की उसके उपरांत बैठक में उपस्थित आयाम प्रमुख और इटावा इकाई से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए गंगा और यमुना नदी के धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शरीर के निर्माण में जल तत्व की प्रमुख भूमिका है इसलिए जल को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। यमुना को स्वच्छ किये बिना गंगा के अविरल और निर्मल होने की कल्पना व्यर्थ है। इटावा इकाई की मांग स्वीकार करते हुए राजेश जी ने इटावा में यमुना को स्वच्छ जल आपूर्ति हेतु दिल्ली में यमुना को बाई पास करके जल देने के प्रस्ताव को सरकार को भेजने का आश्वाशन दिया। अभ्यास वर्ग में जिला संयोजक अवनीन्द्र सिंह जादौन सह संयोजक प्रांजल दुबे और अभिनेन्द्र सिंह एडवोकेट ने प्रान्त संयोजक का माल्यापर्ण कर और गंगा जल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में आयाम प्रमुख अनूप दीक्षित, राजीव चौहान, अवधेश सिंह, स्मृति सिंह, आदित्य शर्मा, प्रवीण पांडेय, एडवोकेट शिवम सिंह, दीपक राज, अर्चना दुबे, सोनी चौहान, ठाकुर बाबा, गंगा मंदिर के पुजारी महेश दीक्षित, महेंद्र सिंह, प्रखर चौहान, विनय दीक्षित, मयंक, दीपू, ललित, करन, रामू ने प्रतिभाग किया।

## खबरें एक नजर में

### पंकज बने उद्योग व्यापार मंडल के युवा प्रदेश मंत्री

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने भरथना चौराहे शांति मशीनरी स्टोर पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल की संस्तुति पर युवा प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने जनपद के वरिष्ठ व्यापारी नेता समाजसेवी पंकज कुशवाहा को युवा प्रदेश मंत्री मनोनीत किया। इटावा लौटने पर जनपद के व्यापारियों ने उनका फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल ने कहा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पूरे प्रदेश में व्यापारी हितों के लिए कार्य कर रहा है माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर व्यापारी स्वयं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मैं शामिल हो रहा है और व्यापारी हित में हमेशा संगठन ईमानदारी से कार्य करता रहा है नव मनोनीत युवा प्रदेश मंत्री पंकज कुशवाहा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है मैं तन मन धन से व्यापार मंडल की और संगठन की सेवा करूंगा व्यापारियों की हर समस्या के लिए हमेशा तैयार हूं किसी भी छोटे बड़े व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा संगठन को और मजबूती प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश में व्यापारी जोड़ो अभियान चलाकर व्यापारियों को व्यापार मंडल में शामिल करने का प्रयास करूंगा प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार,जिलामंत्री इक़रार अहमद,युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर संतोष राठौर जिला उपाध्यक्ष विकास गुप्ता विक्की महिला अध्यक्ष मीना सिंह राजपूत, नगर अध्यक्ष ऋचा कुशवाहा नगर अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, नवीन मंडी अध्यक्ष सतेन्द्र कुशवाह आदि व्यापारी नेता शामिल हुये।

### जलनिकासी की व्यवस्था न होने से गलियों से निकलने में हो रही परेशानी

**भरथना/इटावा।** जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण घरों से निकलने वाले पानी के गलियों में भर जाने से मुहल्लेवासियों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड रहा है। गलियों में भरे दूषित व दुर्गन्धयुक्त पानी के चलते मच्छरजनित संक्रमित बीमारियां होने का अंदेशा भी बना रहता है। मुहल्लेवासियों ने जनहित में उक्त विकराल समस्या का निराकरण कराये जाने के लिए स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा। कस्बा के मुहल्ला आदर्श नगर निवासी अजय कुमार, विजय कुमार, रमेश तिवारी, संजय कुमार, सिया गुप्ता, राजन गुप्ता, सुब्रत गुप्ता, हीरेश्वर प्रसाद, दीपक तिवारी, ज्योति, ईशू तिवारी, राजू बाजपेई, श्याम सिंह सेंगर, दीपू सेंगर, गिरीश बाबू, हीरा गुप्ता आदि ने बताया कि वार्ड नं0- 7 के उक्त मुहल्ले में जलनिकासी की कोई समुचित व्यवस्था न होने के कारण घरों का पानी गलियों में भरा रहता है। जिसके कारण स्कूली बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते हैं, वहीं बुजुर्ग भी कई बार इस दुर्गन्धयुक्त पानी में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। चूंकि आवागमन का एकमात्र रास्ता होने के कारण मुहल्लेवासियों को नारकीय जीवन गुजारने पर मजबूर होना पड रहा है। उक्त समस्या के निराकरण के लिए कई बार लिखित शिकायत के बाबजूद भी कोई समाधान नहीं हुआ। मुहल्लेवासियों ने जनहित में उक्त जलभराव की समस्या के निराकरण की माँग की है।

### नारायन कॉलेज के डीएलएड बैच के प्रशिक्षुओं ने किया बेहतर प्रदर्शन

**इटावा।** परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज उ.प्र.द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स इटावा के प्रशिक्षुओं द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान शिखा यादव, द्वितीय स्थान स्मृति श्रीवास्तव एवं तृतीय स्थान रोशनी यादव ने प्राप्त किया। अन्य प्रशिक्षु रूचि यादव, आवृत्ति गुप्ता, दिव्या त्रिपाठी, नीरजा शर्मा, किरन कुलश्रेष्ठ, मिनी पोरवाल एवं प्रिया यादव का भी उत्तम प्रदर्शन रहा। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान की निदेशक डॉ.श्रेता तिवारी व प्राचार्य योगेश कुमार ने सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दस प्रशिक्षुओं को मेडल पहनाकर पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया। शिक्षण संस्थान के प्रवक्ता नितिन दुबे, अनुज कुमार, गणेश शंकर, सुशील कुमार योगी, राज पुरवार व चन्द्र कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### संजीव चौहान पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के संयोजक बने

**इटावा।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि कानपुर प्रांत संयोजक उमेश जी के निर्देशानुसार विभाग संयोजक अंजनी ने संजीव चौहान को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि इटावा का जिला संयोजक मनोनीत किया है। विदित हो कि वन्य जीव विशेषज्ञ संजीव चौहान इटावा में कई वर्षों से पर्यावरण, वन्यजीव, जलीयजीवों व पक्षियों पर जागरूकता अभियान एवं बचाव कार्य कर रहे हैं। संजीव चौहान के पर्यावरण गतिविधि इटावा का जिला संयोजक बनने पर शुभचितकों ने बधाई दी।

### प्रशासन ने निकाय चुनाव की तैयारियों किया पूरा

**इटावा।** तहसील परिसर जसवंतनगर में नगर निकाय चुनाव से जुड़ी तैयारियों को लगभग पूरा कर लिया गया है। निकाय चुनाव के नामांकन से पूर्व तहसील परिसर में संपूर्ण तरीके से बैरिकेटिंग भी कर दी गई है। इसके अलावा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु कंट्रोल रूम भी स्थापित कर दिया गया है। प्रिसाइडिंग ऑफिसर एसडीएम जसवंतनगर कौशल कुमार को बनाया गया है और कंट्रोल रूम में दो नम्बर स्थापित किए गए हैं जो क्रमशः 9454416443, 9454416448 हैं। तहसील परिसर में नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज सोमवार से नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन पत्र जमा होना शुरू हो जाएंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तहसील परिसर में बैरिकेडिंग के अलावा नगर निकाय चुनाव को लेकर कंट्रोल रूम भी बना दिया गया है। शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से कमर कस चुका है। उप जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि आगामी 17 अप्रैल सोमवार से 24 अप्रैल तक नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद हेतु नामांकन न्यायालय उप जिलाधिकारी व वार्ड संख्या 1 से 10 तक सदस्य पद हेतु न्यायालय तहसीलदार तथा वार्ड संख्या 11 से 25 तक सदस्य पद हेतु तहसील सभागार में नामांकन होंगे। 25 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच एवं समीक्षा होगी और 27 अप्रैल तक नामांकन वापसी होगी। 28 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। नगर में 11 मई दिन गुरुवार को मतदान संपन्न कराया जाएगा। 13 मई दिन शनिवार को मतगणना की जायेगी।

# रोटी बैंक जरूरतमंद महिलाओं को वितरित की साड़ियां

महोबा। समृद्धि न्यूज



**रोटी** बैंक ने रविवार के दिन मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जरूरतमंद गरीब महिलाओं को साड़ियां वितरित की। इस मौके में मुख्य अतिथि के तौर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे व विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ विभा पुरवार, रिचा गुप्ता, दीपा तिवारी उपस्थित रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटी बैंक की अध्यक्ष प्रभा तिवारी ने की। इस दौरान पर लगभग एक सैकड़ा महिलाओं को साड़ियां वितरित की गयीं। कार्यक्रम के संयोजक हाजी पावेज उर्फ मुटटन चच्चा ने कहा कि रोटी बैंक लगातार जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहा है, उन्होंने बताया कि रोटी बैंक द्वारा जरूरतमंदों को प्रतिदिन भोजन का वितरण किया जाता है तथा शीतकाल में कंबल एवं स्वेटर का वितरण भी किया जाता है। उक्त कार्यक्रम में समाजसेवी विनोद पुरवार, फादर लाबान, अपर्णा तिवारी, जसप्रीत सिंह, जगन्नाथ, विवेक चौरसिया, पंकज अनुरागी, भूपेंद्र साहू, शबाना सिद्धकी, सरोजबाला, शाहीन, शकुंतला नामदेव, रंजना, शांति, वंदना, नाजनीन, नेहा, अभिलाषा, आकांक्षा, आसाराम, आरिफ राइन, बबली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साधना गुप्ता ने सपा से दिया इस्तीफा

मैनपुरी। समाजवादी पार्टी द्वारा पूर्व चेयरमैन साधना गुप्ता की टिकट काटकर अन्य को टिकट दिये जाने को लेकर साधना गुप्ता ने अपने हजारों समर्थकों को साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से स्थीफा दे दिया है। उन्होंने ने ऐलान किया है कि आज सोमवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नगर पालिका मैनपुरी के लिये प्रातः11 बजे नामांकन करेगी। उन्होंने अपने आवास पर पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि वह व उनके पति समाजसेवी अरूण गुप्ता सपा के लिये तीस साल से काम कर रहे थे। इससे पूर्व वह नगर पालिका की चेयरमैन रह चुकी है। तथा उन्होंने नेता जी से लेकर डिम्पल यादव के चुनाव में बहुत मेहनत की थी तथा वह लगातार जनता के बीच थी उसके बाद भी उनके साथ विश्वासघात करते हुए पार्टी ने उनको टिकट नहीं दी जिससे वह दिल से दुखी है इसीलिये उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

# सैंफई मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर व लैब टेक्नीशियन निकले कोरोना पॉजिटिव

**इटावा।** प्रदेश के अन्य जिलों में जहां कोरोना का संक्रमण बढ़ रहे हैं वहीं जनपद में स्वास्थ्य विभाग कोविड संक्रमण को लेकर अतिसतर्क है। इस बीच सैंफई मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर व लैब टेक्नीशियन कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीता राम ने बताया कि कोविड संक्रमण को रोकने के लिए ट्रेस, टेस्ट,ट्रीट की नीति अपनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जनपद में अभी दो व्यक्तियों की कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है लेकिन सभी को सतर्क होना होगा। सीएमओ ने कहा कि खासतौर से छात्र-छात्राओं को उन्होंने सभी से अपील है किसी भी बच्चे को खांसी जुकाम बुखार जैसे लक्षण हो तो तत्काल कोविड जांच करवाएं और कोविड अनुरूप व्यवहार अपनाएं। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण से बचाव के लिए सतर्कता बहुत जरूरी है। भीड़भाड़ वाली जगह पर जाने से बचें और मास्क का प्रयोग जरूर करें। उनका कहना है की कोविड संक्रमण से बचाव के लिए सतर्कता बहुत जरूरी है इसलिए भीड़भाड़ वाली जगह पर जाने से बचें। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व कोविड नोडल डॉ बी एल संजय ने बताया कि जिले में जिला चिकित्सालय, सभी आठों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोविड की जांच सुविधा उपलब्ध है। इसलिए कोविड संभावित रोगियों की सैंपलिंग बढ़ाने के लिए आरआरटी टीमों को भी सक्रिय कर दिया गया है। जनपद में कोविड संक्रमण को रोकने के लिए हर ब्लॉक में दो-दो टीमें कुल 16 टीमें कार्यरत हैं। शहर में 9 टीमें जिसमें बस स्टैंड, स्टेशन और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अलग अलग जाकर सर्दी खांसी, बुखार जैसे लक्षण जिनमें दिखते हैं उनकी आरटीपीसीआर और एंटीजन जांच की जा रही है।

# नगर पालिका के संविदा, ठेका, स्थायी सफाई कर्मचारी आज से हड़ताल करेंगे

भरथना/इटावा। समृद्धि न्यूज

**फण्ड,** एरियर आदि देयकों का काफी समय से लम्बित भुगतान न होने से क्षुब्ध डेढ सैकडा से अधिक नगर पालिका परिषद भरथना के संविदा, ठेका व स्थायी सफाई कर्मचारियों ने मागें पूरी न होने पर आगामी 17 अप्रैल से काम बन्द कर अनिश्चितकालीन हडताल करने का निर्णय लिया है। पीडित सफाई कर्मचारियों ने उक्त माँगों से सम्बन्धित सात सूत्रीय माँग पत्र कार्यालय पहुँचकर सौंपाया।

स्थानीय नगर पालिका परिषद में ठेका, संविदा, स्थायी रूप से सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत रमेश चन्द्र, मुरारी लाल, सुशील कुमार, ऋषि कपूर, शिवकुमार, अजय कुमार, नीलम, सुशीला, ममता, गुड्डी, शोभा देवी, रेखा देवी, कुसमा, संगीता, विनीता, सुनीता, गीता, सुनील कुमार, सालिगराम, नीलू, सुरेन्द्र, विनोद कुमार आदि ने बताया कि उन्हें दो माह का वेतन नहीं दिया गया, कई सालों से फण्ड की धनराशि जमा नहीं करायी गई, सातवें वेतन का एरियर भुगतान नहीं किया गया, मँहगाई भत्तों की किस्तों का एरियर नहीं दिया गया, आठ साल से वर्दी नहीं दी गई, 11 सालों से बोनस भी नहीं दिया गया, चार माह से ठेका सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया, जिससे हम लोगों का आर्थिक व मानसिक उत्पीडन हो रहा है तथा बेहद परेशानियों का सामना करना पड रहा है। पीडित सफाई कर्मचारियों ने बताया कि नगर पालिका परिषद अन्तर्गत 63 संविदा, 40 ठेका, तथा 39 स्थायी आदि सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। कर्मचारियों ने बताया कि विगत 12 अप्रैल को उक्त समस्याओं के निराकरण से सम्बन्धित एक प्रार्थना पत्र नगर पालिका में दिया गया था, किन्तु कोई कार्यवाही अमल में न आने पर हम सभी कर्मचारियों ने उपरोक्त सात सूत्रीय माँगें स्वीकार होने तक आगामी 17 अप्रैल से काम बन्द करके अनिश्चितकालीन हडताल का निर्णय लिया है।

# माई कॉलेज माई प्राइड अभियान के अंतर्गत हुआ स्वच्छता कार्यक्रम

इटावा। समृद्धि न्यूज



**के.के.** कालेज इटावा में माई कॉलेज माई प्राइड अभियान के अंतर्गत वृहद स्वच्छता कार्यक्रम का का शुभारम्भ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कानपुर मंडल, कानपुर डॉ. रिपुदमन सिंह ने किया।

स्वच्छता अभियान में शामिल एन.सी.सी., रोवर रेंजर, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों के लिए मेरा संदेश है कि आपका यह स्वर्णिम काल है। आप नित्य कक्षाएं अटेंड करें। शिक्षक कक्षाएं नियमित रूप से कक्षाएं लें। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा जब आप यहां से निकल जाएंगे तो आपको मलाल न हो कि हमने समय रहते अपने समय का सदुपयोग नहीं किया। शिक्षक कर्मचारियों से मेरा कहना है कि जिस संस्थान में हम कार्य करते हैं उसको ऐसा बनाएं कि हम गर्व कर सकें कि हम के. के. कॉलेज का हिस्सा हैं। हम इसको इस तरह से सुसज्जित करें चाहे वह सामाजिक क्रिया कलाप हो या शैक्षणिक वातावरण हो जिसकी चर्चा हर जगह हो। प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र सिंह ने कहा कि माई प्राइड माई कॉलेज अभियान श्रृंखला में कॉलेज में कई कार्यक्रम होने हैं। इसी के श्रंखला के अंतर्गत आज कॉलेज में स्वच्छता अभियान का आयोजन हुआ है। यह स्वच्छता कार्यक्रम प्रत्येक महीने में एक दिन आयोजित हुआ करेगा। इसके पीछे भारत का स्वच्छता अभियान का उद्देश्य निहित है। अपने आस पास के परिवेश में आप जहां बैठते हैं, जिस कार्यालय में, जिस लैब में, जिन कमरों में आप कक्षाएं लेते हैं उसे स्वच्छ रखा जाए और गंदगी किसी प्रकार से ना रहे। इससे हम तमाम प्रकार की बीमारियो से भी दूर रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष प्रबंध समिति ने बृहद स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रिपुदमन सिंह, प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री विजय शंकर वर्मा का शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बुके, माल्यार्पण एवम प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ रिपुदमन सिंह ने अध्यक्ष प्रबंध समिति श्री विजयशंकर वर्मा एवं प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह के साथ कालेज परिसर में पौधारोपण भी किया। आज कालेज परिसर में एन.सी.सी., एनएसएस एवं रोवर्स रेंजर्स के छात्र छात्राओं ने साफ सफाई की। प्रशासनिक भवन, कला संकाय, विज्ञान संकाय ,वाणिज्य संकाय, बीएड संकाय, पुस्तकालय में विभागध्यक्षों के निर्देशन में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन माई कॉलेज माई प्राइड अभियान के संयोजक डॉ. शिवराज सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम में डॉ. ओम कुमारी, प्रो. उदयवीर सिंह,डॉ. सुनील सिंह सेंगर, डॉ सुचित्रा वर्मा, मनोज कुमार गुप्ता, डॉ.अनिल यादव, डॉ. पद्मा त्रिपाठी , डॉ.सुरभि यादव, डॉ.स्नोज यादव, डॉ मुरली कुमार, डॉ. सुजीत कुमार डॉ हिमांशु कुमार, डॉ अंकुर वर्मा,अनुपम मिश्र, कार्यालय अधीक्षक मधुसूदन सिंह , पुस्तकलयध्यक्ष रतन कुमारी ,अंबुज दीक्षित, पवन वर्मा , अवनिन्द्र वर्मा, अंबुज दीक्षित, असलम फैयाज़, आशीष पटेल ,तरुण पटेल, ब्रजेन्द्र सिंह बंटू , प्रमेंद्र, आलोक पटेल आदि शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

# अपर जिला मजिस्ट्रेट ने नगर निकाय चुनाव के नामांकन की तैयारियों का निरीक्षण किया

महोबा। समृद्धि न्यूज



**निकाय** चुनाव में 11 मई को होने वाले मतदान को लेकर सोमवार से नामांकन पत्रों की ब्रिकी का सिलसिला शुरू हो रहा है। नामांकन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

जिले की दो नगर पालिका महोबा और चरखारी सहित तीन नगर पंचायत कुलपहाड़, खरेला और कबरई में दूसरे चरण में 11 मई को मतदान होने है। 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक नामांकन पत्रों को जमा करना है। सोमवार से नामांकन पत्रों की ब्रिकी का सिलासिला शुरू होगा। महोबा नगर पालिका और कबरई नगर पंचायत के उम्मीदवारों के नामांकन तहसील में होने है, जबकि कुलपहाड़ में तहसील में कुलपहाड़ नगर पंचायत के नामांकन होने है। चरखारी नगर पालिका और खरेला नगर पंचायत के नामांकन राजकीय महाविद्यालय में होने हैं।

नामांकन स्थलों में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए है। बैरिकेडिंग के साथ तहसील के मुख्य गेट में वैरियल लगाया गया है। मुख्य गेट पर मैटल डिटेक्टर की भी व्यवस्था की गई है। तलाशी के बाद समर्थकों को नामांकन स्थल में प्रवेश दिया जाएगा आल्हा चौक में भी बैरियर लगाया गया है। नामांकन करने के लिए आने वाले उम्मीदवारों के वाहनों को नामांकन स्थल के पहले रोका जाएगा। नामांकन कक्ष में प्रत्याशी समर्थक, प्रस्तावक आदि ही अंदर जा सकेंगे। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल को तैनात किया गया है जबकि सेक्टर मजिस्ट्रेट भी सुरक्षा पर नजर बनाकर रखेंगे। प्रशासन ने अदेयता प्रमाण पत्र अवकाश में भी जारी करने का निर्णय लिया जिससे उम्मीदवारों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इस बार नामांकन में अदेयता प्रमाण पत्र लगाना होगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट ने नामांकन स्थल में सुरक्षा सहित नामांकन पत्रों की ब्रिकी की तैयारियों का जायजा लिया बताया कि 17 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्यारह बजे से तीन बजे तक नामांकन पत्रों की ब्रिकी और जमा करने का समय निर्धारित किया गया है। नामांकन स्थल पर अदेयता प्रमाण पत्र के लिए काउंटर की व्यवस्था का गई है। अध्यक्ष और सभासद के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। कबरई नगर पंचायत के लिए अध्यक्ष के लिए एक और सभासद के लिए दो काउंटर की व्यवस्था की गई है जबकि महोबा नगर पालिका के लिए अध्यक्ष के लिए एक और सदस्य के लिए तीन काउंटर बनाए गए हैं।


## कार्यालय-ग्राम पंचायत सिसउर अन्दूपुर विकास खण्ड- पण्डरी कृपाल, जिला गोण्डा

पत्रांक / मेमो / टेंडर / प्रकाशन / 2023-24 दिनांकः 15.04.2023

**निविदा सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **सिसउर अन्दूपुर**, विकास खण्ड-पण्डरी कृपाल, जनपद गोण्डा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ग्राम निधि, केंद्रीय वित्त एवं चतुर्थ व पंचम राज्य वित्त, चौदहवां वित्त, पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं मनरेगा अंतर्गत पंचायत भवन निर्माण, साज सज्जा, कंप्यूटर, इनवर्टर, फर्नीचर, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, निराश्रित गोवंश भरण पोषण खाता हेतु सामग्री एवं अन्य निर्माण कार्य हेतु सामग्री-प्रथम श्रेणी ईंट, सीधा खंजड़ ईंट, गिट्टी 40एमएम, पत्थर गिट्टी 20 एमएम, सीमेंट, सरिया, बालू, लाल मोरंग, लोकल बालू, पॉलिथीन, सीट, ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग ब्रिक, एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, एलईडी पोल, हैंडपंप मरम्मत, हैंडपंप रिबोर सामग्री मजदूरी सहित, साइन बोर्ड, सामुदायिक शौचालय, सोकपिट, टीनशेड, नाली निर्माण, पशु शेड निर्माण, सोकपिट निर्माण, सीसी रोड, सफाई कर्मचारी किट, स्ट्रीट लाइट, सोडियम लाइट, फागिंग मशीन, कूड़ादान, कोविड-19 मास्क, सैनिटाइजर, दवा छिड़काव के लिए ब्लीचिंग पाउडर, हाइपोक्लोराइड, प्राथमिक विद्यालय में टाइल्स कार्य, विद्यालय में एमडीएम शेड निर्माण, चारदीवारी, भूसाशेड निर्माण, भूसा, इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक भट्ठा मालिक, पंजीकृत ठेकेदारों व फर्म मालिक अपनी अपनी निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय-**सिसउर अन्दूपुर** में रखे सील्ड बॉक्स में दिनांक 20.04.2023 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। निविदा उसी दिवस में अपरान्ह 4.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/प्रधान में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान**
**कृष्ण कुमार**

**सचिव**
**श्रीमती अरुणिमा वर्मा**

## कार्यालय ग्रा0पं0 निनौरा श्रंखलापुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांकः मीमो /राज्य वित्त/15वां वित्त/कार्य/ 2023-24 दिनांक 16/04/2023

**निर्माण सामिग्री आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत निनौरा श्रंखलापुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 17/04/2023 से 23/04/2023 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 23/04/2023 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 17/04/2023 से 23/04/2023 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | उ0प्रा0 विद्यालय निनौरा श्रंखलापुर में कायाकल्प कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 5.58 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः**- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (मुस्कान बेगम)** **सचिव (अश्वनी यादव)**

**ग्राम पंचायत निनौरा श्रंखलापुर, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।**

# स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाने हेतु प्रशासन ने की सभी तैयारियां पूरी

- चुनाव प्रचार-प्रसार हेतु नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी 9 लाख रुपये तथा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी ढाई लाख रुपए कर सकते हैं खर्च
- मतदान को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु 12 जोनल मजिस्ट्रेट और 42 सेक्टर मजिस्ट्रेट की होगी तैनाती
- 17 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू, 28 अप्रैल को चुनाव चिन्ह होगा आवंटित


पत्रकारों से मुखाबित डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह समृद्धि न्यूज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से सभी समुचित व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नामांकन प्रक्रिया 17 अप्रैल से शुरू हो रही है जो 24 अप्रैल तक चलेगी। 25 अप्रैल को स्क्रूटनी और 27 अप्रैल को जो प्रत्याशी अपना पर्चा वापस करना चाहते है कर सकते है। 28 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा।

रविवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया कि कि नाम निर्देशन पत्रों का विक्रय, प्राप्ति, संवीक्षा, अभ्यर्थन वापसी व प्रतीक आवंटन हेतु तहसील कार्यालय कन्नौज, तहसील छिबरामऊ एवं तहसील तिर्वा स्थल निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन हेतु कुल वार्डो की संख्या 138 है। सदस्य पद हेतु आरओ 27 एवं 27 एआरओ लगाये गए है। इसी प्रकार 3 नगर पालिका परिषद एवं 5 नगर पंचायतों को मिलाकर कुल 8 अध्यक्ष पद हेतु 8 आरओ एवं 16 एआरओ लगाए गए हैं। बताया कि मतदान केंद्रों की संख्या 118 एवं मतदान स्थलों की संख्या 312 है। जोनल मजिस्ट्रेट की संख्या 12 और सेक्टर मजिस्ट्रेट की संख्या 42 है। बताया कि जनपद में पुरुष मतदाताओं की संख्या 136757 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 120955 मिलाकर कुल मतदाताओं की संख्या 257712 है। श्री शुक्ल ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव प्रचार-प्रसार हेतु नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी 9 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं, तथा नगर पालिका सदस्य के प्रत्याशी 2 लाख रुपये तक चुनाव में खर्च कर सकते हैं। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी 2 लाख 50 हजार तक चुनाव में खर्च कर सकते हैं तथा नगर पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी 50 हजार रुपये तक ही खर्च कर सकते हैं। बताया कि मतदान केंद्रों में संवेदनशील मतदान केंद्र 38 एवं स्थल 97 बनाए गए हैं तथा अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र 53 एवं 141 स्थल बनाए गए हैं और अति संवेदनशील प्लस हेतु केंद्र 12 व स्थल 33 बनाये गए हैं। उन्होंने बताया कि तहसील कन्नौज में नवीन मंडी स्थल,जी0टी0 रोड कन्नौज एवं तहसील छिबरामऊ का नवीन मंडी स्थल जी0टी0 रोड छिबरामऊ एवं तहसील तिर्वा स्थित डीएन कालेज में पार्टी रवानगी, प्रस्थान स्थल, प्राप्ति तथा आगमन स्थल, मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं।

बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष पद हेतु मतपत्रों का रंग हरा तथा नगर पंचायत अध्यक्ष का मतपत्र सफेद एवं नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत सदस्य का मतपत्र गुलाबी होगा। प्रत्येक नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र में एक-एक पिंक बूथ बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता पर्ची का वितरण आयोग के दिशा निर्देशानुसार किया जाएगा। निकाय चुनाव को शुचितापूर्ण सम्पन्न कराए जाने हेतु 11 उड़नदस्ता की टीम एवं 08 स्थाई निगरानी टीम नियुक्त की गई है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, अपर जिलाधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार मौजूद रहे।

# पुलिस ने पकड़ी अवैध शस्त्र फैक्ट्री, एक गिरफ्तार

- बने-अधबने असलाह समेत असलाह बनाने वाले उपकरण हुए बरामद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सदर कोतवाली पुलिस ने कटरी क्षेत्र में छापामारी कर अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का भण्डा फोड़कर मौके से एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया। छापामारी में पुलिस टीम ने बने-अधबने कई असलाह तथा असलाह बनाने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी के खिलाफसदर कोतवाली समेत थाना तिर्वा में 12 मुकदमे दर्ज हैं।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा कटरी क्षेत्र में कुसुमखोर के निकट अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित होने की सूचना मिली थी, जिस पर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने तत्काल कार्यवाही करते हुए एसआई प्रमोद कुमार तिवारी, एसआई तरूण सिंह भदौरिया, एसआई दीपक कुमार, एसआई अरुण कुमार चौधरी, एसआई सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल उपदेश कुमार, विकुल कुमार, आवेद, करनपाल, अनुराग और अवधेश के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान की घेराबन्दी कर ली और छापामार कार्यवाही कर तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के कोइलिया किराए गांव का निवासी युवक उम्मन उर्फ ओमप्रकाश शर्मा को दबोच लिया। वहीं पुलिस टीम को यहां से एक बन्दूक 12 बोर, एक रायफल 315 बोर, चार देशी तमंचा 315 बोर, एक देशी अधिया 315 बोर, दो देशी तमंचा 12 बोर, चार जिन्दा कारतूस 315 बोर, आठ खोखा कारतूस 315 बोर, व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा दो कारतूस 12 बोर के अलावा शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली समेत तिर्वा थाने में विभिन्न मामलों के 12 मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जा रही है।


पुलिस हिरासत में आरोपी व बरामद असलाह व बोरी में भरे असलाह बनाने वाले उपकरण समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### युवती से छेड़छाड़ कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसे एक युवक ने युवती के साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़खानी की। जिसका विरोध करने पर धमकी भी दी। युवती के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।
क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित पिता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 06 अप्रैल की देर रात गांव के ही बालेश्वर उर्फराजू वर्मा पुत्र रामशरण ने उसके घर में घुसकर उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की। जिसका विरोध करने पर उक्त युवक ने जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पुलिस ने कच्ची शराब सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शांति व्यवस्था में हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक अभिनेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मलिकपुर स्थित बाबा क्लीनिक के निकट छापेमारी कर एक युवक के पास से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब उस समय बरामद की। जब वह उसे कहीं बिक्री के लिए ले जा रहा था। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम किशन पाल उर्फकेपी पुत्र स्वर्गीय राम सिंह निवासी ग्राम गंगागंज गुरौली बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शनिवार की शाम अपराध नियंत्रण हेतु शांति व्यवस्था में गश्त कर रहे मच पूर्वा चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पाल ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम गढ़िया कछपुरा में छापेमारी कर एक युवक के पास से 12 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम सुशील पुत्र सोने लाल निवासी गढ़िया कछपुरा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### दम्पति सहित पुत्र को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** किसी बात को लेकर दंपति सहित पुत्र के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम राजपुर निवासी ऋषि कुमार पुत्र श्यामलाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की सुबह उसके घर के बाहर बैठे उसके पुत्र के साथ गांव के ही छुन्ना, राजीव, संजू, विपिन ने गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई उसकी पत्नी मुन्नी देवी और उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### तहसीलदार ने मेधावियों को शील्ड, सम्मान पत्र देकर किया सम्मानित

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** एमएलबी ग्रुप ऑफएजुकेशन के एमएलबी इंटर कॉलेज में तहसीलदार बलराम गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में वार्षिकोत्सव व रिजल्ट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेधावियों को शील्ड व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। एमएलबी इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव एवं रिजल्ट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि में रुप में उपस्थित तहसीलदार बलराम गुप्ता ने कहा कि अफलता है एक चुनौती, इसे हमें स्वीकार कर हमेशा लक्ष्य को ध्यान में रखकर पढ़ाई करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ आरके राजपूत मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाबई ने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के अलावा व्यवहारिक ज्ञान पर भी फोकस करना चाहिए। उन्होंने मेधावी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को शैलेंद्र श्रीवास्तव व शिवसेवक शर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर लोगों ने जमकर सराहना की। वहीं, अंकपत्र वितरण में एलकेजी से कक्षा 11 तक कक्षा में पहले तीन स्थानों पर आने वाले छात्र, छात्राओं को रिजल्ट व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थापक भूपेश बाथम, डायरेक्टर हरिहर बाथम, प्रधानाध्यापक राजीव शर्मा, प्रधानाचार्य अरविंद खरे, सुबोध प्रजापति, वीपी सर, अमित, करन सिंह, अभिलाष, विनोद नाग, उपेंद्र भदौरिया, संतोष दुबे, रविंद्र राजपूत, अरविंद श्रीवास्तव, मुकेश मिश्रा, कृपाशंकर, लव कुश, पूर्णा, प्रीतु, सपना, निखार, रंजना, काजल, शिल्पी आदि मौजूद रहे।

# सपा से कन्नौज सदर नगर पालिका अध्यक्ष पद की प्रत्याशी होगीं याशमीन

- समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खां की पत्नी हैं याशमीन, कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने जताई खुशी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को समाजवादी पार्टी ने सदर नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। इससे पहले समाजवादी पार्टी जिले की तीन नगर पालिकाओं व चार नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुकी है। समाजवादी पार्टी ने कन्नौज सदर की नगर पालिका परिषद सीट के लिए पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खां की पत्नी याशमीन के नाम की घोषणा की है, जिससे कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसी तरह सपा ने छिबरामऊ नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए उमर फारूखी उर्फ बंटी तथा गुरसहायगंज नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए राज सिंह चौहान उर्फ छोटे को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं समधन नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए तसनीम सिददीकी, तालग्राम नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए मोसिन खान उर्फ जानू, सौरिख नगर पंचायत अध्यक्ष पद की सीट के लिए मनीष यादव डम्पी, सिकंदरपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए सत्यप्रकाश बाथम उर्फ सत्तन के नाम की घोषणा की है। वहीं अभी तक तिर्वा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी के नाम की घोषणा की गई है।

# टीईटी पास करने के बाद भी रोजगार के लिए भटक रहे युवा

- टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को पांच साल से शिक्षक भर्ती का इंतजार
- बीएड, बीटीसी करने के बाद भी नहीं मिल रहा रोजगार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पिछले पांच वर्षों से शिक्षक भर्ती नहीं निकलने से जनपद के हजारों बीटीसी, बीएड अभ्यर्थी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करने के बाद भी रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। यूपी ही नहीं दूसरे प्रदेशों में निकलने वाली भर्तियों में भी अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लेकिन सफलता कुछ लोगों को ही हाथ आ रही है।

वर्ष 2018 में करीब 69000 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। इसके बाद से बीएड, बीटीसी करने वालों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई। जनपद के हजारों युवा टीईटी को उत्तीर्ण कर सर्टिफिकेट लिए घूम रहे हैं। लेकिन नई भर्ती तो दूर पुरानी भर्ती भी हजारों पदों को लेकर अभ्यर्थी कोर्ट में लड़ाई लड़ रहे हैं। बीटीसी, बीएड करने के बाद शिक्षक भर्ती में आवेदन करने के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा करना आवश्यक होता है। केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष सीटीईटी व प्रदेश सरकार द्वारा टीईटी आयोजित कराई जाती है। जिसमें लाखों की संख्या में अभ्यर्थी शामिल होते हैं। पिछले पांच वर्ष में टीईटी तो आयोजित कराई गई। जिसमें जनपद के भी हजारों अभ्यर्थी शामिल हुए और उत्तीर्ण भी हुए लेकिन शिक्षक भर्ती न निकलने की वजह से टीईटी पास करने के बाद भी रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। युवाओं ने सरकार से शिक्षक भर्ती निकालने की मांग की।

### भर्ती का काफी दिनों से इंतजार : अनुराग राजपूत



रोजगार पाने के लिए काफी पढ़ाई की है, टीईटी भी उत्तीर्ण की है। उम्मीद थी कि शिक्षक बन जाएंगे लेकिन भर्ती ही नहीं निकल पा रही है। भर्ती का काफी दिनों से इंतजार है।

### यूपी के अलावा दूसरे प्रदेशों में भी भर्ती की तलाश : मो. शाहिद



बीटीसी करने के बाद से दो बार सीटीईटी और टीईटी उत्तीर्ण कर चुका हूँ। यूपी के अलावा दूसरे प्रदेशों में भी भर्ती की तलाश है। सरकार को इस बारे में सोचना चाहिए।

### रोजगार नहीं मिल रहा : शुभम दुबे



शिक्षक भर्ती को लेकर काफी सालों से तैयारी कर रहे है। शिक्षक पात्रता परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली है। लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा है। सरकार जल्द से जल्द शिक्षक भर्ती निकाले।

### समय हो रहा बर्बाद : मोहित शुक्ला



तीन बार यूपीटेट और एक बार सीटीईटी उत्तीर्ण कर चुके हैं। लेकिन शिक्षक भर्ती ना निकलने के कारण रोजगार नहीं मिल सका है। समय ऐसे ही निकलता जा रहा है।

# सीएम का आदेश बेअसर, अन्ना मवेशी अब भी सड़कों पर

- अभियान के नाम पर हुई खानापूर्ति

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

पिछले कुछ वर्ष से अन्ना गोवंश बड़ी समस्या किसानों के साथ-साथ जीटी रोड पर वाहन चालकों के लिए भी मुसीबत बने हुए हैं। तमाम प्रयास, मुख्यमंत्री के आदेश, गौशाला के खुलने के बाद भी यह समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 6 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया था। कि इसके बाद सड़कों पर अन्ना गोवंश न दिखाई दे। इसके बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

रविवार को कस्बा जलालाबाद में जीटी रोड पर अन्ना गोवंश विचरण करते नजर आए। इस दौरान वाहन व पैदल राहगीर किसी तरह से बचते बचाते निकलते दिखाई दिए। अक्सर देखा जाता है कि सड़कों पर अन्ना मवेशी विचरण करते दिखाई देते हैं। यह समस्या तो मानो नासूर वही बन चुकी है। यही स्थितियां तब है। जब सरकार के आदेश पर हर ग्राम पंचायत में गौशाला खोलने, गोवंशो को पर्याप्त भूसा, चारा उपलब्ध कराने के साथ ही अन्ना गोवंश को पकड़ने के लिए अभियान चलाए जा रहे। फिर अन्ना गोवंश की समस्या से निजात नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने सड़कों पर घूम रहे। अन्ना गोवंश को पकड़ कर गौशाला में संरक्षित करने की जिला प्रशासन से मांग की है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों पहले समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उ.प्र. असीम अरुण ने अधिकारियों को अभियान चलाकर सड़कों पर विचरण कर रहे अन्ना गोवंशों को पकड़ कर गौशाला में संरक्षित करने के निर्देश दिए थे। मंत्री के आदेश का पालन कुछ दिन तो होता दिखाई दिया। उसके बाद इस अभियान की मुहिम दम तोड़ गई। माना जा रहा है कि अधिकारी मंत्री के आदेश का पालन करते नही दिखाई दे रहे है।


सड़क पर विचरण करते गोवंश समृद्धि न्यूज

### बोले खण्ड विकास अधिकारी

खण्ड विकास अधिकारी निरंजन त्रिवेदी से दूरभाष पर बात की तो उन्होंने बताया कि जलालाबाद में गौशाला के लिए पर्याप्त जगह नही है। जिससे गौशाला बनाई जा सके। और गौवंश नहीं है तो गौशाला की आवश्यकता भी नही है। जब कि फ़ोटो में साफदेखा जा सकता है कि गौवंश सड़को पर घूम रहे है ।उन्होंने बताया कि यह तो ग्रामीण दूध खाकर खुद छोड़ देते है। तो ब्यबस्था कैसी बनाई जाए। जलालाबाद में रेकरिंग सेंटर नही बना पा रहा है तो गौशाला कैसे बनाई जाए।

## विश्व हीमोफीलिया दिवस पर विशेष

# माता पिता से बच्चे को जन्म से मिलता है हीमोफीलिया : डॉ. सुरेश

- दस हजार में से एक पुरुष में होता है हीमोफीलिया, अनुवंशिक बीमारी है हीमोफीलिया : प्रमोद दुबे

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




हीमोफीलिया आनुवंशिक रोग है, जिसमें शरीर के बाहर बहता हुआ रक्त जमता नहीं है। इसके कारण चोट या दुर्घटना में यह जानलेवा साबित होती है क्योंकि रक्त का बहना जल्द ही बंद नहीं होता। अत्यधिक मात्र में रक्तस्त्राव होने से रोगी के शरीर में विकृति एवं कमजोरी आ जाती है। आमतौर पर ऐसे मरीजों को क्लोटिंग फेक्टर कि दवाएं दी जाती हैं। हीमोफिलिया को लेकर जागरूकता के लिए हर वर्ष 17 अप्रैल को विश्व हीमोफिलिया दिवस मनाया जाता है। यह विश्व फेडरेशन ऑफ़ हीमोफिलिया की एक पहल है। इस वर्ष की थीम ÷सभी के लिए पहुंच देखभाल के वैश्विक मानक के रूप में रक्तस्त्राव की रोकथाम÷ है।

जिला अस्पताल में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश यादव बताते है कि यह रोग माँ बाप से बच्चे पर आता है, यानी यह रोग अनुवांशिक होता है। इस रोग से पीड़ित लोगों में क्लोटिंग फैक्टर अर्थात खून के थक्के बनना बंद हो जाते हैं।

सामान्य लोगों में जब चोट लगती है तो खून में थक्के बनाने के लिए ज़रूरी घटक खून में मौजूद प्लेटलेट्स से मिलकर उसे गाढ़ा कर देते हैं। इस तरह खून अपने आप बहना बंद हो जाता है, लेकिन जो लोग हीमोफिलिया से पीड़ित होते हैं, उनमें थक्के बनाने वाला घटक बहुत कम होता या होता ही नहीं है। इसलिए उनका खून ज्यादा समय तक बहता रहता है। अक्सर इस रोग का पता आसानी से नहीं चलता है, जब बच्चे के दांत निकलते हैं और खून बहना बंद नहीं होता तब इस बीमारी के बारे में पता चल सकता है। इसीलिये गर्भधारण से पूर्व माता और पिता का मेडिकल चेकअप होना बहुत आवशयक है।

इस तरह से समय रहते इलाज होना संभव होता हैद्य बीमारी पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती है। नेशनल हेल्थ पोर्टल के अनुसार लगभग दस हज़ार पुरुषों में से एक पुरुष को हीमोफिलिया होने का खतरा रहता। महिलाएं इस रोग के वाहक के रूप में ज़िम्मेदार होतीं हैं।

### पहचाने हीमोफीलिया के लक्षणों को

शरीर लाल, नीले, काले गांठदार चकत्ते, जोड़ों में सिहरन महसूस करना। सूजन, दर्द या त्वचा गरम हो जाना। मांसपेशिओ में दर्द या असपष्ट तकलीफ। चिडचिड़ापन, उल्टी, दस्त, ऐंठन, चक्कर आदि आना। सांस लेने में समस्या। खून या काला गाढ़े घोल जैसे पदार्थ की उल्टी करना।

### बरतें सावधानियाँ

प्राथमिक इलाज के तौर पर चोट लगे भाग पर बर्फकी सिंकाई करना। चोट को क्रेप बेंडेज से बांध कर ऊंचा रखे। एनासिन या एस्परीन साल्ट वाली दवाओं का सेवन नहीं करना चाहिए, यह रक्तस्त्राव को बढ़ा देती हैं। मांसपेशिओ में सुई नहीं लगवानी चाहिए। बीमारी के लक्षण पता होने के बाद चिकित्सीय परामर्श में विलम्ब नहीं करना चाहिए।

# बसपा में टिकिट वितरण को लेकर जाटव समाज ने फूंका विद्रोह का बिगुल

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी की निकाय चुनाव में प्रत्याशियों के चुनाव में जाटव समाज को अनदेखा करना कही भारी न पड़ जाये। लेकिन बसपा में मिल रही घात को अब जाटव समाज सहन करने को कतई तैयार नहीं दिख रही हैं यही कारण है कि उसने बसपा का विरोध करते हुये विद्रोह का बिगुल फूंक दिया है।

जनपद जालौन में 7 नगर पंचायतें व 4 नगर पालिकाओं के आरक्षण में एक भी प्रत्याशी बसपा ने जाटव समाज को नही दिया। जिसको लेकर जाटव समाज अपने साथ हुए धोखे को हजम नहीं कर पा रहा हैं। जनपद में तीन सीटे आरक्षित वर्ग को दी गई। जिसमें कही भी जाटव समाज को वरीयता नहीं दी गई। रामपुरा में बसपा से जाटव समाज से एक प्रत्याशी द्वारा अपनी दावेदारी मजबूती से पेश की थी। जिसके साथ मुश्लिम समाज पूरी तरह से सपोर्ट में आने को तैयार था। आकड़ो के हिसाब से लगभग 11 हजार की वोटिंग का अस्तित्व रखने वाली नगर पंचायत रामपुरा में 2450 मतदाता अनुसूचित जाति तथा 1600 मतदाता मुस्लिम समुदाय का हैं। पूर्व के नगर पंचायत के चुनाव में जाटव समाज ने अपना समर्थन दोहरे समाज को देकर चुनाव जिता चुके है। टिकट न मिलने पर जाटव समाज ने बसपा के टिकट वितरण की घोषणा होने के बाद बैठक कर बसपा के विरोध में जाने के लिए लामबंद हो गया। जिसका फायदा अन्य दलों को भी मिल सकता हैं। रामपुरा में दोहरे समाज पर सपा व बसपा दोनों दलों ने भरोसा जताते हुए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी हैं।

### बसपा ने हर चुनाव में जाटव समाज का किया तिरस्कार

जब से बहुजन समाज पार्टी का गठन हुआ है तब से आज तक जनपद जालौन में जाटव समाज की किसी प्रकार की भागीदारी नहीं दी गई है चाहे लोकसभा का चुनाव हो चाहे विधानसभा का चुनाव हो चाहे जिला पंचायत का चुनाव चाहे नगर पालिका का चुनाव और तो और संगठन में भी विधानसभा स्तर से लेकर जिला स्तर तक कभी भी जाटव समाज को नेतृत्व करने का मौका नहीं दिया गया है। खासतौर से अहिरवार समाज एवं दोहरे समाज को भागीदारी दी गई है एवं नेतृत्व दिया गया है। जबकि जनपद जालौन में जाटव समाज का 70 हजार वोट है। इसका उदाहरण है की जाटव समाज ने अपने बलबूते पर मलखान सिंह को एक बार विधायक बनाया एवं जालौर नगर पालिका से दो बार जाटव समाज का चेयरमैन रहा है। जाटव समाज का बहुजन समाज पार्टी में हमेशा तिरस्कार किया गया है अहिरवार समाज, जाटव समाज को कभी आगे नहीं बढ़ने देता है

# शांति व्यवस्था को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया पैदल मार्च

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी कालपी देवेंद्र पचौरी द्वारा अपराध नियंत्रणध्शांति एवं कानून व्यवस्था तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना कालपी क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त किया तथा ड्यूटीरत पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने हेतु को निर्देश दिये गये !

माफिया अतीक और उसके भाई की हत्या की खबर को लेकर सभी जगह पुलिस सतर्क थी वैसे कालपी में तो पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के दिशा निर्देशन में कालपी सी ओ के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नित्य प्रति ही गश्त किया जाता रहता है लेकिन आज ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कालपी अभिषेक कुमार और कालपी सीओ देवेंद्र पचौरी, तहसीलदार कालपी सुशील कुमार सिंह खुद पुलिस बल के साथ मार्च करते देखे गये उन्होंने पहले पूरे फोर्स के साथ मार्च किया फिर आर्यावर्त बैंक के सामने परेड कराई और किसी भी वारदात से कैसे निबटना है यह भी सिखाया गया उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि यदि कहीं भी कोई भी जरा सी भी शांति भंग करने की कोशिश करें तत्काल कार्यवाही अमल में लाई जाये रात्रि में भी पुलिस गश्त तेज करने के निर्देश दिये इस मौके पर बहुत ही शांतिप्रिय लेकिन आपराधियों के प्रति बेहद सख्त रहने वाले शहर कोतवाल जितेन्द्र सिंह के अलावा पूरा पुलिस और पीएसी बल के जवान भी इस दौरान मौजूद रहे।


नगर में पैदल गश्त करते एसडीएम व सीओ साथ में पुलिस बल समृद्धि न्यूज

# ट्रैक्टर ने वृद्धा को कुचला, मौत, चालक मौके से फरार

▸ चारपाई पर बैठी थी वृद्धा, तभी घटी घटनास



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ़्तार टैक्टर ने चारपाई पर बैठी वृद्धा को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

नगर के मोहल्ला काजी टोला निवासी 75 वर्षीय कमरजहां पत्नी महमूद अली घर के सामने खोखे के पास चारपाई पर बैठी हुई थी, तभी तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने चारपाई पर बैठी वृद्धा को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस दौरान चालक कूदकर फरार हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन वृद्धा को आनन-फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया।

# धोखाधड़ी में बैंक प्रबंधक सहित छह पर मुकदमा दर्ज

▸ फर्जी दस्तावेज से लोन लेने का मामला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कूटरचित दस्तावेज दिखाकर बैंक से लोन ले लेने के मामले में शाखा प्रबंधक सहित छह लोगों के विरुद्ध पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शहर कोतवाली मोहल्ला हरभगत स्ट्रीट निवासी संदीप आदित्य पुत्र ऋषि देव ने शहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसने व उसके भाई ने एक आवासीय भवन खारबंदी अंगूरी बाग पुलिया बांसमंडी में रेनू बाथम पत्नी नरेंद्र कुमार बाथम, वंदना बाथम पत्नी हृदेश कुमार निवासी घोड़ा नखास से 6 फरवरी 2019 को खरीदा था। बैनामा में गवाह रेनू बाथम पति नरेंद्र कुमार पुत्र विपिन बिहारी, वंदना बाथम के पति हृदेश कुमार उक्त, रेनू बाथम, वंदना बाथम, हृदेश बाथम, नरेंद्र कुमार ने प्रार्थी व उसके भाई को बिक्रय किए गये आवासी भवन को अपना स्वामित्व दिखाकर भारतीय स्टेट बैंक रेलवे रोड के फील्ड ऑफीसर व शाखा प्रबंधक से सांठगांठ कर षड्यंत्र के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर विपिन गार्डन अंगूरी बाग बांसमंडी के नाम 10 नवंबर 2020 को ऋण स्वीकृत करा लिया। इसके अलावा सभी लोगों ने मिलकर विपिन गार्डन का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन भी करा दिया। शाखा प्रबंधक के साथ मिलकर मेरी वह मेरे भाई कि कीमती संपत्ति धोखाधड़ी करने की नियत से ऐसा किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शाखा प्रबंधक सहित उपरोक्त सभी लोगों के विरुद्ध धारा 409, 420, 467, 468, 471 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# कंप्यूटर आपरेटर के घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी व सोने-चांदी के जेवरात किये पार

▸ पीड़ित बच्चे की दवाई लेने गया है दिल्ली, भाई ने पुलिस को दी सूचना



**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** संविदा कंप्यूटर आपरेटर के घर का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने हजारों की नकदी तथा लाखों के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिये। घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला बाग निवासी अवधेश कुमार पुत्र जगन्नाथ सीएचसी में संविदा कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत है। परिवार के साथ बच्चे की आंख की दवा लेने के लिए दिल्ली गया था। घर पर ताला लगा था। बीती रात अज्ञात चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह जब मोहल्ले वाले मॉर्निंग वॉक के लिए जा रहे थे तो मुख्य का गेट का ताला टूटा पड़ा देख पीड़ित के भाई बांकेलाल की पुत्री वर्तिका को दी।

मौके पर पहुंची वर्तिका ने जाकर देखा तो उसके होश उड़ गये। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित के भाई के अनुसार चोर लगभग 25 हजार की नगदी तथा ढाई लाख रुपए सोने चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर ले गये। पीड़ित के भाई का कहना है कि परिजनों के आने पर घटना की तहरीर दी जायेगी। पुलिस का कहना है कि चोरी की सूचना मिली थी कि मौके पर पहुंचकर जांच की गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। लगातार हो रही चोरियों से मोहल्लेवासियों में रोष व्याप्त है।

# माता-पिता से बच्चे को जन्म के समय मिलता है हीमोफीलिया:डॉ0 शिवाशीष



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हीमोफीलिया आनुवंशिक रोग है जिसमें शरीर के बाहर बहता हुआ रक्त जमता नहीं है। इसके कारण चोट या दुर्घटना में यह जानलेवा साबित होती है, क्योंकि रक्त का बहना जल्द ही बंद नहीं होता। अत्यधिक मात्रा में रक्तस्राव होने से रोगी के शरीर में विकृति एवं कमजोरी आ जाती है। आमतौर पर ऐसे मरीजों को क्लोटिंग फैक्टर कि दवाएं दी जाती हैं। हीमोफीलिया को लेकर जागरूकता के लिए हर वर्ष 17 अप्रैल को विश्व हीमोफिलिया दिवस मनाया जाता है। यह विश्व फेडरेशन ऑफ हीमोफिलिया की एक पहल है। इस वर्ष की थीम सभी के लिए पहुंच देखभाल के वैश्विक मानक के रूप में रक्तस्राव की रोकथाम है। डॉ0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय महिला के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 शिवाशीष उपाध्याय बताते हैं कि यह रोग माँ बाप से बच्चे पर आता है। यानी यह रोग अनुवांशिक होता है। इस रोग से पीड़ित लोगों में क्लोटिंग फैक्टर अर्थात खून के थक्के बनना बंद हो जाते हैं। सामान्य लोगों में जब चोट लगती है तो खून में थक्के बनाने के लिए। जरूरी घटक खून में मौजूद प्लेटलेट्स से मिलकर उसे गाढ़ा कर देते हैं। इस तरह खून अपने आप बहना बंद हो जाता है। लेकिन जो लोग हीमोफिलिया से पीड़ित होते हैं उनमें थक्के बनाने वाला घटक बहुत कम होता या होता ही नहीं है। इसलिए उनका खून ज्यादा समय तक बहता रहता है। इस बीमारी के बारे में पता चल सकता है। इसीलिये गर्भधारण से पूर्व माता और पिता का मेडिकल चेकअप होना बहुत आवश्यक होता है। इस तरह से समय रहते इसका इलाज होना संभव होता है।

# एक दो दिन में भाजपा व सपा घोषित कर सकती है अपने प्रत्याशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निकाय चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया प्रारम्भ हो रही है, लेकिन किसी भी दल ने अभी तक अपने प्रत्याशी खोले नहीं है। भाजपा में दावेदारों की लंबी फेहरिस्त रही। 15 दावेदारों में से तीन का पैनल बनाकर पार्टी मुख्यालय भेजा गया। अब उसमें से कोई एक उम्मीदवार बनाया जायेगा। वहीं सपा में भी सभी क्षेत्र से दावेदारों ने टिकट के लिए दावेदारी की है। कोर कमेटी की बैठक हो चुकी है, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। वहीं सूत्रों की मानें, तो 19 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। सपा भी एक दो दिन में अपने प्रत्याशियों की घोषणा करेगी। ऐसा समझा जा रहा है। दोनों दलों द्वारा प्रत्याशियों की घोषाणा न होने से अभी संशय की स्थिति बनी हुई। वहीं कांग्रेस, बसपा, आम आदमी की ओर से कोई खास राजनैतिक चर्चा सामने नहीं आ रही है। इस तरीके से सोमवार को नामांकन के पहले दिन जिला मुख्यालय पर विशेष गहमागहमी रहने की उम्मीद नहीं दिखायी दे रही है।

# मोमबत्ती से लगी आग से गृहस्थी जलकर हुई राख



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** बीती रात मोमबत्ती से लगी आग से गृहस्थी का सामान जल गया। तेज हवा से आग ने देखते ही देखते विकराल रुप धारण कर लिया। ग्रामीण ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुलसार थाना क्षेत्र के ग्राम नयागाँव निवासी रवि पुत्र रामौतार के खेत में गेंहू की कटाई हुई थी। गेंहू घर पर आ गया था। भूसा घर में भरा जा रहा था। उसी दौरान लाइट चली गयी। अँधेरा होने पर रवि की पत्नी सपना नें मोमबत्ती बेड के कोने पर जला कर रख दी। अचानक मोमवत्ती गिर गयी। जिससे कपड़ो में आग लग गयी। जब तक कोई कुछ समझ पता आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घर में आग लगी देख रवि की पत्नी सपना चीखनें लगी। उसकी चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गये, लेकिन तब तक आग ने पूरे घर को अपने गिरफ्त में ले लिय। ग्रामीणों नेदमकल को सूचना ना देकर पंपिग सेट से खुद ही आग बुझाना शुरू किया। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों नें आग तो बुझा ली लेकिन रवि की बीते चार माह पूर्व ही बसी गृहस्थी जलकर राख हो गयी।

रवि ने बताया कि उसकी शादी में मिला फ्रिज, कूलर, सिलाई मशीन, वाशिंग मशीन, अलमारी, डेसिंग टेबल व कपड़े आदि जलकर राख हो गये। गेंहू को किसी तरह बचा लिया गया। ड्रेसिंग टेबिल में रखे 24 हजार रूपये भी खाक हो गये। रवि की पत्नी सपना का जेवरात व ननद अल्लागंज निवासी रीना के भी दो हजार रूपये जल गये। तहसीलदार संतोष कुशवाहा नें बताया कि लेखपाल भेजकर क्षति की जाँच कराकर रिपोर्ट भेज दी जायेगी।

# रमजान के आखरी अशरे में खूब इबादत करें

▸ नखास निवासी साहिद अली के 10 वर्षीय बेटे सुभान अली ने रखा पहला रोजा, मांगीं मुल्क की सलामती की दुआएं



रोजा कुसाई के दौरान मौजूद बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुकद्दस माहे रमजान मुबारक का तीसरा और आखरी अशरा चल रहा है। नखास निवासी मासूम बच्चों ने पहला रोजा रखा तो सामूहिक रोजा अफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें परिजनों के अलावा निकट संबंधी शामिल हुए और बच्चों को उपहार भेंट किए।

जानकारी के अनुसार माहे रमजान मुबारक का पाक महीना अब आखरी पड़ाव पर है और आखरी अशरा भी चल रहा है। विभिन्न स्थानों पर रोजा अफ्तार के आयोजन हो रहे है। साथ ही बच्चे भी अपना फला रोजा रखकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाश्त कर नखास में सुभान ने अपना पहला रोजा रखा और मुल्क की तरक्की अमनो अमान के साथ ही कोरोना के खात्मे के लिए भी दुआएं मांगी। घर में ही नमाज पढ़ने के साथ ही कुरआन की तिलावत भी करते रहे। सुभान अली ने बताया मैंने पहली बार रोजा रखा है। पिछले कई महीने से रमजानुल मुबारक के महीने का बेसब्री से इंतजार कर रहा था।

रोजा रखने के साथ-साथ अपने परिवार के साथ कोरोना के खात्मे के लिए दुआ की। रोजा रखने पर मेरे पूरे घर में खुशी का माहौल है। मुझे पहला रोजा रखकर बहुत अच्छा लगा। आगे भी रोजा रखूंगा और अल्लाह से देश के अमन चैन के लिए दुआ करुंगा। इस अवसर पर हाफिज निसार ने कहा कि रमजान के आखरी अशरे में खूब खूब इबादत करें। इस दौरान बच्चे का सभी ने उत्साह बढ़ाया और कहा कि अल्लाह इसको जीवन में तरक्की अता करे। इस मौके पर हाजी अकरम, मो0 मिन्हाज मीर खां, हाजी असद हुसैन, शादाब अली गुड्डू, नोमान अली, फरहान अली, महताब अली, ताजीन अली, अमान खां, अतीक पेंटर, नसीम पेंटर आदि मौजूद रहे।

# जिला स्कूल के निकट की सोडियम लाइट महीनों से खराब, नागरिकों में रोष

▸ कई बार शिकायत के बावजूद नहीं चेती नगर पालिका

▸ प्रकाश प्रभारी बोले सोडियम लाइट का काम ही बंद हो गया, शीघ्र एलईडी लगवायेंगे



जिला स्कूल के पास खराब सोडियम लाइट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर के वार्ड नंबर 29 ब्रह्मनगर में राजकीय इंटर कालेज जो कि शहर का एक प्रमुख शिक्षण संस्थान है के पड़ोस में लगी सोडियम स्ट्रीट लाइट लम्बे अरसे से खराब पड़ी हुई है। कई बार सभासद ने नगर पालिका से इस बात की शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

हर बार कुछ न कुछ बहाना बनाकर टरका दिया जाता रहा। धीरे-धीरे चुनाव आ गया और आचार संहिता भी लागू हो गई, लेकिन लाइट नहीं संभली। मुख्य मार्ग के किनारे लगी लाइट के खराब हो जाने के कारण लोगों को अंधेरे में से गुजरना पड़ता है। सभासद प्रतिनिधि का कहना है कि नगर पालिका से शिकायत की गई, लेकिन लाइट नहीं संभली। उधर नगर पालिका के प्रकाश प्रभारी विजय शुक्ला ने बताया कि सोडियम लाइट का नगर पालिका से काम बंद हो गया है। साथ ही रिपेयरिंग के लिए कोई सामान नहीं आता तो कैसे रिपेयर होगी। एलईडी लाइटों को मंगाने के लिए आर्डर कर दिया गया है। जैसे ही लाइटें आती हैं तुरन्त लाइटों को बदलवा दिया जायेगा।

# विधायक अमृतपुर पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग

▸ भाकियू ने जिलाध्यक्ष की हालत बिगड़ने पर जतायी चिंता, रोष व्याप्त



एडीएम को ज्ञापन सौंपतीं सुलक्षणा सिंह व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी अपने साथी बबलू सोमवंशी के साथ विधायक अमृतपुर की क्षत्रिय समाज पर की गई टिप्पणी के विरोध में पिछले तीन दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। गत देर शाम उनकी व उनके साथी की हालत बिगड़ गई। जिससे उन्हे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विश्व क्षत्रिय परिषद के वीरांगना नेत्री सुलक्षणा सिंह ने इस संदर्भ में अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति को ज्ञापन सौंपा और कहा कि विधायक को सार्वजनिक रुप से माफी मांगनी चाहिए। ज्ञापन में कहा गया कि प्रशासन विधायक के कहने पर चल रहा है। यदि ऐसे में भाकियू जिलाध्यक्ष व उनके साथी के साथ घटना घटती है तो इसकी जिम्मेदारी विधायक अमृतपुर की होगी। ज्ञापन में धरने पर बैठे लोगों के घर की सुरक्षा कराने की मांग की गई। वहीं विधायक अमृतपुर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाने की मांग उठायी गई। वहीं दूसरी ओर भारतीय किसान यूनियन की पंचायत मुन्नालाल सक्सेना के निवास पर हुई। जिसमें भूख हड़ताल पर बैठे जिलाध्यक्ष की हालत बिगड़ने पर चिंता व्यक्त की गई और कहा गया कि यदि विधायक अमृतपुर ने सार्वजनिक रुप से माफी नहीं मांगी तो उन्हें परिणाम भुगतना पड़ेगा। विधायक अपनी गलती स्वीकार करें और सार्वजनिक रुप से माफी मांगे। बैठक में प्रताप सिंह गंगवार, विनीत कुमार, शिवराज सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये।

# खबरें चलते-चलते

## अशोक सिंघल विश्व हिन्दू अंतर्राष्ट्रीय परिषद के पदाधिकारी घोषित

**फर्रुखाबाद (सं.)।** स्व0 अशोक सिंघल हिन्दू अंतर्राष्ट्रीय परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी. गुप्ता ने दिल्ली बिहार के विशाल को युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व महिला अध्यक्ष शाहजहांपुर की अमानिका गुप्ता को व विजय सोनकर को राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज दास को राष्ट्रीय मंत्री, प्रवीण कुमार गुप्ता, भूपेंद्र को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, मनोज गुप्ता, सोनू को जिलाध्यक्ष इटावा, आनन्द वर्मा को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, प्रशांत कुमार को अध्यक्ष गाजियाबाद विपिनचंद्र को प्रदेश संरक्षक, करन सिंह को युवा शहर अध्यक्ष दिल्ली, हिमांशु को आगरा शहर का अध्यक्ष, राम सेवक को इटावा जिलाध्यक्ष ग्रामीण, लालता प्रसाद को मैनपुरी का जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

## पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जहानगंज पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार के परिवेक्षण में क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना जहानगंज थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने अपने हमराह एसआई राहुल सिंह, बृजवीर सिंह, शनि कुमार रवि, मंजीत सिंह, कुलदीप सिंह के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी वारंटी अवधेश कुमार पुत्र स्व0 हरिशंकर निवासी गदनपुर तुर्रा, संतोष कुमार पुत्र स्व0 हरीशंकर, अरविन्द कुमार पुत्र जगदीश निवासी मझगांव, बलवीर पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम बरुआ, अतुल पुत्र स्व0 गिरिश चन्द्र निवासी छेदा सिंह पट्टिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि यह लोग आपस में झगड़ा कर रहे थे।

# आमरण अनशन पर किसान नेताओं की हालत बिगड़ी, लोहिया में भर्ती



अस्पताल में भर्ती किसान नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाकियू भानू गुट के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी व उनके साथी बबलू सिंह की लगातार तीसरे दिन भूख हड़ताल जारी रही। भारी गर्मी के कारण उनकी हालत बिगड़ गई। जिन्हे एसडीएम अमृतपुर व सीओ ने जमापुर स्थित घटना स्थल से लोहिया में भर्ती कराया। नरेन्द्र सोमवंशी ने कहा कि जब तक विधायक माफी नहीं मांगते अनशन जारी रहेगा। अस्पताल में दोनों किसान नेताओं ने दवा लेने से इनकार कर दिया और कहा कि उन्हें अनहोनी की आशंका है। नरेन्द्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि उनके पिता हार्ट के मरीज है यदि कोई परेशानी हुई तो इसकी जिम्मेदारी विधायक अमृतपुर व जिला प्रशासन की होगी। मालूम हो कि किसान नेता विधायक अमृतपुर के खिलाफ आमरण अनशन पर है।

# डीएम व एसपी ने किया फ्लेगमार्च, जनता से शांति बनाये रखने की अपील



फ्लेगमार्च करते डीएम व एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत के साथ-साथ प्रदेश स्तर पर हाई अर्लट के चलते जिला के आलाधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ नगर की सड़कों पर फ्लेग मार्च किया और सभी से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। चिलचिलाती हुई धूप में डीएम संजय कुमार सिंह एवं एसपी अशोक कुमार मीणा ने मातहतों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर फ्लेग मार्च में भागीदारी की और आवश्यक निर्देश दिये। जिला मुख्यालय से लेकर गुरुगांव देवी मंदिर तक निकाले गये फ्लेग मार्च में डीएम, एसपी बराबर पैदल चलते रहे और आसपास के लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने की अपील की। ईद का त्योहार भी निकट आ रहा है। इसके चलते फ्लेग मार्च में भाग लेने वाले अधिकारियों ने त्योहार पर सौहार्द का वातावरण बनाये रखने की अपील की। फ्लेग मार्च में पुलिस, पीएसी के अलावा, सीओ, एसएचओ, एसओ, उ0नि0, पुलिस के जवान आदि शामिल रहे। वहीं नगर के मुख्य तिराहों व चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती रही। एसपी अशोक कुमार मीणा ने कहा कि फर्रुखाबाद को जोनल सेक्टर स्कीम के अन्तर्गत रखा गया है। इसके चलते सभी को निर्देशित किया गया है कि कोई भी ऐसी टिप्पणी अथवा पोस्ट न करें जिससे तनाव का वातावरण पैदा हो। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त पुलिस बल को भी सक्रिय किया गया है। उधर बताया गया कि पुलिस सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर नजर बनाये हुए है। सर्विलांस व साइबर टीमें 24 घंटे मॉनिटरिंग कर रहीं हैं। इसलिए सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न डाले, अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यावाही की जायेगी

# फोटो क्लब के तत्वावधान में कैमरों की लगी प्रदशनी

▸ ठंडी सड़क स्थित एक गेस्ट हाउस में हुआ आयोजन



फोटो प्रदर्शनी में सम्मानित होते प्रदेश अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फोटो क्लब के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन के द्वारा कैमरों की वर्कशॉप का आयोजन ठंडी सड़क स्थित एक गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिनेश चंद वर्मा (अध्यक्ष उत्तर प्रदेश फोटोग्राफर एसोसिएशन) एवं विशिष्ट अतिथि अमर सिंह (डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर) दीपक कपूर (जोनल हेड) राजीव कुमार टंडन ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि दिनेश चंद्र वर्मा का जिला प्रभारी अमित राठौर एवं जिला अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सचिव स्वतंत्र प्रकाश वर्मा एवं सह सचिव जोगिंदर ने विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पैनासोनिक कंपनी के ट्रेनिंग मास्टर अमित सक्सेना ने आए हुए फेटोग्राफरों को कैमरे की बारीकियों से रूबरू कराया एवं उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। फ्यूजी कंपनी ट्रेनिंग मास्टर राजकुमार ने आज के बदलते समय में आधुनिक फोटोग्राफी की जानकारी दी इसमें प्रीवेडिंग फोटोग्राफी, वेडिंग फोटोग्राफी, लाइट सेट फोटोग्राफी, कैंडिड फोटोग्राफी के विषय में जानकारी दी। वही कार्यक्रम में फ्यूजीफिल्म, पैनासोनिक, निकॉन, सोनी, कैनन, मंत्रा आदि विभिन्न कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाकर लोगों को जानकारिया दीं। कार्यक्रम में जनपद के फोटोग्राफर ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुकेश शुक्ला, अनुराग पांडेय, राम प्रकाश चौरसिया, नीलू कटियार, नरेन्द्र पांडेय, प्रदीप वर्मा, विकास तिवारी, अलोक मिश्रा, फोटो क्लब की टीम में आगंतुकों का स्वागत किया। इस मौके पर जिला प्रभारी अमित राठौर, जिलाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, मनोज शर्मा, स्वतंत्र प्रकाश वर्मा, जोगेन्द्र सिंह, नन्द किशोर चौरसिया, संदीप चौहान, सोनू शुक्ला, अनुराग पाण्डेय रिंकू, मुकेश शुक्ला, संजय गर्ग के अलावा विभिन्न क्षेत्र से आये फोटोग्राफर मौजूद रहे।










# गंगा में डूबकर युवक की हुई मौत

- अपने दो भाइयों के साथ नाव पर बैठकर खाना देने जा रहा था युवक
- गोताखोरों ने कड़ी मेहनत के बाद शव को बाहर निकाला



घटनास्थल पर रोते बिलखते परिजन व मौजूद ग्रामीण



**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पिता को खाना देने जा रहा पुत्र गंगा में डूब गया। गोताखोरों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव कुंडपुरा निवासी गौरव उम्र 16 वर्ष पुत्र छोटे रविवार सुबह अपने भाइयों के साथ अपने पिता को खाना देने के लिए नाव से गंगा पार करके जा रहा था। गंगा जी को पार करते समय बीच गंगा के पास में लग्गी फंस गई। जिसके कारण गौरव गंगा में लग्गी को निकाल नहीं पाया और लग्गी निकालने के चक्कर में खुद अंदर चला गया। उसके साथ में नाव पर उसका छोटा भाई गोलू उम्र 14 वर्ष, ऋषभ 12 वर्ष यह सब रोते चिल्लाते रहे, लेकिन कुछ कर नहीं पाए। जिसके बाद में नाव अपने आप किनारे पर लग गई। यह दोनों बच्चे खेत में गेहूं काट रहे अपने पिता के पास बाद में खाना लेकर पहुंचे तथा पूरी घटना की जानकारी दी। जिसके बाद में वहां हाहाकार मच गया। छानबीन शुरू हुई। लगभग 3 घंटे की कड़ी मशक्त के बाद गोताखोर शव को निकाल पाये। बताते चलें मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का सबसे बड़ा भाई सौरभ तथा दूसरे नंबर का गौरव, तीसरे नंबर का गोलू, 4 नंबर का ऋषभ था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे अमृतपुर सीओ रविंद्र नाथ राय, थाना अध्यक्ष अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इधर माता सुनीता व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दबंगों ने युवक व उसकी भाभी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आयी युवक की भाभी को भी दबंगों ने मारापीटा। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के अधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मिल्कमौज मुल्ला निवासी विनीता देवी पत्नी विमलेश कुमार लोधी राजपूत ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह बीती रात 8 बजे घर के बाहर चबूतरे पर बैठी थी, तभी गांव के दबंग अमन कुमार, समरे कुमार पुत्रगण हंसराज आये और पीड़िता के देवर प्रभाकर के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। जिससे उसे काफी चोटे आयी है। जब बचाने पहुंची पीड़िता तो उसे भी मारापीटा। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# बंटवारे को लेकर भाईयों में खूनी संघर्ष, एक की मौत

- मारपीट के दौरान हो गया था घायल



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के बंटवारों को लेकर भाईयों में हुई मारपीट में घायल हुए युवक की हायर सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव तेज नगला निवासी राजेश पुत्र सरवन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 14 अप्रैल को भाई अवधेश कुमार घर के बाहर चबूतरे पर बैठे हुए थे, तभी उपनेश कुमार, राकेश कुमार पुत्रगण सरवन सिंह ने घर के बंटवारे को लेकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे अवधेश कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने हालत बिगड़ने पर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान अवधेश की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर झूला युवक

- सीओ व पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी गई। सूचना पर सीओ मोहम्मदाबाद ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगला रामकिशन पखना बिहार निवासी 30 वर्षीय राजन पुत्र सूरज सिंह ने रविवार को गांव के देवेन्द्र के आम के बाग में खड़े पेड़ पर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहां से गुजरे ग्रामीणों ने राजन का शव लटका देख इसकी जानकारी परिजनों को दी। जानकारी होने पर मां शीतला देवी, पत्नी रश्मि आदि परिजन घटना स्थल पर पहुंच गये और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों के अनुसार मृतक का विवाह 4 मई 2022 को टिलियन नगला ताजपुर निवासी कुंवरपाल की पुत्री रश्मि के साथ हुआ था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर घटना के संदर्भ में उच्चाधिकारियों को सूचना दी। मौके पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मक्के की रखवाली करने गया युवक लापता

### मां ने पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत पर मक्के की रखवाली करने गये युवक के घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। युवक की मां ने पुत्र के गायब होने की तहरीर पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मिलकिया पहाड़पुर निवासी वीरमति देवी पत्नी स्वर्गीय श्रीकृष्णा ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बीती रात उनका 30 वर्षीय पुत्र ओंकार खेत पर मक्का की रखवाली करने गया था। सुबह जब पुत्र वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिन्ता हुई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की तथा नाते रिश्तेदारियों में भी पता किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़िता ने बताया कि ओंकार के 5 बच्चे है। वहीं पुलिस ने पीड़ित को जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## मायके आयी नवविवाहिता को सर्प ने डसा, मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मायके आयी नवविवाहिता को जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक झाड़फूंक का क्रम चल रहा था।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नगला हीरा सिंह निवासी हरनाथ सिंह राजपूत की 20 वर्षीय पुत्री शिखा का 1 वर्ष पूर्व विवाह जनपद एटा के थाना जैथरा के गांव फर्दपुरा में हुआ था। बीते दिनों ही शिखा अपने मायके आयी थी। रविवार को जहरीले सर्प ने शिखा को डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मृतका के ससुरालियों को दी गई। मौके पर पहुंचे ससुराली व मायके पक्ष के लोग उपचार के लिए एक निजी चिकित्सक के यहां ले गये। समाचार लिखे जाने तक झाड़फूंक करने का क्रम चल रहा था।

# जहरीला पदार्थ तालाब में डालकर मछलियां मारने का आरोप



तालाब के किनारे पड़ीं मछलियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात पट्टे के तालाब में पल रही मछली को दबंगों ने पानी में जहरीला पदार्थ डालकर मार डाला। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी।

थाना क्षेत्र के गांव बछलैया निवासी महेश चंद्र कश्यप पुत्र मनु लाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उन्होंने गांव में एक तालाब का पट्टा करवाया था। जिसमें वह 10 वर्षो से काबिज हैं। तालाब में उसने मछली पालन किया है। बीती रात गांव के दबंग सतीश कुमार पुत्र मनुलाल ने पानी में जहरीला पदार्थ डाल दिया। जिससे सारी मछलियां मर गई। जब सुबह पीड़ित पहुंचा तो मछलिया पानी में उतरा रही थी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# खबरें चलते-चलते

## बकरी को मार डालने की तहरीर पुलिस को

**नवाबगंज (सं.)।** बकरी खुलकर अचानक पड़ोसी के घर में घुस गई तो पड़ोसी ने उसे उठाकर पटक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के पुराना गनीपुर निवासी सर्वेश पुत्र सूबेदार राठौर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनके घर के बाहर उनकी बकरी बंधी हुई थी। बकरी किसी तरह खुलकर पड़ोसी रंजीत कुमार के घर चली गई। जिस रंजीत कुमार आग बबूला हो गया और गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित ने गाली-गलौज का विरोध किया तो दबंग ने बकरी को पटक दिया। जिससे बकरी की मौत हो गई। पीड़ित ने रंजीत व उसक पत्नी के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर पत्थर मारकर किया घायल



**कंपिल (सं.(।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक ने महिला के पत्थर मारकर घायल कर दिया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर थाने ले आयी। महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह रविवार की बीती रात अपने बच्चों के साथ छत पर सो रही थी, तभी गांव का निवासी एक युवक दीवार के सहारे छत पर चढ़ आया और महिला को दबोच लिया तथा छेड़छाड़ कर दी। महिला के विरोध करने पर युवक ने पैर में पत्थर मारकर घायल कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आरोपित युवक मौके से फरार हो गया। महिला ने मामले की सूचना 112 न पुलिस को दी। पुलिस युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आयी। रविवार सुबह महिला ने स्वजनों के साथ थाने पहुंच तहरीर दी। पुलिस ने महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। पुलिस ने आरोपित युवक विनोद का शांतिभंग में चालान कर दिया।

## लड़की भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज



**कमालगंज (सं.)।** लड़की भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के गांव नारायणपुर गढ़िया के मजरा मोहन नगला निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि रविवार सुबह 19 वर्षीय पुत्र को महमदपुर अचला निवासी फैसल पुत्र राशिद बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## सुरक्षा के मद्देनजर एएसपी ने किया फ्लेगमार्च



**कायमगंज (सं.)।** सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने मातहतों के साथ नगर के मुख्य मार्गों पर फ्लेगमार्च किया व सभी से शांति बनाये रखने की अपील की। प्रदेश में भी हुई कुछ संवेदनशील घटनाओं नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत व निकट भविष्य में आने वाले ईद के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए फ्लेगमार्च किया गया व पैदल गश्त काया गया। उनके साथ में कोतवाली कायमगंज की पुलिस मौजूद रही। जगह-जगह पर पुलिस तैनात कर दी गयी है।

# भागवत कथा: कृष्ण जन्म होते ही नन्द के घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की के गूंजे स्वर



श्रीमद् भागवत कथा सुनाते आचार्य संदीप कृष्ण शास्त्री



कथा का रसपान करते भक्तगण

- यजमान संजय गुप्ता बन्टू ने श्रीमद् भागवत कथा की देखी व्यवस्था

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन मदारवाड़ी स्थित बंटू गुप्ता बीजा वाले के निवास पर चल रही कथा में मथुरा वृन्दावन से पधारे आचार्य संदीप कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। आचार्य संदीप कृष्ण शास्त्री ने अपने मुखारबिन्दु से भगवत प्रेमियों को कथा सुनाते हुए कहा कि जिस समय कंस अपनी बहन देवकी को रथ में बैठालकर ले जा रहा था, उसी समय आकाशवाणी हुई कि तू जिस बहन को ले जा रहा है इसके आठवें पुत्र के द्वारा तुम्हारा वध होगा। यह सुनकर कंस घबरा गया और उसने अपनी बहन देवकी और बहनोई वसुदेव को कारागार में बेड़ियां लगाकर डाल दिया, तभी सातवें पुत्र के रुप में शेषावतार बलदाऊ का जन्म हुआ। जैसे ही श्रीकृष्ण का जन्म हुआ एकदम दिव्य दृष्टि हुई और वसुदेव और देवकी की बेड़ियां खुल गयीं और पहरेदार सो गये, तभी वसुदेव ने अपने पुत्र श्रीकृष्ण को कंस से बचाने के लिए सूप में रखकर श्रीकृष्ण को जमुना पार करते हुए घनघोर वारिस में चल दिये। जैसे-जैसे वारिश बढ़ी, उसी समय बाढ़ सी आ गयी और यमुना ने भगवान श्रीकृष्ण के पैर छुए और तुरंत अपने को शांत किय, तभी वसुदेव नन्दबाबा के यहां गोकुल पहुंचे। वहां चौबे ब्राह्मणों द्वारा नन्द बाबा के यहां संतान प्राप्ति के लिए हवन पूजन चल रहा था। ब्राह्मणों के आशीर्वाद से नन्दबाबा के यहां सन्तान होने का वरदान मिला था। आधी रात को वसुदेव अपने पुत्र को नन्दबाबा के यहां छोड़ आये। वहां से कन्या लाकर वापस मथुरा आ गये। जैसे ही बालिका की रोने की आवाज आयी, तो पहरेदारों ने इसकी सूचना कंस तक पहुंचायी। जैसे ही कंस ने बालिका को मारने की कोशिश की, तभी वह आकाश में चली गयी और आकाशवाणी हुई कि तुम्हें मारने वाला बृज में पैदा हो चुका है। उधर, नन्द बाबा के यहां बालक के जन्म को लेकर उत्सव चल रहा था। भक्तगण कह रहे थे कि हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल, नन्द के घर आनन्द भयौ, तभी समस्त देव ऋषि, राज ऋषि 18 हजार गोप ग्वाला आनन्द उत्सव में घंटा, घंड़ियाल, ताली बजाकर मंत्र मुग्ध हुए। माता यशोदा 16 श्रंगार करके कृष्ण को लेकर उत्सव में पहुंची और इस वातावरण को देखकर बूढ़े नन्दबाबा फूले नहीं समाये। उधर, अपने आठवें पुत्र को सुरक्षित पहुंचाकर वसुदेव व देवकी मन ही मन में प्रसन्न हुए। इस मौके पर उनके साथ आये आचार्य रामबली शास्त्री, राधेश्याम हिमांचल प्रदेश, सालिगराम, उदेश भार्गव शास्त्री ने आकर श्रीमद् भागवत कथा में सहयोग किया। कथा में सहयोगी मुख्य यजमान संजय गुप्ता बंटू, ओमवती गुप्ता, गीता गुप्ता, सरिता गुप्ता, पंकज गुप्ता के अलावा महेशचंद्र चौरसिया, रीतू चौरसिया, रश्मि चौरसिया, नकुज गुप्ता आदि भक्तगण मौजूद रहे। सभी ने श्रीमद् भागवत कथा ने कृष्ण जन्म की कथा सुनी और उनकी झांकी देखकर भक्तों ने नृत्य किया। पूरा वातावरण वृन्दामन मय हो गया। देर शाम आरती के साथ प्रसाद वितरण हुआ।

# एहि धनु पर ममता केहि हेतु, सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू



परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विशेष रिपोर्ट

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हिन्दू धर्म में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष अक्षय तृतीया के दिन मनाया जाता है। जब धरती पर बुराई फैली तो उसका संहार करने के लिए परशुराम ने भगवान विष्णु के छठे अंश के रुप में जन्म लिया।



राघव शुक्ला

भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर मंत्री राघव शुक्ला ने बताया कि भगवान परशुराम ने समस्त जगत का कल्याण व धरती पर वैदिक संस्कृतिक का प्रचार कर लोगों में आस्था जगायी थी। वे न्याय प्रिय थे। अन्याय को कभी उन्होंने सहन नहीं किया और उन्होंने 21 बार पृथ्वी से आताताइयों का संहार किया व भगवान शिव के अनंत भक्त थे। अक्षय तृतीया के दिन उनका अवतरण हुआ था।



शिवम दुबे

भाजपा नेता शिवम दुबे ने बताया कि महाभारत और विष्णू पुराण के अनुसार परशुरामजी का मूल नाम राम था, किन्तु भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया, भी से उनका परशुराम हो गया। वह अपने पिता व माता के आज्ञाकारी पुत्र थे। अपने पिता के कहने पर अपनी मां का सिर धड़ से अलग कर दिया और पिता से वरदान में अपनी मां का पुनः जीवन दान मांग लिया था।



सुनीता अग्निहोत्री

सुनीता अग्निहोत्री ने बताया कि भगवान परशुराम ने अत्रि की पत्नी अनुसूइया, अगस्त की पत्नी लोपा मुद्रा व अपने प्रिय शिष्य अकृतवण के सहयोग से विराट नारी जागृति अभियान का संचालन भी किया था। वे पुरुषों के लिए आजीवन एक पत्नीव्रत के पक्षधर थे। उन्होंने बुराईयों का पृथ्वी से अंत किया।

प्रस्तुति, संवाददाता
लक्ष्मीकांत भारद्वाज-9839390810

# स्थानीय निकाय चुनाव के नामांकन आज से, तैयारियां पूर्ण

- कलेक्ट्रेट परिसर बनेगा छावनी, सिर्फ प्रत्याशी व प्रस्तावक ही कर सकेंगे नामांकन कक्ष में प्रवेश
- नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक



कलेक्ट्रेट में की गयी बेरीकेडिंग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय निकाय चुनावों में नामांकन प्रक्रिया सोमवार से शुरु हो रही है। इसके लिए जिला मुख्यालय पर भारी तैयारियां की गई है। कलेक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिंग की गई है। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, एसडीएम न्यायालय, नकबंदी न्यायालय, नगर मजिस्ट्रेट न्यायालय में बैरिकेडिंग की गई है।

नामांकन कक्ष के चोरों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है और नामांकन कक्ष में प्रत्याशी और प्रस्तावक ही प्रवेश कर सकेंगे। इस बार प्रस्तावक और प्रत्याशियों को बदले हुए रास्ते से प्रवेश करना होगा। इस रास्ते के दोनों तरफ टीन लगायी गई है। ताकि बैरिकेडिंग के बीच से कोई निकल न सके। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सारी तैयारी पर नजर बनाये रखी।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि 17 से लेकर 24 अप्रैल तक पूर्वांह 11 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्रों की खरीद व भरे हुए नामांकन जमा किये जा सकेगे। सोमवार को नामांकन का पहला दिन होगा। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 25 अप्रैल को होगी। 27 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे से लेकर 3 बजे तक नामांकन वापसी हो सकेगी। 28 अप्रैल को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेगे। 11 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। वहीं 13 अप्रैल को सुबह 8 बजे से मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि जिले में दो नगर पालिका व सात नगर पंचायतों में कुल 170 वार्ड है। 167 मतदान केंद्र व 483 मतदेय स्थल है। जिसमें कुल 399510 मतदाता मतदान करेंगे। इसके लिए 9 निर्वाचन अधिकारी व 10 सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किये गये है। सदस्य पद हेतु 20 निर्वाचन अधिकारी व 40 सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किये गये है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए पुलिस की 10 स्थाई निगरानी टीमें गठित की गई है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए 1 से 40 वार्ड की नगर पालिका के लिए 9 लाख रुपये व 1 से 55 वार्ड हेतु 12 लाख रुपये खर्च निर्धारित किया गया है। कुल मिलाकर बेरीकेडिंग का कार्य पूर्ण कर लिया है। सोमवार से नामंकन प्रक्रिया शुरु होगी।